
मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta


/jagrukjantanews

jagruk_janta

वैशाख, पक्ष - कृष्ण, तिथि - चतुर्थी, संवत 2079 | पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-8, अंक-8, 20 अप्रैल - 26 अप्रैल, 2022 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## किसकी नजर लग गई हमारे त्योहारों को!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**हमारे** देश की संस्कृति विभिन्न रंगों में रंगी हुई है। इसमें ऊत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूर्व से लेकर पश्चिम तक वर्ष पर्यन्त तीज-त्योहार आते ही रहते हैं। जिससे यह देश एक सुगंधित और विभिन्न प्रकार के फूलों से सजा हुआ गुलदस्ता नजर आता है। हिन्दू, (सिख, बौद्ध, जैन) मुस्लिम, ईसाई और भी कितने ही सम्प्रदाय पंथ और विभिन्न धर्म गुरुओं के बताए हुए उत्सवों की झड़ी लगी रहती है। जिसमें आम जनता हमेशा ही आनंद विभोर रहती है। हिन्दुओं के त्योहार, होली, दीपावली, रक्षा बंधन, मकर संक्रांति, नवरात्रि, दशहरा, गंगादशमी, हनुमान जयंती, राम नवमी, ओणम्, कृष्ण जन्माष्टमी, डोला एकादशी, इसी प्रकार जैन, बौद्ध, सिख और मुस्लिम धर्म के अनेक पर्व-त्योहारों को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। जिसमें भारत का आम नागरिक खुशी का अनुभव करता है। मगर पिछले कुछ समय से छोटे से लेकर बड़े त्योहारों पर पुलिस प्रशासन और आम आदमी के मस्तक पर सलवटें पड़ जाती है। सभी सोचने लगते हैं कि ये त्योंहार शांति पूर्वक कैसे सम्पन्न हो। अभी हाल ही में नव संवत्सर चैत्र नवरात्रों पर राजस्थान के करौली शहर में माहौल को खराब किया गया। कितनी ही दुकान और मकानों में तोड़-फोड़ कर आग लगा दी गई। दंगाईयों के हमलों में कई लोग गंभीर घायल हो गए। इसके बाद मध्य प्रदेश के खरगोन में भी ऐसा ही हुआ। जिसमें रामनवमी की शोभायात्रा पर दंगाईयों ने घरों की छतों से पत्थरबाजी की। शोभायात्रा में शामिल लोगों के साथ मारपीट की गई। पैट्रोल बमों को इस्तेमाल किया गया। एक सोलह वर्षीय युवक को तो पत्थरबाजी में घायल होने के बाद भी असामाजिक तत्वों ने इतना मारा कि उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जो अब जीवन और मौत के बीच झूल रहा है। हद तो तब हो गई जब देश की राजधानी दिल्ली के जहांगीरपुर में हनुमान जयंती पर निकली शोभायात्रा पर असामाजिक तत्वों की भीड़ ने तलवार लहराते हुए हमला कर दिया। दुकानों में तोड़फोड़ की, वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। आखिर इसके पीछे कौन है जो ऐसा कर रहा है। सरकार को चाहिए कि ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान कर कठोर कार्रवाई करे ताकि ऐसा दुबारा न कर सके।

shivdayalmishra@gmail.com

### गहलोत की बजट घोषणा उतरी धरातल पर

# किसानों का किया लगान माफ

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान की गहलोत सरकार ने किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। सीएम गहलोत ने अपनी मंशा के अनुरुप किसानों का बकाया लगान माफ कर दिया है। राजस्व विभाग ने आदेश जारी कर दिए है। किसानों की खातेदारी और गैर खातेदारी की सिंचित कृषि भूमि पर 2018-19 से पहले का बकाया लगान सरकार ने माफ कर दिया है। सरकार ने सभी जिलों में किसानों पर बकाया 2 करोड़ 93 लाख 95 हजार 969 रुपये का भू राजस्व माफ कर दिया है। सबसे ज्यादा लगान बूंदी के किसानों का 24 लाख 64 हजार 225 रुपये माफ हुआ। 13 जिलों में किसानों पर कोई लगान बाकी नहीं था।

#### मुख्य सचिव ने दिए थे निर्देश

**उल्लेखनीय** है कि सीएम गहलोत के निर्देश पर मुख्य सचिव ऊषा शर्मा ने हाल में सचिवालय में सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, सचिव और प्रमुख शासन सचिव के साथ बैठक बजट घोषणाओं को जमीनी धरातल पर उतारने का स्पष्ट निर्देश दिया था। मुख्य सचिव की सख्ती के बाद विभागों के प्रमुखों ने काम में तेजी लाना शुरू कर दिया है। आगामी दिनों में सीएम गहलोत की बजट घोषणाओं को जमीनी धरातल पर उतारा जाएगा, ताकि आमजन को योजनाओं का फायदा मिल सके।



#### बजट में सीएम गहलोत ने की थी घोषणा

**गहलोत** सरकार की ओर से 2018-19 का लगान बजट घोषणा में माफ कर दिया था लेकिन इससे पहले के बकाया लगान को लेकर कोई आदेश जारी नहीं किया था । मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 2022- 23 की बजट घोषणा में 2018-19 से पहले के बकाया लगान को माफ करने की घोषणा की थी। बजट घोषणा के बिंदु संख्या 63 की पालना में सरकार ने यह आदेश जारी किए हैं। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने सीएम गहलोत की बजट घोषणा को जमीनी धरातल पर उतार दिया है। सीएम गहलोत ने सभी विभागों के अफसरों को बजट घोषणाओं को जमीनी धरातल पर उतारने के निर्देश दिए थे।






Jagruk City
जागरूक जनता
www.jagrukjanta.net
जागरूक सिटी
02 जयपुर, बुधवार
20 अप्रैल - 26 अप्रैल 2022
Jagruk Janta
/jagrukjanta /jagrukjantanews jagruk_janta

## जागरूक खबरें

### प्रयाग गोयल बने लायंस क्लब विद्याधर नगर के अध्यक्ष



**जयपुर @ जागरूक जनता।** लायंस क्लब जयपुर विद्याधर नगर की बोर्ड मीटिंग मे सर्वसहमति से प्रयाग गोयल को सत्र 2022-23 के लिए अध्यक्ष चुना गया व मनीष गुप्ता सचिव व सुभाष गुप्ता कोषाध्यक्ष नियुक्त किये गए। क्लब के सभी सदस्यो नें नई टीम को बहुत बहुत बधाई दी उम्मीद की नयी कार्यकारणी सीघ्र घोषित करके सेवा कार्य के नये आयाम स्थापित करेंगे।

### रक्तदाताओं ने दिखाया जोश, हुआ 132 यूनिट रक्तदान



**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री नारायण मानव सेवा समिति द्वारा सांगानेर के जीवाराम गुरुद्वारे पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्त दाता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया संस्थापक/अध्यक्ष चंद्रमोहन चहेता ने बताया की कुल 132 यूनिट रक्तदान शिविर में हुआ। सभी रक्तदाताओ को उपहार एवं प्रशस्ति पत्र दिए गए शिविर के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश कुमावत समाजसेवी एवं उद्योगपति रहे विशिष्ट अतिथि सिंटू सिंह, विनय प्रताप सिंह भोपुर, महेश चंद सैनी, शंकर लाल मीणा रहे। इस मौके पर समिति के बबीता शर्मा, ललिता टांक, इंद्रा बंसल, धर्मेंद्र लोदिया, छोटू लाल कायत, कजोड़ मल, राजकुमार मिमरोट, रमेश चंद गोविंद सिंह नागर, राम सहाय कांटे वाले, बालकिशन अकोदिया, ओम प्रकाश शर्मा, कुलदीप शर्मा, युवराज योगी, राधा मोहन बेरवा, दशरथ कुमार, अशोक कुमार एवं समिति द्वारा संचालित युवा भारत आर्मी के सदस्य भी मौजूद रहे।

### वरिष्ठजन लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** दया दृष्टि फाउंडेशन द्वारा 101 वरिष्ठ जनों को उनके विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक योगदान की सराहना व नमन करते हुए उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भव्य समारोह आयोजित करके सम्मानित किया गया। इस पीढ़ी ने अपनी मेहनत, लगन,अनुभवों से आजादी के बाद के भारत को सिंचित किया है। फाउन्डेशन के संरक्षक गोपाल गुप्ता ने बताया कि कार्यकम की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष गोपाल सिंह शेखावत (ईडवा) ने की। इस फाउण्डेशन के संस्थापक अध्यक्ष पूनम खंगारोत, अलका जैन चौधरी व शिखा शर्मा ने पधारे हुए सभी सम्मानित व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम के इवेंट डायरेक्टर बसंत जैन, मंच संचालक शालिनी माथुर, प्रतिभा शर्मा एवं अक्षी जैन ने सुचारू व्यवस्थाओं हेतु EHCC अस्पताल प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया ।संस्था समाज के भिन्न भिन्न क्षेत्रों में सेवा के कार्यों को करने के लिए अग्रसर है।

### भारत विकास परिषद का दायित्व ग्रहण समारोह



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भारत विकास परिषद राजस्थान उत्तर-पूर्व प्रांत का दायित्व ग्रहण समारोह निर्माणाधीन रीजनल कार्यालय जयसिंह खोरा, अजमेर रोड पर सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन के बाद आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व ग्रहण करवाया गया। इसके बाद भामाशाह प्रदीप शर्मा भारत विकास परिषद अम्बाबाड़ी शाखा के अध्यक्ष एवं मुरलीपुरा शाखा के संरक्षक का साफा पहनाकर सम्मान किया गया तथा उन्हें एक प्रशस्ति पत्र भी भेंट किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रदीप शर्मा ने रीजनल शाखा के भवन निर्माण में 5 लाख की सहयोग राशि प्रदान की है। कार्यक्रम में शर्मा के साथ नगेन्द्र वशिष्ठ, शिवदयाल मिश्रा, बजरंग शर्मा, शकुंतला शर्मा एवं राजेश अग्रवाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आर. एस त्यागी (प्रांतीय अध्यक्ष), रणवीर सिंह त्यागी (प्रांतीय महासचिव), दुर्गादत्त शर्मा रीजन अध्यक्ष (उ.प.) ने परिषद का वर्ष 20-21 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। राजस्थान की 32 शाखाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने इस दायित्व ग्रहण समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**भामाशाह प्रदीप शर्मा का विशेष सम्मान**



## जयपुर नगर निगम ग्रेटर : निंदा प्रस्ताव को लेकर

# अफसर और नेता आमने-सामने

### आयुक्त के सपोर्ट में आज सभी कर्मचारी-अधिकारियों का कार्यबहिष्कार



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** एक साल के अंदर आज दूसरी बार ऐसा हुआ जब जयपुर नगर निगम ग्रेटर में जनप्रतिनिधियों व नौकरशाओं में अपने-अपने वर्चस्व को लेकर टकराव देखने को मिला है। कल हुई साधारण सभा की बैठक में आयुक्त यज्ञमित्र सिंह के खिलाफ लाया गया निंदा प्रस्ताव विवाद का सबसे बड़ा कारण बना है। आयुक्त के समर्थन में आज नगर निगम ग्रेटर के सभी कर्मचारी-अधिकारियों ने आज कार्य बहिष्कार करते हुए पेन डाउन हड़ताल कर दी और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। कर्मचारी ट्रेड यूनियन, सफाई कर्मचारियों की यूनियन ने आज जयपुर नगर निगम मुख्यालय पर इस विरोध किया और पार्षदों और मेयर के खिलाफ नारेबाजी की। नगर निगम में हुए इस पूरे घटनाक्रम के बाद सभी जोन ऑफिसों और मुख्यालय पर कम बंद हो गया। जनता छोटे-मोटे काम जैसे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, मैरिज रजिस्ट्रेशन जैसे काम के लिए भटकते रहे।

### एक साल में ये दूसरा घटनाक्रम


**लोकतंत्र** में व्यवस्थापिका और कार्यपालिका में टकराव अभी तक देखने को नहीं मिला है। नगर निगम के इतिहास में भी पहली बार इस कार्यकाल में ऐसा हुआ है, जब अधिकारी-कर्मचारियों ने एकजुट होकर जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मोर्चा खोला हो। मौजूदा बोर्ड के कार्यकाल को अभी 2 साल भी पूरे नहीं हुए और ऐसा टकराव दो बार देखने को मिल गया। इससे पहले पिछले साल 4 जून को नगर निगम ग्रेटर में ही महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और आयुक्त यज्ञमित्र सिंह के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद नगर निगम के सभी कर्मचारी-अधिकारी जनप्रतिनिधियों के विरोध में उतर गए थे और धरने पर बैठ गए थे।

### विरोध को देख बैठक स्थगित

**सोमवार** को हुए विवाद के बाद मेयर सौम्या गुर्जर ने साधारण सभा को मंगलवार को भी जारी रखने का फैसला लेते हुए सुबह 10 बजे बैठक बुलाई थी। अधिकारियों और कर्मचारियों के नहीं होने, बैठक की व्यवस्था नहीं होते देख मेयर ने मंगलवार सुबह बैठक को स्थगित करने का निर्णय किया है। क्योंकि बैठक कक्ष में सारी व्यवस्था अधिकारियों-कर्मचारियों के जिम्मे है, जो विरोध में मंगलवार को आधे दिन का काम बंद करके विरोध कर रहे थे।

### सोनी ने संभाली जयपुर नगर निगम ग्रेटर की कमान

**विवाद पर बोले- मैं पूर्वाग्रह से वशीभूत होकर कुछ नहीं करूंगा, जो घटनाक्रम हुआ उनको देखूंगा और फिर निस्तारण करूंगा**



**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर नगर निगम में चल रहे विवादों के बीच यज्ञमित्र सिंह आयुक्त पद से रिलिव होकर चले गए। उनकी जगह आईएएस अधिकारी महेन्द्र सोनी ने आयुक्त का पदभार संभाला। सोनी के पदभार संभालने के साथ ही उनके सामने विवादों को दूर करना सबसे बड़ी चुनौती आ गई। निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के संगठन ने पार्षदों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 24 घंटे के अंदर उन्होंने माफी नहीं मांगी तो वे कार्य बहिष्कार कर देंगे। आयुक्त पद संभालने के बाद मीडिया से बात करते हुए सोनी ने कहा कि ये गंभीर मुद्दा है और इसका सीधा असर जनता पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसी कारणों से ये घटनाक्रम हुआ उनको मैं देखूंगा। उन्होंने साफ कहा कि वे पूर्वाग्रह से वशीभूत कुछ नहीं करेंगे, पहले चीजे को उनकी गुणवत्ता और मैरिटे के अनुरूप देखेंगे और उसका निस्तारण करेंगे, ताकि जनता को फायदा होगा।

## स्वराशि मीन में गुरू आने से विवाह बाधाएं दूर होंगी

# जमकर गूंजेगी शहनाई

### दिसंबर तक 54 सावे

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कोरोना गाइडलाइंस की पाबंदियां हटने के बाद राजस्थान में शादियों का बड़ा सीजन आया है। प्रदेश में इस साल अप्रैल 2022 से दिसम्बर तक शादियों के शुभ मुहूर्त की भरमार है। इस बार अप्रैल, मई, जून, जुलाई, नवम्बर और दिसम्बर 6 महीनों में 54 सावे आए हैं। ज्योषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि 3 मई को अक्षयतृतीया यानी आखातीज का स्वयंसिद्ध अभिजीत और अबूझ मुहूर्त है। 4 नवम्बर 2022 को देवउठनी एकादशी का स्वयंसिद्ध अभिजीत मुहूर्त रहेगा। इन दिनों में बिना किसी पंचांग और मुहूर्त के शादी होती हैं। इनके साथ ही अप्रैल से दिसम्बर तक कुल 54 विवाह के बड़े मुहूर्त हैं। विवाह के लिए सूर्य,चन्द्रमा और ब्रहस्पति तीनों के श्रेष्ठ स्थान पर पाए जाने पर मुहूर्त निकाला जाता है। जोकि इस बार काफी ज्यादा तिथियों को पड़ रहा है। सालों बाद कई ऐसे मुहूर्त आए हैं कि जिन लड़के-लड़कियों की शादियां रुकी हुई थीं। अब उनकी भी शादियां हो सकेंगी। अप्रैल महीने में गुरु का राशि परिवर्तन हुआ है। अब गुरू स्वराशि मीन में आ रहा है। जिस कन्या को चौथी, 8वीं और 12वीं गुरु वर्ण पूजा की जरूरत हो, तब भी बिना पूजा किए उनकी शादी की जा सकती है। यह समय उन कन्याओं के लिए सबसे अच्छा है जिनकी शादी गुरु की स्थिति के कारण कारण रुकी हुई हैं।



### 10 जुलाई से 24 नवम्बर तक हिन्दू वैदिक रीतियों से शादियों पर रोक

साल 2022 में 3 महीनों- अगस्त, सितम्बर और अक्टूबर में चातुर्मास होने के कारण शादियों के कोई भी शुभ मुहूर्त नहीं होंगे। इन महीनों को छोड़कर बाकी सभी महीनों में शादियों और मांग्लिक कार्यों के शुभ मुहूर्त रहेंगे। 9 जुलाई के बाद 4 महीनों के लिए हिन्दू वैदिक रीति की शादियां बंद हो जाएंगी। देव उठनी एकादशी से शुरू होने वाली शादी इस बार नहीं हो सकेंगी। 4 नवंबर को देवउठनी एकादशी है। लेकिन शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण 24 नवम्बर तक शादियां नहीं हो सकेंगी। 25 नवम्बर को फिर से शादियां शुरू होंगी।

### 6 माह में 54 सावे

**अप्रैल 2022:** कुल 11 दिन सावे हैं। 14, 15, 16, 17, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 27 तारीख को शादी का शुभ मुहूर्त हैं।
**मई 2022:** कुल 15 दिन सावे हैं। 2, 3, 9, 10, 11, 12, 15, 17, 18, 19, 20, 21, 26, 27 और 31 तारीख को शादी के मुहूर्त हैं।
**जून 2022:** कुल 12 दिन सावे रहेंगे। 1, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 13, 17, 23 और 24 तारीख का दिन जून में शादियों के लिए श्रेष्ठ है।
**जुलाई 2022:** कुल 5 दिन शादियों के सावे रहेंगे। 4, 6, 7, 8 और 9 तारीख को जुलाई में शादी के शुभ मुहूर्त आ रहे हैं।
**नवंबर 2022:** कुल 4 सावे हैं। 25, 26, 28 और 29 तारीख को शादियां होंगी।
**दिसम्बर 2022:** साल के आखिरी महीने दिसम्बर में 7 दिन सावे रहेंगे। 1, 2, 4, 7, 8, 9 और 14 दिसम्बर को शहनाईयां बजेंगी।

### शनि अमावस्या के दिन रहेगा सूर्य ग्रहण, लेकिन नहीं रहेगा सूतक काल



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** साल 2022 का पहला आंशिक सूर्य ग्रहण 30 अप्रेल को लगेगा। हिंदू पंचांग के अनुसार, 30 अप्रेल को वैशाख मास की अमावस्या तिथि है। यह अमावस्या शनिवार के दिन पड़ने के कारण शनिचरी अमावस्या का योग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि सूर्य ग्रहण की दृश्यता के अनुसार ही सूतक काल का निर्धारण किया जाता है। अगर भारत में कोई ग्रहण नजर आता है तो सूतक काल अवश्य मान्य होता है। ज्योतिषियों के अनुसार 30 अप्रेल और 1 मई की मध्य रात्रि में हो रहा ग्रहण दक्षिण अमेरिका, दक्षिण प्रशांत महासागर आदि जगहों पर दिखाई देगा। भारत के किसी भी क्षेत्र में यह सूर्य ग्रहण नहीं दिखेगा। इस दौरान कोई सूतक नहीं रहेगा। 30 अप्रेल की रात भारतीय समयानुसार ग्रहण रात में 12.15 बजे शुरू होगा। इस ग्रहण का मोक्ष 1 मई की सुबह 4.07 बजे होगा।

### एक्सपेरिमेंटल जैज़ कॉन्सर्ट 'नूनाटक' परफॉर्मेंस 24 को



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बॉनजोर इंडिया फेस्टिवल के एक भाग के रूप में जवाहर कला केंद्रे में 24 अप्रेल को अलेक्जेंड्रे हरेर द्वारा नूनाटक जैज कॉन्सर्ट का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जेकेके के सहयोग से किया जा रहा है। इस कॉन्सर्ट में प्रोग्रेसिव जैज़ पियानोवादक अलेक्जेंड्रे हेरर और उनका बैंड यहां प्रस्तुति देगा। कार्यक्रम जेकेके के मध्यवर्ती में शाम 7 बजे से आयोजित होगा। इसका आयोजन फ्रांस के दूतावास इंस्टीट्यूट ऑफ फ्रांस इन इंडिया और एलायंस फ्रांसेज़ नेटवक की ओर सेएक पहल के रूप में किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है। कॉन्सर्ट में फ्रेंच जैज़ बैंड की तिकड़ी के साथ राजस्थानी कलाकारों की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण होगी। दर्शकों को गीत और नृत्य की फ्यूजन कोरियोग्राफी देखने को मिलेगी जो उन्होंने पहले कभी नहीं देखी होगी।

## एक लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह बनाए जाएं-मुख्य सचिव

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने संबंधित विभागों को एक लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को बनाने के निर्देश दिए। शर्मा मंगलवार को सचिवालय स्थित कक्ष में ग्रामीण विकास हेतु ग्रुप ऑफ सेक्रेट्रीज समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं। मुख्य सचिव ने एनयूएलएम व महिला अधिकारिता के स्वयं सहायता समूहों को राजीविका के अंतर्गत लेने वाले प्रकरण की समीक्षा करते हुए महिला अधिकारिता और स्वायत्त शासन विभाग को निर्देश दिए कि बजट घोषणा की अनुपालना में 30 अप्रैल तक स्वयं सहायता समूहों को राजीविका से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि एक लाख स्वयं सहायता समूह बनाने व जोड़ने के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य करें।




ANCHOR | मंडी में आम की आवक शुरू

# आमजन से अभी दूर है 'आम'

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शहर में आम की बिक्री अभी कम है। जयपुर में इन दिनों रिटेल भाव में आम के दाम 150 रुपए किलो से 180 रुपए किलो हैं जबकि कुछ दिनों पहले दाम दौ सौ रुपए किलो था। ऐसे में आम खाने के शौकीन महंगे दामों में ही इसे खरीद रहे हैं, लेकिन मध्यम वर्ग के लोग अभी आम की कीमतों के कम होने का इंतजार कर रहे हैं। फल विक्रेताओं का कहना है कि अभी सफेदा आम की आवक हो रही है जो खाने में खटटा मीठा होता है लेकिन आम आदमी पसंद दशहरी आम होता है जिसकी आवक एक माह बाद होगी। सफेदा आम अभी हैदराबाद से आ रहा है। यूपी और हिमाचल से भी आम की आवक होगी। एक तरफ सब्जियों में नींबू के भाव आसमान पर है वहीं सब्जियों में इन दिनों आम के दाम अभी कम होने का कोई आसार नहीं है। फलों की आवक हुई कम, तो बढ गए फलों के दामइधर, गर्मी तेज होने के साथ ही रस वाले फलों की मांग बढ़ने और आवक कम होने से इनके दाम भी अचानक से बढ़ गए हैं। फल मंडी में संतरा, अंगूर, अनार की आवक कम होने से इनके दाम पहले से ज्यादा हो गए हैं।

कृषि उपज मंडी में फल विक्रेता जय खुराडिया ने बताया कि अभी सफेदा आम की आवक हो रही है। आम कम मात्रा में आ रहा है। एक माह बाद दशहरी आम की आवक होगी। उन्होंने बताया कि अंगूर इन दिनों जाने वाले हैं और संतरा पीछे से कम आ रहा है। अनार की आवक भी कम है। इसलिए इनके दाम बढ़ गए हैं। केला व चीकू गर्मी में खराब हो जाते हैं इसलिए दाम कम है।



**फलों के दाम**
- आम - 160 से 180 रुपए किलोअंगूर 80
- अनार 80 से 100पपीता 25 से 30
- खरबूज 25 से 30तरबूज 25 से 30
- केला 20 से 25चीकू 50 से 60
- संतरा 80 रुपए किलो
- किवी 100 से 125 चार पीस।

# 'गुजरात मॉडल' पर चुनाव लड़ेगी बीजेपी

### बिना चेहरे के माइक्रो मैनेजमेंट से चुनाव जीतने का होगा प्रयोग, पन्ना प्रमुख दिलाएंगे वोट



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 बीजेपी गुजरात मॉडल की तर्ज पर लड़ेगी। इसमें बिना किसी चेहरे के माइक्रो मैनेजमेंट से चुनाव जीतने की स्ट्रेटेजी अपनाई जाएगी। यह प्रयोग गुजरात के अलावा हाल ही में हुए उत्तरप्रदेश चुनाव में भी कामयाब रहा है। खास बात यह है कि वोटों के माइक्रो मैनेजमेंट की सबसे बड़ी जिम्मेदारी पार्टी के 'पन्ना प्रमुख' पर रहेगी। यह पन्ना प्रमुख केन्द्रीय मंत्री,पार्टी प्रदेशाध्यक्ष,नेता प्रतिपक्ष,उप नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य से लेकर विधायक, मोर्चों, प्रकोष्ठों, प्रकल्पों के पदाधिकारियों से लेकर बूथ लेवल कार्यकर्ताओं तक सभी रहेंगे। राजस्थान में बीजेपी के 52 हजार बूथों पर लगभग 11 लाख पन्ना प्रमुखों की नियुक्तियां की जा रही हैं। जो जल्द पूरी हो जाएंगी। चुनाव में इन कार्यकर्ताओं की बड़ी फौज पार्टी को वोट दिलाएगी। हर पन्ना प्रमुख को 60 वोटर्स की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। दिलचस्प बात यह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी को बूथों की संख्या के लिहाज से औसत 3.42 वोट से कांग्रेस से पिछड़कर सत्ता खोनी पड़ी थी।

#### 52 हजार बूथ,11 लाख पन्ना प्रमुख नियुक्त होंगे

राजस्थान में बीजेपी पन्ना प्रमुख अभियान के प्रदेश संयोजक श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि राजस्थान में पिछले काफी समय से बीजेपी की ओर से सशक्त मंडल अभियान चल रहा है। जिसमें सक्रिय बूथ समितियां बनाई जा चुकी हैं। 22 से 25 मार्च के दौरान सभी जिलों में शक्ति केन्द्र संयोजकों के सम्मेलन भी हुए हैं। बूथ मजबूत करने के लिए 26 मार्च से पूरे राजस्थान में एक साथ 'पन्ना प्रमुख' नियुक्ति का अभियान चल रहा है। जिसमें 52 हजार से ज्यादा बूथों पर 11 लाख पन्ना प्रमुख नियुक्त किए जाएंगे। जिस तरह गुजरात में भी पन्ना प्रमुख बनाए गए और उसके कारण वहां बीजेपी को लगातार विधानसभा चुनाव में जीत मिल रही है। केन्द्रीय गृहमंत्री और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह भी वहां एक पन्ने के प्रमुख हैं। उसी तर्ज पर राजस्थान में भी छोटे से छोटे बूथ कार्यकर्ता से लेकर बड़े से बड़े पदाधिकारी को पन्ना प्रमुख बनाने का अभियान चल रहा है। ताकि हर व्यक्ति तक पार्टी का कार्यकर्ता पहुंच सके। राजस्थान में एक बार कांग्रेस, एक बार बीजेपी की सत्ता का चलन खत्म कर अजेय बीजेपी बनाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

#### हर पन्ना प्रमुख पर 60 वोटों की रहेगी जिम्मेदारी

**श्रवण** सिंह बगड़ी ने बताया कि एक पन्ने में आगे-पीछे 30-30 वोटर्स मिलाकर कुल 60 नाम शामिल होते हैं। एक पन्ना प्रमुख को 60 वोटों से सम्पर्क और कन्वेंस करके पोलिंग बूथ तक पहुंचाने का काम करना होगा। इससे आने वाले चुनाव में बीजेपी का कमल खिलेगा। बीजेपी का ऐसा मानना है।

# मुख्यमंत्री ने स्व. काशीराम बिश्नोई को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को जोधपुर जिले के तिलवासनी स्थित पूर्व जिला परिषद सदस्य स्व. काशीराम बिश्नोई के निवास जाकर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गहलोत शोकाकुल परिजनों से भी मिले और उन्हें ढ़ाढ़स बंधाया। मुख्यमंत्री के साथ इस दौरान पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र सोलंकी, राजस्थान बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल, जोधपुर नगर निगम (उत्तर) की महापौर कुंती देवड़ा परिहार, लूणी विधायक महेन्द्र विश्नोई, लोहावट विधायक किशनाराम, बिलाड़ा विधायक हीरालाल एवं अन्य जन प्रतिनिधियों ने भी स्व. काशीराम विश्नोई को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 1 मई से पात्र परिवारों को जन आधार से ही मिलेगा गेहूँ

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर जिले में 1 मई से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत समस्त पात्र व्यक्तियों को जन आधार कार्ड के माध्यम से ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लाभ उचित मूल्य की दूकान से राजस्थान जन आधार योजना के अन्तर्गत राशन वितरण पंजिका अथवा परिवार पहचान संख्या प्रस्तुत करने पर ही प्राप्त किये जा सकेंगे। जिला कलक्टर राजन विशाल ने बताया कि बजट घोषणा 2020-21 में आमजन को लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के समस्त लाभ जन आधार कार्ड के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने की घोषणा की गई थी। उक्त घोषणा के क्रियान्वयन में जयपुर जिले के पात्र परिवारों को 1 मई से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लाभ, उचित मूल्य की दूकान से राजस्थान में, जन आधार कार्ड के माध्यम से राशन वितरण पंजिका अथवा परिवार पहचान संख्या प्रस्तुत करने पर प्राप्त किये जा सकेंगे।

## अधीनस्थ बोर्ड करेगा ग्रेड थर्ड टीचर्स की भर्ती

**सरकार ने 46,500 पदों पर भर्ती के लिए कर्मचारी चयन बोर्ड को बनाया नोडल एजेंसी**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में 46,500 ग्रेड थर्ड टीचर्स की भर्ती के लिए सरकार ने आज नोडल एजेंसी का चयन किया है। पंचायतों राज के अधीन होने वाली इस भर्ती की प्रक्रिया को अधिनस्थ बोर्ड (कर्मचारी चयन बोर्ड) करवाएगा। रीट भर्ती परीक्षा 2022 का परिणाम घोषित होने के बाद उसमें सफल रहने वाले अभ्यर्थियों के लिए इस परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। स्कूल शिक्षा एवं पुस्तकालय विभाग, पंचायत राज की ओर से जारी आदेशों के मुताबिक अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा के लिए भर्ती एजेंसी कर्मचारी चयन बोर्ड को नियुक्त किया है। सरकार ने ग्रेड थर्ड के 46,500 पदों पर भर्ती के लिए पहले चरण की रीट परीक्षा इसी साल 23 व 24 जुलाई को आयोजित करेगी।

# आमजन को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा के लिए सरकार संकल्पबद्ध-मीणा




**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। इसी कड़ी में ट्रोमा सेंटर के पास एसएमएस सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक का निर्माण किया गया है, जहां निजी अस्पतालों से भी बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मीणा ने मंगलवार को एसएमएस के सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के निरीक्षण के दौरान यह बात कही। उन्होंने सभी मंजिलों पर जाकर मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा आमजन को उच्च स्तरीय व गुणवत्ता युक्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सात मंजिला यह ब्लॉक जरूरतमंद मरीजों के लिए संजीवनी का काम करेगा। मीणा को बताया गया कि प्रदेश के सबसे बड़े सवाई मानसिंह अस्पताल में पेट संबंधी सभी बीमारियों का इलाज सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के भवन में एक ही छत के नीचे मिल सकेगा। नए ब्लॉक में चार विभागों को शिफ्ट किया जाएगा। ये सभी विभाग पेट संबंधी बीमारियों से जुड़े हैं, जिसमें नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, गेस्ट्रो इंट्रोलॉजी और एक नया विभाग हिप्टो पेनक्रिएटो बिलेरी सर्जरी शामिल है। स्वास्थ्य मंत्री को बताया गया कि ब्लॉक में मरीजों को भर्ती कर इसका ट्रायल रन शुरू कर दिया गया है। यहां गाल ब्लेडर, किडनी, यूरिन, पेनक्रियाज, पथरी सहित पेट से संबंधित बीमारियों का इलाज हो सकेगा। ब्लॉक में लिवर ट्रांसप्लांट से लेकर अत्याधुनिक आइसीयू की सुविधा मरीजों के लिए उपलब्ध हो सकेगी। ओपीडी से लेकर इमरजेंसी और ओटी तक की सुविधा इसी ब्लॉक में मिल सकेगी। 320 बेड वाले इस सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में 50 आइसीयू, 6 मॉडयूलर आपरेशन थिएटर, एमआरआइ मशीन, 7 एंडोस्कोपी मशीन, 45 डायलिसिस टेबल और मरीजों के परिजनों के लिए वेटिंग रुम भी है।

निरीक्षण के दौरान सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर भंडारी, अधीक्षक डॉ. विनय मल्होत्रा, डॉ. शिवम प्रियदर्शा व अन्य चिकित्सक व अधिकारीगण उपस्थित रहे।









सीखने की बात

अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...

- अज्ञात

## न्याय पर बोझ

त्वरित न्याय ही वास्तविक न्याय होता है और त्वरित न्याय के लिए पूरे संसाधन और पर्याप्त न्यायाधीश भी होने चाहिए। अतः अपने देश के प्रधान न्यायाधीश का यह इशारा स्वाभाविक और स्वागतयोग्य है कि न्यायपालिका पर बहुत बोझ है और पर्याप्त संख्या में अदालतें होंगी, तो ही न्याय संभव है। बीते वर्ष से ही देश की सर्वोच्च अदालत में सुनवाइयों के दौरान ट्रिब्यूनल में रिक्त पदों का मुद्दा उठता रहा है। शीर्ष अदालत की नाराजगी भी सामने आती रही है। यह अपने आप में गंभीर बात है कि देश के प्रधान न्यायाधीश न्यायपालिका में कमी को लेकर एकाधिक बार अपनी राय रख चुके हैं। प्रधान न्यायाधीश ने तेलंगाना स्टेट ज्युडिशियल कॉन्फ्रेंस 2022 को संबोधित करते हुए कहा कि 'न्यायपालिका का बुनियादी ढांचा और रिक्त पदों पर भर्तियां चिंता का मुख्य विषय हैं। न्याय तक पहुंच तभी संभव है, जब हमें पर्याप्त संख्या में अदालतें मिलेंगी।' यह अपने आप में बेहद संवेदनशील विषय है कि न्यायपालिका में नियुक्तियों में देरी हो रही है। सरकार को देखना चाहिए कि बाधा कहां है? अदालतों ने पहले भी न्यायपालिका के विस्तार का पक्ष लिया है, लेकिन प्रशासन बहुत सजग नहीं दिखता। भारतीय न्यायपालिका पर जो बोझ है, वैसा दुनिया की किसी न्यायपालिका पर नहीं है। अभी भी मामलों को न्याय तक पहुंचने में तीस-चालीस साल भी लग जा रहे हैं। पुराने मुकदमों का निपटारा जल्दी नहीं हो रहा है और नए मुकदमे बढ़ते जा रहे हैं। यह बात अलग है कि कई मुकदमे प्रशासन की कमियों की वजह से हैं। खासकर गैर-फौजदारी मामलों में बहुत कमी आ सकती है, लेकिन प्रशासन का काम करने का तरीका निचले स्तर पर अपेक्षित गति से सुधर नहीं रहा। अदालतों के कागजी कामकाज का विस्तार भी लगातार हो रहा है, अतः न्याय में देरी ज्यादातर मामलों में एक सच्चाई है। न्याय में देरी से कुछ लोगों को फायदा होता है, लेकिन कुल मिलाकर शासन-प्रशासन की छवि खराब होती है। आम लोगों की नजर में न्याय या अन्याय अंततः सरकार की जिम्मेदारी है। फिर भी कोई भी राजनीतिक दल त्वरित न्याय को लेकर चिंतित नहीं दिखता। किसी के भी घोषणापत्र में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की कोई रूपरेखा नहीं होती है। ऐसे में, हमारे न्यायाधीशों की शिकायत जायज है। क्या हमारी राजनीतिक पार्टियां लोगों को त्वरित न्याय का वादा नहीं कर सकती हैं? क्या यह लोकहित का मामला नहीं है? आज न्यायपालिका का विस्तार जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है उसमें समय के साथ आंतरिक सुधार। एक अनुमान के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय में साल भर में 200 दिन भी सुनवाई नहीं होती है। उच्च न्यायालयों में करीब 210 दिन और निचली अदालतों में करीब 245 दिन ही काम होता है। सर्वोच्च न्यायालय में करीब 73,000 मामले और भारत की सभी अदालतों में लगभग 4.40 करोड़ मामले लंबित हैं। मुकदमों की संख्या में हर साल बढ़ोतरी हो रही है। नीति आयोग के एक रणनीति पत्र के मुताबिक, अदालतों को तमाम दर्ज मामले सुलझाने में अभी के हिसाब से करीब 324 साल से अधिक समय लग जाएगा। हजारों मामले तीस-तीस साल से लंबित हैं। अतः न्यायपालिका के बोझ को हल्का करने और उसे त्वरित न्याय की दिशा में प्रेरित करने के भगीरथ प्रयासों की जरूरत है। त्वरित न्याय समाज में सुख-शांति और कानून के राज के लिए भी जरूरी है।

## सम्पादकीय

### साजिश पर नजर

माहौल ऐसा बनता दिख रहा है, मानो कुछ पश्चिमी देश भारत पर भी शिकंजा कसना चाहते हैं, क्योंकि भारत रूस की खुलकर आलोचना नहीं कर रहा है। यह सूचना अगर सोची-समझी अफवाह भी है, तब भी हमारे लिए चिंता की बात है कि जर्मनी यूक्रेन पर हमले को लेकर रूस के खिलाफ न बोलने पर भारत को जी-7 की बैठक से दूर रखने पर विचार कर रहा है। भारत को पूरी गंभीरता से ऐसी सूचनाओं या कूटनीतिक साजिशों पर नजर रखनी चाहिए। अमेरिका सहित पश्चिम के कुछ देश किसी न किसी बहाने भारत को रूस के खिलाफ खड़ा करने के लिए दुष्प्रेरित कर रहे हैं। ऐसी ही कोशिश अमेरिका ने भी की है और जर्मनी के चंद कूटनीतिज्ञों के दिमाग में भी ऐसा कुछ चल रहा है, तो चौंकना नहीं चाहिए। दरअसल, जर्मनी 26 से 28 जून तक ग्रुप-7 देशों की बैठक की मेजबानी करने वाला है और भागीदारों की सूची में भारत का भी नाम है। क्या जर्मनी इस सूची को अब संशोधित करेगा? क्या वह भारत के खिलाफ जाएगा? क्या उसके पास भारत के खिलाफ जाने का पुख्ता आधार है? ध्यान देने की बात है कि भारत को कठघरे में खड़ा करने के लिए ऐसा ही पुख्ता आधार अमेरिका को खोजने से भी नहीं मिल रहा है।

वैसे लगे हाथ और समय रहते जर्मनी से यह सूचना भी सामने आ गई है कि भारतीय प्रधानमंत्री को न बुलाने की कोई योजना नहीं है। दरअसल, आगामी तमाम अंतरराष्ट्रीय बैठकों को चंद यूरोपीय देश रूस के खिलाफ इस्तेमाल करने वाले हैं। अतः अगर वह भारत को ऐसी बैठकों में शामिल न करने की रणनीति अपनाएं, तो सावधान रहना चाहिए। भारत को किसी भी रूप में किनारे किए जाने या नजरंदाज करने की साजिश को नाकाम करते चलना होगा और यह काम भारतीय विदेश मंत्रालय बेहतर ढंग से कर भी रहा है। हमारे अपने हित हैं और हम किसी भी विदेशी ताकत या गठजोड़ के सामने झुक नहीं रहे हैं, तो यह हमारी मजबूती का प्रमाण है। हम न पहले रूस की साम्राज्यवादी कोशिशों के साथ थे और न हमने यूक्रेन के सत्ता प्रतिष्ठान से युद्ध या हमले के समय समर्थन देने का कोई वादा किया था। बड़े अफसोस की बात है, यूक्रेन के राष्ट्रपति खुलकर जिन देशों की आलोचना कर रहे हैं, वही देश भारत पर अपनी खीज निकाल रहे हैं। रूस को रोकने के लिए अभी भी यूरोपीय देश कई कदम उठा सकते हैं, लेकिन उन्हें अपने निहित स्वार्थ की ज्यादा चिंता है। वे अपनी जरूरतों से समझौता नहीं कर सकते, लेकिन भारत पर समझौते के लिए दबाव डाल रहे हैं।

यह बहुत दुख और शर्म की बात है, तीसरे विश्व युद्ध का खतरा दहलीज पर खड़ा दिख रहा है, लेकिन अनेक पश्चिमी देश आज भी न्यायपूर्ण ढंग से नहीं सोच पा रहे हैं। आतंकवाद, अशिक्षा, स्वास्थ्य या गरीबी के मोर्चे पर भी इन देशों का रुख पक्षपातपूर्ण रहा है। इनके नियम-कायदे अपने लिए कुछ होते हैं और दूसरी या तीसरी दुनिया के लिए कुछ और। अमेरिका का ही अगर ताजा उदाहरण लें, तो सिखों पर वहां रह-रहकर हमले हो रहे हैं, लेकिन अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत में मानवाधिकार पर चिंता का इजहार कर दिया। भारत कतई युद्ध के पक्ष में नहीं है, यह बात वह हर मंच पर पूरी

**ग्राम सभा के सदस्यों, पंचों, जन-प्रतिनिधियों (विधायिका के सदस्यों) से भी समान सक्रियता की उम्मीद रहेगी। गांवों के विकास-कार्य किसी एक शख्स के भरोसे संभव नहीं। इसमें सभी की मदद की दरकार होगी। इसी तरह, हमें डीपीएमयू, यानी जिला परियोजना प्रबंधन इकाई को भी मजबूत बनाना होगा, क्योंकि इस अभियान के तहत होने वाले काम-काज की निगरानी का जिम्मा इसी पर है।**

# गांवों में शहरों जैसे अवसर पैदा करने की कवायद



अरविंद कुमार
कुलपति/ कृषि विशेषज्ञ
@jagrukjanta.net

**केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय गांवों को सशक्त बनाने वाले राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान को न सिर्फ 2025-26 तक बढ़ाने की अनुमति दी है, बल्कि इस पर 5,911 करोड़ रुपये खर्च करने की बात भी कही है।**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय गांवों को सशक्त बनाने वाले राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान को न सिर्फ 2025-26 तक बढ़ाने की अनुमति दी है, बल्कि इस पर 5,911 करोड़ रुपये खर्च करने की बात भी कही है। चूंकि यह केंद्र प्रायोजित योजना है, इसलिए इस खर्च में 3,700 करोड़ रुपये केंद्र वहन करेगा, जबकि 2,211 करोड़ रुपये जुटाने की जिम्मेदारी राज्यों की होगी। माना जा रहा है, इससे पंचायतों को प्रोत्साहन मिलेगा और वे अधिक प्रभावी रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगी।



उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान को पहली बार साल 2018 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूर किया था। तब इसे 2022-23 तक चलाने की बात कही गई थी। मगर अब ग्रामीण निकायों को मजबूत बनाने में इसकी उपयोगिता को देखते हुए इसे आगे बढ़ाने का फैसला किया गया है। इस अभियान का मुख्य मकसद लोगों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना और शासन के स्तर को सुधारना है, ताकि संयुक्त राष्ट्र द्वारा तय 17 टिकाऊ विकास लक्ष्य हासिल किए जा सकें। इन विकास लक्ष्यों में शामिल हैं, गरीबी उन्मूलन, बेहतर सार्वजनिक स्वास्थ्य, उचित पोषण, अच्छी शिक्षा, साफ-सफाई, स्वच्छ जल की उपलब्धता आदि। राज्य सरकारों की मदद से केंद्र इन लक्ष्यों को संसाधनों के अधिकतम इस्तेमाल से हासिल करना चाहता है। ये ऐसे लक्ष्य हैं, जो गांवों के सशक्तीकरण और ग्रामीण आबादी को आजीविका उपलब्ध कराने के लिए भी जरूरी हैं।

इस अभियान के तहत उन योजनाओं की पड़ताल भी की जाती है, जो पिछले कुछ वर्षों में वंचित तबकों की बेहतरी के लिए शुरू की गई हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सौभाग्य, उजाला योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और मिशन इंद्रधनुष जैसी योजनाओं के बारे में फीडबैक लेने और इनको लागू करने में मदद करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के कंधों पर ही है। अच्छी बात है कि साल 2020 में ई-ग्राम स्वराज पोर्टल लॉन्च किया गया और ई-ग्राम स्वराज एप भी जारी किए गए। चूंकि अब पंचायतों में होने वाले विकास-कार्यों की जानकारी इंटरनेट पर उपलब्ध रहने लगी है, इसलिए ग्रामीण स्तर पर काम-काज में काफी पारदर्शिता आई है। लाभार्थियों के अनुकूल वेब पोर्टल विकसित किए जाने से सरकारी योजनाओं के प्रति उनकी समझ भी बेहतर बनी है। ऐसे में, यह उचित था कि देश भर की तकरीबन 2.7 लाख पंचायतों को कुशल बनाने के लिए इस अभियान की मीयाद बढ़ाई जाती। दिवंगत राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम कहा करते थे, प्रोवाइडिंग अर्बन ऑपर्च्युनिटी इन रूरल एरिया। यानी, ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों जैसे अवसर पैदा करना।

हालांकि, किसी योजना की सफलता इस पर निर्भर करती है कि उसे कितनी ईमानदारी से जमीन पर उतारा जाता है। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत बेशक 117 लक्षित जिलों की पंचायती राज व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही गई है, लेकिन इसकी कुछ चुनौतियों से जल्द पार पाना आवश्यक है। सबसे बड़ी मुश्किल तो हर गांवों में तेज इंटरनेट की पहुंच सुनिश्चित करना और अभियान से जुड़े लोगों को 'कंप्यूटर-फ्रेंडली' बनाना है। चूंकि इस अभियान का डिजिटलीकरण कर दिया गया है, इसलिए उन गांवों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, जहां के सरपंच अब भी कंप्यूटर से ज्यादा परिचित नहीं है। सरकार का यह कहना सही है कि डिजिटलीकरण से कामकाज में कहीं ज्यादा पारदर्शिता आती है और जियो-टैगिंग संबंधी प्रावधानों से पंचायतों में होने वाले विकास-कार्यों की निगरानी हो जाती है, लेकिन जब तक पंचायती व्यवस्था के अहम किरदारों को इंटरनेट इस्तेमाल का बेहतर प्रशिक्षण नहीं दिया जाएगा, तब तक कामकाज में पारदर्शिता संबंधी सरकार की मंशा पूरी नहीं हो सकेगी। संभव हो, तो शुरुआत में स्थानीय युवाओं को इस काम में जोड़ा जा सकता है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन भी हो सकेगा।

इसके अलावा, ग्राम सभा के सदस्यों, पंचों, जन-प्रतिनिधियों (विधायिका के सदस्यों) से भी समान सक्रियता की उम्मीद रहेगी। गांवों के विकास-कार्य किसी एक शख्स के भरोसे संभव नहीं। इसमें सभी की मदद की दरकार होगी। इसी तरह, हमें डीपीएमयू, यानी जिला परियोजना प्रबंधन इकाई को भी मजबूत बनाना होगा, क्योंकि इस अभियान के तहत होने वाले काम-काज की निगरानी का जिम्मा इसी पर है। जाहिर है, यह योजना न सिर्फ निचली इकाइयों को उन्नत बनाने में मददगार है, बल्कि 'सबका साथ, सबका गांव, सबका विकास' को साकार भी कर सकती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## ओपिनियन

# पर्यावरण की मुश्किल बढ़ाते कचरे के ढेर



अमित बैजनाथ गर्ग
पत्रकार
@jagrukjanta.net

देश में जारी तमाम समस्याओं के बीच कचरे के पहाड़ नया संकट बनकर सामने आ रहे हैं। एक स्टडी के मुताबिक, देश में हर साल 277 अरब किलो कचरा निकलता है यानी प्रति व्यक्ति करीब 205 किलो कचरा। इसमें से 70 प्रतिशत ही इकट्ठा किया जाता है, बाकी जमीन और पानी में फैला रहता है। वहीं कुल कचरे के सिर्फ पांचवें हिस्से की रिसाइक्लिंग हो पाती है। देश से निकलने वाला कचरा दो तरह का है, इंडस्ट्रियल और म्युनिसिपल। इंडस्ट्रियल कचरे के निपटान की जिम्मेदारी उद्योगों पर ही है। वहीं म्युनिसिपल कचरे की जिम्मेदारी स्थानीय सरकारों की है। उन्हें शहरी इलाकों को साफ रखना होता है। हालांकि ज्यादातर म्युनिसिपल अथॉरिटी कचरे को इकट्ठा तो करती हैं, लेकिन फिर उसे आबादी के आस-पास ही किसी डंपिंग ग्राउंड में फेंक देती हैं।


देश के दो सबसे बड़े महानगर दिल्ली और मुंबई कचरे के पहाड़ बनाने के मामले में सबसे आगे हैं। दिल्ली का गाजीपुर और मुंबई का मुलुंड डंपिंग ग्राउंड ऐसे इलाके हैं, जहां कचरे के ऊंचे-ऊंचे पहाड़ बन चुके हैं। इसके चलते आस-पास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। खुले में फेंके गए कचरे में भारी मात्रा में निकल, जिंक, आर्सेनिक, कांच, क्रोमियम और अन्य जहरीली धातुएं होती हैं, जो पर्यावरण और लोगों के लिए गंभीर खतरों की वजह बनती हैं। देश सालभर में जितनी जहरीली मीथेन गैस का उत्सर्जन करता है, उसमें से 20 प्रतिशत सिर्फ इन कचरे के ढेरों से निकलती है। दिल्ली जैसे शहरों से कितना कचरा निकलता है, इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि यूपी के कई जिलों में ऐसी यूनिट हैं, जिनमें दिल्ली से लाकर कचरा रिसाइकिल होता है। इस काम से जुड़े लोगों का कहना है कि रिसाइक्लिंग से बहुत कम मुनाफा होता है, इसीलिए सभी कामगारों के लिए सेफ्टी किट का इंतजाम करना महंगा पड़ता है। उन्होंने बताया कि वे ज्यादातर प्लास्टिक कचरा दिल्ली से मंगाते हैं, जिसे कानपुर में रिसाइकिल किया जाता है। इधर, सरकारें भी अब कचरे के निपटान के लिए प्राइवेट सेक्टर से मदद ले रही हैं, जो अच्छी बात है। इससे कचरे के पहाड़ और ऊंचे नहीं होंगे। विश्व बैंक के अनुमान के मुताबिक, साल 2030 तक भारत में हर साल निकलने वाला कचरा बढ़कर 388 अरब किलो हो जाने का अनुमान है। कुछ जानकार कहते हैं कि भारत में कचरे को ऊर्जा के स्रोत के तौर पर भी देखा जाना चाहिए, ताकि इससे डरने की बजाय इसका प्रयोग वैज्ञानिक प्रक्रिया से बिजली आदि बनाने में किया जा सके। भारी मात्रा में कचरे के रिसाइकिल न हो पाने और इसे खुले में फेंके जाने की वजह मिला-जुला कचरा भी होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि असल समस्या कचरा नहीं, बल्कि मिक्स कचरा है। मसलन, ऐसा कचरा जिसमें सब्जियों-फलों के छिलके, कागज, प्लास्टिक, धातुएं, शीशा और इलेक्ट्रिक कूड़ा मिला हुआ हो। ऐसे कूड़े का निपटान बहुत मुश्किल होता है। अगर यह कूड़ा अलग-अलग हो तो इसका निपटान सरकारी और निजी दोनों ही चैनल से किया जा सकता है। कहा जा रहा है कि अब इलेक्ट्रॉनिक और प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन के लिए सरकार उद्योगों की भी जिम्मेदारी तय कर रही है। आने वाले समय में सोलर पैनल, बैटरी चलित गाड़ियों, मोबाइल और लैपटॉप का जो भारी ई-कचरा बढ़ने वाला है, उसके निपटान की जिम्मेदारी इन वस्तुओं का उत्पादन करने वाली कंपनियों की ही होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि कचरे का प्रबंधन हमारे घरों से ही शुरू हो जाता है। सबसे पहले लोगों को अलग-अलग कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखने के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए, जिससे इसकी रिसाइक्लिंग आसान हो सके। हालांकि देश में लोगों को ऑर्गेनिक, प्लास्टिक और धातु के कचरे को तीन-चार अलग-अलग डस्टबिन में रखने के लिए तैयार करना अभी मुश्किल है। उन्हें अभी गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के बारे में जागरुक किया जा रहा है। लैंड फिल माइनिंग और बायोसेल डवलपमेंट दो कारगर वैज्ञानिक तरीके हैं, जिनसे कचरे के पहाड़ों को कम किया जा सकता है। लैंड फिल माइनिंग में कचरे की खुदाई कर उसे अलग-अलग कर लिया जाता है यानी प्लास्टिक अलग, धातुएं अलग, कागज अलग और शीशा अलग। इसके बाद उन्हें वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में भेज दिया जाता है, जहां अलग-अलग चीजों को उनके लिए निर्धारित अलग-अलग रिसाइकिल प्रक्रिया से गुजारा जाता है। वहीं बायोसेल डवलपमेंट में अलग-अलग एंजाइम का प्रयोग कर कचरे को गलाकर खत्म किया जाता है। असल में कचरे के ढेरों को खत्म करने के लिए सरकारी प्रयास नाकाफी हैं। इसके लिए आम आदमी को भी आगे आना होगा और उसे कचरे के प्रबंधन के गुर सीखने होंगे। अगर ऐसा नहीं किया गया तो ये कचरे के पहाड़ और ऊंचे होते जाएंगे और मानव जीवन मुश्किल में पड़ता जाएगा।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



ज्ञान का मार्ग कृपाण की धार के समान है। इस मार्ग में गिरते देर नहीं लगती। जो इस मार्ग को निर्विघ्न निबाह ले जाता है। वह मोक्ष रूप परम पद को पाता है। वेद पुराण संत आदि सब कहते हैं परमपद दुर्गम है किन्तु वहीं परमपद भगवान की भक्ति से सहज ही प्राप्त हो जाता है। भक्ति सुन्दर चिन्तामणि है। यह जिसके हृदय में बसती है, वह दिन-रात अपने आप ही परम प्रकाश रूप रहता है। उसको दीपक, घी और बत्ती कुछ भी नहीं चाहिए। मणि का एक तो स्वाभाविक प्रकाश रहता है, फिर मोह रूपी दरिद्रता समीप नहीं आती, क्योंकि मणि स्वयं धन रूप है और तीसरे लोभरूपी हवा उस मणिमय दीप को बुझा नहीं सकती, क्योंकि मणि स्वयं प्रकाश रूप है। वह किसी दूसरे की सहायता से प्रकाश नहीं करती। उसके प्रकाश से अविद्या का प्रबल अंधकार मिट जाता है। मद आदि पतंगों का सारा समूह हार जाता है, जिसके हृदय में भक्ति बसती है, काम, क्रोध और लोभ आदि दुष्ट तो उसके पास भी नहीं जाते। उसके लिए विष अमृत के समान और शत्रु मित्र हो जाता है। उस मणि के बिना कोई सुख नहीं पाता। बड़े-बड़े मानस रोग- मोह, काम, क्रोध, लोभ, विषयों के मनोरथ, ममता, ईर्ष्या, हर्ष, विषाद, पराये सुख को देखकर जलना, दुष्टता, मन की कुटिलता, अहंकार, दम्भ, कपट, मद, मान, तृष्णा, पुत्र, धन और मान की प्रबल इच्छा, मत्सर, अविवेक आदि जिनके वश होकर सब जीव दुखी हो रहे हैं, उसको नहीं व्यापते। भक्ति रूपी मणि जिसके हृदय में बसती है उसे स्वप्न में भी लेश मात्र दुःख नहीं होता। **क्रमशः**

## जागरूक Selfie विद डॉटर



# धरती, सेहत और भविष्य के लिए मिलकर पहल की दरकार



पूनम के सिंह
क्षेत्रीय निदेशक, डब्ल्यूएचओ
@jagrukjanta.net

कोविड-19 महामारी ने उस तंत्रों की विषमता उजागर कर दी है, जिनमें दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के ही नहीं, दुनिया भर के लोग गुजर-बसर करते हैं। विश्व की 90 फीसदी से अधिक आबादी दूषित हवा में सांस लेती है, जिससे हर साल तकरीबन 70 लाख लोगों की जान जाती है। दक्षिण-पूर्व एशिया में भी 24 लाख लोगों की मौत इससे होती है। हमारी खाद्य प्रणालियां भी स्वास्थ्य के लिहाज से असुरक्षित हैं, जिस कारण लाखों लोगों की अकाल मृत्यु होती है। ये खाद्य प्रणालियां जलवायु संकट और रोगाणुरोधी प्रतिरोध (रोगाणुओं का एंटीबायोटिक्स के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता हासिल कर लेना) बढ़ाने का काम भी करती हैं।

साल 2020 में दुनिया में हर चार में से एक व्यक्ति के घर पर सुरक्षित पानी का अभाव था, और अल्प-विकसित देशों में 50 फीसदी स्वास्थ्य केंद्रों पर ही स्वच्छ पानी की बुनियादी सुविधा थी। गंदा पानी पीने से गंभीर जलजनित रोग हो सकते हैं और आर्सेनिक जैसे जहरीले रसायन हमारे शरीर में पहुंच सकते हैं। स्वास्थ्य केंद्रों पर पानी, साफ-सफाई और स्वच्छता के अभाव के कारण स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित होती हैं, जिसका विशेषकर महिलाओं व लड़कियों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हर साल 1.3 करोड़ से अधिक मौतें उन पर्यावरणीय कारणों से होती हैं, जिनको टाला जा सकता है। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 महामारी ने न सिर्फ मौजूदा राजनीतिक, सामाजिक व वाणिज्यिक फैसलों की असमान प्रकृति को बेपरदा कर दिया है, बल्कि इसने यह भी बता दिया है कि यदि निर्णय लेने की प्रक्रि या पारदर्शी, साक्ष्य आधारित और समावेशी हो, तो लोग उन साहसिक और दूरगामी नीतियों का भी समर्थन करेंगे, जो उनकी सेहत, परिवार और आजीविका की रक्षा कर सके। इसने यह भी बताया है कि मौजूदा व आने वाली पीढ़ियों के लिए समान स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर हम कल्याणकारी समाज बना सकते हैं। ये प्राथमिकताएं हम दीर्घावधि के निवेश, कल्याणकारी बजट, सामाजिक सुरक्षा, कानूनी व आर्थिक रणनीतियों से हासिल कर सकते हैं। एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए, जिसमें सभी के लिए स्वच्छ हवा, पानी और भोजन उपलब्ध हो, हमें खासतौर से पांच प्राथमिकताओं पर काम करना चाहिए। यह ऐसा समाज बनाने के लिए भी आवश्यक है, जिसमें आर्थिक नीतियां शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दें, जहां शहर रहने योग्य हों और लोगों की सेहत बेहतर बने।

हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, मानव स्वास्थ्य के स्रोत, यानी प्रकृति की रक्षा व संरक्षण। ऐसी नीतियां चाहिए, जो वनों की कटाई को कम करने, वनीकरण को बढ़ावा देने और गहन व प्रदूषणकारी कृषि कार्यों को खत्म करने में मददगार हों, जो हमारी आबोहवा सुधार सकती हों, खाद्य प्रणालियों को मजबूत बना सकती हों और टिकाऊ कृषि व वन प्रबंधन को बढ़ावा दे सकती हों। दूसरी प्राथमिकता, स्वास्थ्य केंद्रों पर पानी व स्वच्छता से लेकर स्वच्छ ऊर्जा तक तमाम जरूरी सेवाओं में निवेश करने की है। बहुक्षेत्रीय जल सुरक्षा योजनाओं को लागू करके और स्वास्थ्य संबंधी नीतियों व योजनाओं में पानी, साफ-सफाई व स्वच्छता को शामिल करके तमाम देश स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कर सकते हैं। तीसरी प्राथमिकता, लोगों को तीव्र व स्वास्थ्यप्रद ऊर्जा की तरफ उन्मुख करना है। वायु प्रदूषण की एक बड़ी वजह जीवाश्म ईंधन हैं। ऐसे ईंधन जलवायु परिवर्तन को भी बढ़ाते हैं, जिससे साल 2030 और 2050 के बीच सालाना 2.5 लाख अतिरिक्त मौत होने की आशंका है। हमारे क्षेत्र के देशों ने बेशक अक्षय ऊर्जा के विस्तार में सराहनीय प्रयास किए हैं, लेकिन इसमें और तेजी लाने की दरकार है। चौथी प्राथमिकता है, स्वस्थ व टिकाऊ खाद्य प्रणालियों को प्रोत्साहित करना। भोजन के अभाव या बीमार करने व उच्च कैलोरी वाले आहार से गैर-संचारी रोग होने का खतरा बढ़ जाता है। इन बीमारियों से दक्षिण पूर्व एशिया में सालाना 92 लाख लोग मरते हैं। और पांचवीं प्राथमिकता है, स्वस्थ व रहने योग्य शहरों का निर्माण। साल 2021 में दक्षिण पूर्व एशिया के पांच शहरों का चयन विश्व स्वास्थ्य संगठन के 'अर्बन गवर्नेंस फॉर हेल्थ ऐंड वेल-बीइंग इनीशिएटिव' के लिए किया गया था, जिसका मकसद स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और स्वास्थ्यगत विषमताओं को दूर करने के लिए देशों की क्षमताएं बढ़ाना था। साफ है, यह निर्णय की घड़ी है। हमारे फैसले या तो पारिस्थितिक तंत्र को स्थाई नुकसान पहुंचा सकते हैं या फिर एक हरित दुनिया को साकार बना सकते हैं। जाहिर है, अपनी धरती, सेहत और भविष्य की रक्षा के लिए हमें अभी से मिलकर काम करना होगा।

***(ये लेखिका के अपने विचार हैं)***

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## पंचांग





ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री

साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 20/04/2022**

**सूर्योदय :** 05:54 **सूर्यास्त :** 18:50 **चन्द्रोदय :** 23:08 **चन्द्रास्त :** 08:20 **शक सम्वत :** 1944 सुभाकृतु **अमान्ता महीना :** चैत्र **पूर्णिमांत :** वैशाख **सूर्य राशि :** मेष **चन्द्र राशि :** वृश्चिक **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** चतुर्थी, 13:54 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1944 शुभकृत **विक्रम सम्वत :** 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत :** 2078 प्रमादी **द्रिक ऋतु :** वसन्त **वैदिक ऋतु :** वसन्त **द्रिक अयन :** उत्तरायण **वैदिक अयन :** उत्तरायण।

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** ज्येष्ठा, 23:36 तक
**योग :** वरीघा, 13:34 तक
**प्रथम करण :** बालवा, 13:54 तक
**द्वितिय करण :** कौवाला, 24:33 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| **ब्रह्म मुहूर्त** | 04:23 ए एम से |
| **प्रातः सन्ध्या** | 04:45 ए एम से |
| **अभिजित मुहूर्त** | कोई नहीं |
| **विजय मुहूर्त** | 02:30 पी एम से |
| **गोधूलि मुहूर्त** | 06:37 पी एम से |
| **सायाह्न सन्ध्या** | 06:50 पी एम से |
| **अमृत काल** | 03:36 पी एम से |
| **निशिता मुहूर्त** | 11:58 पी एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
नक्षत्र शूल : पूर्व में
होमाहुतिः मंगल

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05:53 - 07:30 | उद्वेग | 06:49 - 08:12 |
| अमृत | 07:30 - 09:07 | शुभ | 08:12 - 09:35 |
| काल काल वेला | 09:07 - 10:44 | अमृत | 09:35 - 10:58 |
| शुभ | 10:44 - 12:21 | चर | 10:58 - 12:21 |
| रोग वार वेला | 12:21 - 01:58 | रोग | 12:21 - 01:43 |
| उद्वेग | 01:58 - 03:35 | काल | 01:43 - 03:06 |
| चर | 03:35 - 05:12 | लाभ | 03:06 - 04:29 |
| लाभ | 05:12 - 06:49 | उद्वेग | 04:29 - 05:52 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज द्वादशी

**आज कौन सा कार्य करें**

द्वादशी : यात्रादि को छोड़कर सभी धार्मिक शुभ कार्य किये जा सकते हैं।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

वैशाख, कृष्ण, चतुर्थी, 2079 बुधवार, 20 अप्रैल - 26 अप्रैल, 2022

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
**भूले-बिसरे** साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**पूजा-पाठ** में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्?छा समय बीतेगा। विरोध होगा। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
**आवश्यक** वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**चोट** व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
**मेहनत** अधिक होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद होगा। जल्दबाजी में महत्वपूर्ण निर्णय न लें। परेशानी खड़ी हो सकती है।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
**डूबी** हुई रकम प्राप्त हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, ध्यान रखें।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
**किसी** प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ आनंदायक समय व्यतीत होगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**भेंट** व उपहार की प्राप्ति संभव है। किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**दूसरों** की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**घर-परिवार** के साथ आराम तथा मनोरंजन के साथ समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**किसी** वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**किसी** भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है। सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर


---

**जयपुर में सरकारी स्तर पर पहला 'पब्लिक हैल्थ कॉलेज'**

# आरयूएचएस तैयार करेगा पब्लिक हैल्थ एक्सपर्ट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में खुलने वाले पब्लिक हैल्थ कॉलेज खुलने की राह आसान हो गई है। सरकार ने पहले तो एनओसी जारी और अब भवन निर्माण के लिए 58.42 करोड़ रुपए और लैब टेक्नीशियन से लेकर प्रोफेसर के 69 पदों की स्वीकृति दी है। वर्ष 2022-23 में प्रथम चरण में राशि 4.30 करोड़ रुपए के आवश्यक उपकरण, छात्रों को लाने ले जाने के लिए बड़ी बस खरीदने की भी सहमति दे दी है। सत्र 2021-22 से मास्टर ऑफ पब्लिक हैल्थ (एमपीएच) कोर्स में 25 सीटों पर प्रवेश मिल सकेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट घोषणा 2021-22 में राज्य में पब्लिक हैल्थ केयर डिलिवरी सिस्टम को मजबूत बनाए रखने के लिए संभागीय स्तर पर पब्लिक हैल्थ कॉलेज खोले जाने की घोषणा की है। संस्थान में ऐसे कोर्स संचालित किए जाएंगे। जिसमें मेडिकल, डेंटल, इंजीनियरिंग वाले भी शामिल होकर हैल्थ में अपनी भूमिका निभा सकेंगे।



यह हैल्थ केयर सिस्टम को मजबूत करने, पॉलिसी और प्लानिंग में काफी मददगार साबित होगा। भवन के लिए जगह भी चिह्नित होने के बाद निर्माण शुरू होगा।
**- डॉ.सुधीर भंडारी,** कुलपति, आरयूएचएस

**स्वीकृत पद** प्रोफेसर 6, एसोसिएट प्रोफेसर 6, असिस्टेंट प्रोफेसर 6, जूनियर रेजिडेंट 12, मेडिकल सोश्यल वर्कर 6, जूनियर असिस्टेंट 6, क्लास-4 8, माइक्रोबायलोजिस्ट 2, पब्लिक हैल्थ नर्स 2, पब्लिक हैल्थ इंजीनियर 1, एंटोमोलोजिस्ट 1, केमिकल एनालिस्ट 1, सेनिटरी इंस्पेक्टर 3, असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर 1, स्टेनोग्राफर 1, लैब टेक्नीशियन 4, सीनियर लैब टेक्नीशियन 2

### किस पर कितना खर्च होगा

- **संस्थान का भवन:** 60 करोड़
- **रेजिडेंशियल एरिया व छात्रावास:** 30 करोड़
- **उपकरणों की खरीद:** 8.60 करोड़
- **एम्बुलेंस-अन्य वाहन:** 1.40 करोड़

### 16 करोड़ की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**आरयूएचएस** यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन के पीछे 8400 वर्ग मीटर में 16 करोड़ रुपए की लागत से स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य हो चुका है। जिसे विश्वविद्यालय में शिक्षण एवं प्रशिक्षण के साथ-साथ खेलकूद व शारीरिक दक्षता में भी विद्यार्थियों, शिक्षकों व अन्य स्टाफ की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सकेगा।

## स्वामी ने परिवहन एवं सड़क सुरक्षा आयुक्त पद का कार्यभार सम्भाला

**जयपुर @ जागरूक जनता।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी कन्हैया लाल स्वामी ने परिवहन एवं सड़क सुरक्षा आयुक्त पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण के बाद स्वामी ने अधिकारियों से परिचय करते हुए विभागीय कार्यप्रणाली पर चर्चा की। स्वामी ने कहा कि परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग राजस्व अर्जन के साथ-साथ आमजन से सीधे तौर पर जुड़ने वाला अहम विभाग है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि परिवहन सेवाएं आमजन को आसानी से और निर्बाध रूप से मिलें। उन्होंने कहा कि सुरक्षित] सुगम और सड़क दुर्घटना मुक्त परिवहन ही विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ मिलकर प्रयास किये जायेंगे।

## बेहतर समन्वय एवं जवाबदेही के साथ कार्य को अंजाम दें

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्व मंडल के नवनियुक्त रजिस्ट्रार महावीर प्रसाद ने मंडल के विभिन्न शाखा प्रभारियों की समीक्षा बैठक लेकर उनके दायित्व एवं मंडल की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत फीडबैक लिया। उन्होंने सभी शाखाओं से दायित्वों के बेहतरीन निर्वहन के लिए पूर्ण जवाबदेही के साथ कार्य करने की बात कही। उन्होंने मंडल में लंबित पत्रावलियों की पूर्ति के लिए अधीनस्थ अदालतों से सतत पत्र व्यवहार एवं संवाद कायम करने पर भी जोर दिया। साथ ही मंडल की विभिन्न शाखाओं के मध्य भी बेहतर समन्वय की बात कही।

# 'जन की बात, आयुक्त के साथ' आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के सामुदायिक रेडियो केंद्रों की पहल के तहत आयोजित कार्यक्रम 'जन की बात, आयुक्त के साथ' का आयोजन विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज के ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशेष योग्य जन आयोग के राज्य आयुक्त उमाशंकर शर्मा रहे। इसी के साथ राजस्थान के विभिन्न कम्युनिटी रेडियो स्टेशन के प्रतिनधि भी ऑनलाइन व ऑफलाइन रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जिनमें कमलवाणी कम्युनिटी रेडियो से डी.पी.सिंह, रेडियो सेल्फी से डॉ. संजय बियानी व आरजे मौली, रेडियो मधुबन से यशवंत पाटिल, रेडियो बनस्थली से डॉ. लोकेश शर्मा, सीकर रेडियो से डॉ. अमित माथुर, जालोर रेडियो से डॉ. सौरभ शर्मा, चेतना रेडियो से संजय आर्य सहित



राजस्थान के कई कम्युनिटी रेडियो के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर रेडियो बनस्थली के डॉ. लोकेश शर्मा ने कम्युनिटी रेडियो पर एक प्रेजेंटेशन दी। डॉ. डी.पी.सिंह ने कुछ प्रस्ताव व सुझाव मंत्री जी के सामने रखे। जिसमे कम्युनिटी रेडियो केंद्रों को डीपीआर से मान्यता प्रदान करवाने, सरकारी कार्यक्रमों की कवरेज के लिए कम्युनिटी रेडियो केंद्रों को अनुमति प्रदान करने और सरकार की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री जी द्वारा 'जन की बात, महानायक के साथ' कार्यक्रम के लिए अनुमति प्रदान करने की अनुशंसा की। इसी के साथ मंत्री उमाशंकर शर्मा ने रेडियो की महत्वता बताते हुए कहा कि रेडियो हमारी भावनाओं से जुड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी रेडियो केंद्रों के प्रतिनिधियों ने जो सुझाव दिए हैं, उन पर अमल करने का पूरा प्रयास किया जायेगा, ताकि कम्युनिटी रेडियो आम जन तक सरकार की बात पहुंचाने के अपने लक्ष्य में एक सशक्त माध्यम बन सके।


## जागरूक खबरें

### लायंस क्लब विद्याधर नगर द्वारा परिंडे वितरण किए गए



**जयपुर @ जागरूक जनता।** लायंस क्लब जयपुर विद्याधर नगर के द्वारा बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए आज बेजुबान पक्षियों के लिए 251 परिंडे लगाने व वितरण करने के कार्यकर्म का सुभारम्भ किया गया. क्लब अध्यक्ष पवन अग्रवाल नें बताया की क्लब सेवा के कई छेत्र मे अपनी गतिविधि करता आया हैं और उसी के अंतर्गत आज इस नेक कार्य की शुरुआत की गयी। कार्यकर्म मे पंकज, अजय, प्रयाग, मनीष, मोहित, सुभाष, विकाश, रीना पुलासरिया, मंजू गर्ग, रेखा अग्रवाल, निशा गोयल व निशा अग्रवाल उपस्थित रहे।

### हनुमान जन्मोत्सव के लिए वाहन रैली का आयोजन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में वाहन रैली का आयोजन किया। सन एंड मून, सीकर रोड पर विशाल सभा का आयोजन हुआ। प्रान्त संयोजक प्रेम सिंह राजावत ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के कारण समाज में उत्साह है । वाहन रैली सन एंड मून, सीकर रोड से शुरू होकर गणेश मंदिर, खिरणी फाटक तक निकाली गई। हिन्दू समाज के पुरुष और महिलाए भगवा झंडे लेकर भजनों पर नाचते हुए निकले । रैली को प्रारम्भ में संत विष्णु दास महाराज, बालदास महाराज, राजेन्द्र सदानंद महाराज, विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र मंत्री सुरेश उपाध्याय, प्रांत संगठन मंत्री राजाराम, सह संगठन मंत्री राधेश्याम, प्रान्त मंत्री अशोक डिडवानिया ने भगवा ध्वज दिखा कर रवाना किया। पूरी रैली में 5000 लोग दोपहिया और चौपहिया वाहनों पर थे। कार्यक्रम संयोजक हितेश सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और आग्रह किया कि जब भी ऐसे धार्मिक आयोजन हो तो समाज इसी प्रकार उत्साह से हिस्सा ले ।

### रावत पब्लिक स्कूल में हुआ नरसिंह हवन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** हवन, पूजा भारतीय समृद्ध परंपरा एवं संस्कृति को परिलक्षित करती है। रावत पब्लिक स्कूल ,प्रताप नगर में आयोजित हवन कार्यक्रम में विद्यालय के 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया एवम आध्यात्मिक वातावरण में विश्व शांति,समृद्धि की प्रार्थना की। नरसिह हवन का आयोजन अक्षय पात्र फाउंडेशन के सहयोग से हुआ। हवन के पूर्व विद्यार्थियों को हवन के महत्व के बारे बताया गया। हवन में सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। विद्यार्थियों ने सामूहिक मंत्रोचारण के आध्यात्मिक वातावरण में भाग लिया। विद्यार्थियों ने सामूहिक कीर्तन में भी भाग लिया। हवन में रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत एवम ग्रुप के निदेशक,बृजभूमि फाउंडेशन के स्टेट प्रेसिडेंट एवम अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सेक्रेटरी नरेंद्र सिंह रावत ने समस्त विद्यालय परिवार के साथ हिस्सा लिया। हवन के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारत की समृद्ध परंपरा से परिचित कराना था।

**गौड ब्राह्मण महासभा**

## यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार 21 अप्रैल को

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष विजय हरितवाल ने बताया कि गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के द्वारा दिनांक 21 अप्रैल 2022 को ब्राह्मणों युवकों का यज्ञोपवित संस्कार विद्याधर नगर सेक्टर 4 गौड़ ब्राह्मण समाज उपयोगी भवन जयपुर सुबह 8:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। महामंत्री रामस्वरूप जोशी ने बताया कि जनेऊ संस्कार के लिए 121 युवकों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है युवा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम में महामंडलेश्वर श्री श्री श्री जी महाराज के द्वारा दी जाएगी तथा कार्यक्रम में प्रोफेसर मोहन लाल शर्मा आचार्य के द्वारा शास्त्र विधि विधान से कार्यक्रम संपन्न करवाया जाएगा। जिसमें समाज के सभी मंत्री विधायक में सम्मिलित होकर बच्चों का आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

# 3 साल में 10वीं के 609 स्कूल 12वीं में अपग्रेड, नए सत्र में 3828 और होंगे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** राज्य के शिक्षा विभाग में हर साल 10वीं से 12वीं में स्कूल अपग्रेड किए जा रहे हैं। पिछले 3 सालों में प्रदेश के 609 माध्यमिक स्कूलों को उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत किया गया है। अगले साल 2022-23 में प्रदेश के 3828 स्कूलों को भी 12वीं में क्रमोन्नत करने के आदेश जारी हो चुके हैं। लेकिन इन स्कूलों में कंपलसरी सब्जेक्ट स्टूडेंट्स को लेक्चरर की जगह सैकंड ग्रेड टीचर ही पढ़ाएंगे। राज्य सरकार हर साल स्कूल तो क्रमोन्नत कर रही है, लेकिन अनिवार्य विषय हिंदी और अंग्रेजी के लेक्चरर के पद इन स्कूलों में स्वीकृत नहीं किए जा रहे हैं। जबकि दो साल बाद अनिवार्य विषय के व्याख्याताओं के पद सृजित करने का प्रावधान नियमों में है। बावजूद इसके 2013 के बाद क्रमोन्नत हुए 8 हजार उच्च माध्यमिक स्कूलों को अभी तक अनिवार्य विषयों के व्याख्याता नहीं मिले हैं।

### स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा नहीं

माशि में 2015 को लागू हुए स्टाफिंग पैटर्न की भी अभी तक समीक्षा नहीं की गई है। जबकि हर दो साल बाद समीक्षा का प्रावधान है।

### यह है नियम

- स्टाफिंग पैटर्न के बिंदु 5.4 के मुताबिक हर दो वर्ष बाद नामांकन के अनुसार समीक्षा का प्रावधान।
- स्टाफिंग पैटर्न बिंदु 6.2 के मुताबिक उच्च माध्यमिक स्कूलों में 11वीं व 12वीं कक्षा में 80 प्लस नामांकन होने पर अनिवार्य विषयों के व्याख्याता का पद सृजित करने का प्रावधान।

मापदंड पूरे करने वाले स्कूलों में अनिवार्य विषय के व्याख्याता के पद सृजित होने चाहिए। इस संबंध में कई बार विभाग को अवगत कराया जा चुका है।
**- बसंत कुमार ज्याणी,** प्रदेश प्रवक्ता, राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ, रेस्टा

माध्यमिक स्कूलों के नामांकन में भी बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान में माध्यमिक सेटअप के स्कूलों में 60 लाख विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। स्टाफिंग पैटर्न लागू करने के संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक को अवगत कराया गया है।
**- श्रवण पुरोहित,** प्रदेश मंत्री, शिक्षक संघ शेखावत

ANCHOR **विवादित बयान, वीडियो जारी**

# सीता का अपहरण कर रावण ने कोई बड़ा गुनाह नहीं किया- नेता प्रतिपक्ष कटारिया

**वल्लभनगर के पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर ने एक वीडियो शेयर कर बताया कि राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने बोहेड़ा के एक कार्यक्रम में फिर विवादित बयान दिया है।**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुर।** वल्लभनगर के पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर ने एक वीडियो शेयर कर बताया कि राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने बोहेड़ा के एक कार्यक्रम में फिर विवादित बयान दिया है। इस बयान में कटारिया ने कहा कि रावण ने सीता जी का अपहरण कर कोई बहुत बड़ा गुनाह नहीं किया क्योंकि उसने उन्हें छुआ तक नहीं। उन्होंने कहा कि कटारिया के अनुसार रावण बहुत सैद्धांतिक व्यक्ति था उसने कोई बहुत बड़ा जुर्म नहीं किया सीता जी का अपहरण तो एक आम बात थी अगर वह छूता या बलात्कार करता तो जुर्म होता। उनके अनुसार किसी की पत्नी का अपहरण कर लो पर छुओ मत तो कोई गुनाह नहीं होगा। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया का कहना है कि पूरा भाषण समझे बिना दो लाइन निकालना गलत है।

### कटारिया को श्रीलंका भेज देना चाहिए

**भींडर** ने कहा जब कटारिया यह कहते हैं कि रावण ने कोई गुनाह नहीं किया तो वे सम्पूर्ण रामायण को ही गलत साबित कर रहे हैं जबकि भगवान राम का अवतरण ही राक्षस रावण व उसकी प्रवर्तियों को समाप्त करने के लिए ही हुआ था। ऐसा लगता है कटारिया जी रावण के ही अनुयायी हैं तभी तो भगवान राम महाराणा प्रताप व हमारे इतिहास को कोसते रहते हैं। आदमी का बोलना ही उसका चरित्र और उसका बैकग्राउंड बताता है। अब हमें समझ में आने लगा है कि वे हिन्दू या मेवाड़ी नहीं हैं, वे श्रीलंका से आये हैं उन्हें वहीं भेज देना चाहिए ताकि अपने आदर्श पुरुष रावण से मिल सके। भींडर ने कहा कि यह मुद्दा ऐसा है जिस पर संघ भी विचार करेगा और भाजपा को भी विचार करना होगा। अभी दो दिन पहले ही भाजपा के बीएल संतोष ने सभी को हिदायत दी थी कि विवादित बयान कोई भी नहीं दे। उसी पर कटारिया जी ने उनको जवाब दिया है कि मेरे लिए अनुसाशन कुछ भी नहीं है।

### कलेक्टर को दिया ज्ञापन

वल्लभनगर के पूर्व विधायक रणधीर सिंह भींडर ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को उनके बयान पर फिर घेरा है। उन्होंने कहा कि कटारिया न हिंदू हैं, न मेवाड़ी है, ये तो श्रीलंका से आए हैं इन्हें वहीं भेज देना चाहिए। भींडर ने गुलाब चंद कटारिया के बयान के विरोधी उदयपुर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया और उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

### गहलोत बोले- पानी की कमी वाले राजस्थान की दूसरे राज्यों से तुलना गलत

# ईस्टर्न कैनाल DPR पर केंद्र की आपत्ति अव्यावहारिक

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर केन्द्र सरकार की आपत्ति को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अव्यावहारिक बताते हुए कहा है कि पानी की कमी वाले राजस्थान की दूसरे राज्यों से तुलना करना गलत है। मुख्यमंत्री गहलोत ने ERCP को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने ट्वीट कर कहा- केन्द्र सरकार की ओर से इस प्रोजेक्ट को लेकर लगाए जा रहे तकनीकी आरोप जटिल भौगोलिक परिस्थितियों वाले राजस्थान राज्य के लिए प्रैक्टिकल नहीं हैं। गहलोत ने कहा प्रोजेक्ट की DPR पिछली बीजेपी सरकार के वक्त में बनी थी, लेकिन अब राजनीतिक विरोध के कारण इस पर सवाल उठाकर राजस्थान के हित की परियोजना में देरी की जा रही है।

#### तकनीकि खामी के कारण प्रोजेक्ट लम्बित

**पिछले** दिनों केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि ईआरसीपी का सही प्रस्ताव केंद्र को नहीं भेजा है। तकनीकी खामी के कारण यह प्रोजेक्ट लंबित पड़ा है। एक अन्य बयान में ट्वीट करते हुए शेखावत ने गहलोत पर पलटवार करते हुए यह भी लिखा था कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना पर राजनीति करने के लक्ष्य से गहलोत सरकार के मंत्री और खुद मुख्यमंत्री का जो व्यवहार है, उसे किसी भी सूरत में सामान्य नहीं कहा जा सकता। आम जन की भावनाओं का इस्तेमाल कर, सिर्फ राजनीतिक फायदों के लिए मांग उठाने वाले ये याद रखें कि ये मोदी सरकार है। हम जो कहते हैं वो करते हैं। गजेन्द्र सिंह ने कहा था कि ईआरसीपी पर काम होगा और केंद्र सरकार उसे पूरा करने के लिए कटिबद्ध है, लेकिन राजस्थान की गहलोत सरकार को अपनी भूमिका निभानी पड़ेगी। अपनी नाकामी को छुपाने के लिए हर योजना पर राजनीति करने की आदत कांग्रेस को छोड़नी पड़ेगी, नहीं तो राजनीति उन्हें छोड़ देगी।

#### राष्ट्रीय परियोजना के मापदण्ड तय हैं

**बीजेपी** सांसद जसकौर मीणा ने दो दिन पहले बीजेपी मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि ईआरसीपी को लेकर राजस्थान सरकार कुछ नहीं कर सकती है। क्योंकि प्रदेश सरकार के पास पैसा नहीं है। मीणा ने कहा राजस्थान सरकार तो हमारे ऊपर कर्जा और छोड़कर जाएगी। राजस्थान के मुख्यमंत्री और सरकार को यह समझ में नहीं आता कि राष्ट्रीय परियोजना कैसे घोषित होती है। कम से कम 2 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई का पानी प्रतिवर्ष मिले, उस सम्पूर्ण क्षेत्र को पेयजल मिले और कम से कम 3 साल तक का पानी का स्टॉक उस क्षेत्र में राज्य के पास होना चाहिए। तब जाकर राष्ट्रीय परियोजना घोषित होती है। लेकिन राजस्थान सरकार के पास तो 6 महीने के पानी का स्टॉक बनाने की भी योजना नहीं है। राष्ट्रीय योजना कौनसी होगी और कौनसी नहीं होगी इसके मापदण्ड तय हैं। इन मापदण्डों के हिसाब से ही केन्द्र सरकार फैसला लेती है। सांसद जसकौर मीणा ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय नदियों को जोड़ने का जो प्रकल्प शुरू हुआ था। मोदी जी उसे दोबारा चालू करेंगे तभी जाकर हमारा यह काम होगा।

## लद्दाख में चीन ने हॉट स्प्रिंग में लगाए 3 मोबाइल टावर, भारतीय क्षेत्र में निगरानी का खतरा

**बीजिंग @ जागरूक जनता।** चीन ने एलओसी से सटे हॉट स्प्रिंग में 3 मोबाइल टावर लगाए हैं। लद्दाख के चुशुल क्षेत्र के पार्षद कोन्चोक स्तान्जिन ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा की है। कोन्चोक ने कहा कि चीन सीमा के पास मोबाइल टावर बना रहा है, यह भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है। चीन पहले ही भारत की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। चीन इन टावर का इस्तेमाल भारतीय क्षेत्र में निगरानी के लिए कर सकता है। कोन्चोक ने कहा कि चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। बीते दिनों चीन ने पैंगोंग झील पर पुल बनाया था और अब हॉट स्प्रिंग में तीन मोबाइल टावर लगाए हैं। चुशुल पार्षद ने कहा कि भारत-चीन सीमा से सटे भारत के उन गांव में 4जी की सुविधा नहीं है, जहां लोग रहते हैं।

### प्रदेश के सभी जेडीए/न्यास व आवासन मंडल में व्यवस्था लागू करने के निर्देश

# आम सूचना प्रकाशन का खर्च जेडीए-हाउसिंग बोर्ड देंगे, 25 हजार आवेदकों के बचेंगे 20 करोड़

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** जेडीए व हाउसिंग बोर्ड में लीज डीड, नाम हस्तांतरण, उप विभाजन, पुनर्गठन के साथ 90ए प्रकरण, लैंड यूज चेंज सहित अन्य कार्यों के लिए निकलने वाली आम सूचना (उजरदारी) का प्रकाशन जेडीए अथवा बोर्ड ही करवाएगा। इसका खर्च भी विभाग ही वहन करेंगे। इससे आमजन को भारी राहत मिलेगी। साधारणतः इनमें से किसी भी श्रेणी की आम सूचना देने पर व्यक्ति के 10 से 15 हजार रु. खर्च हो जाते हैं। जोधपुर में हाउसिंग बोर्ड व जेडीए में साल में आम सूचना व उजरदारी के करीब 20-25 हजार प्रकरण होते हैं। इनमें आम सूचना व उजरदारी के खर्च के तौर पर जनता की जेब से 18 से 20 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। अब राज्य सरकार के इस फैसले से लोगों को बड़ी राहत मिली है। हाल ही में नगरीय विकास विभाग के संयुक्त शासन सचिव मनीष गोयल ने आदेश जारी कर प्रदेश के सभी जेडीए/न्यास व आवासन मंडल में ये व्यवस्था लागू करने को कहा है। अब तक प्रदेश के सभी जेडीए व यूआईटी में अकेले लीज डीड से 410.26 करोड़ की आय हो चुकी है। करीब 2 लाख आवेदन लंबित हैं।



#### प्रशासन शहरों संग के दूसरे चरण में मिलेगी बड़ी राहत

**राज्य** सरकार ने प्रशासन शहरों के संग अभियान का दूसरा चरण एक मई से शुरू करने का ऐलान किया है। यह अभियान मार्च 2023 तक जारी रखने का भी निर्णय लिया है। ऐसे में इस फैसले से सर्वाधिक फायदा शिविर में आवेदन करने वाले लोगों को होगा। हालांकि हाईकोर्ट ने कुछ माह पूर्व अभियान में 5 अहम कैटेगरी में पट्टा जारी करने पर रोक लगा दी थी। रोक के बाद अब पार्क की भूमि, वनभूमि, गोचर भूमि, मंदिर की भूमि और कच्ची बस्तियों के पट्टे जारी नहीं हो पाए थे।


#### प्लान बने, खूब पट्टे बंटेंगे

**मास्टर** डवलपमेंट प्लान तैयार होने के बाद अब जेडीए-निगम ने सेक्टर प्लान और जोनल प्लान तैयार कर लिए हैं। उम्मीद है कि इसके बाद सरकार दूसरे चरण के अभियान में बड़े स्तर पर पट्टे जारी करेगी। अगर सरकार हाईकोर्ट को संतुष्ट करते हुए पट्टे जारी कर पाती है तो आवेदकों को बड़ी राहत मिलेगी।

#### नगर निगम अब भी उजरदारी के ले रहा 5-5 हजार रुपए

**निगम** उत्तर व दक्षिण ने लीज डीड, नाम हस्तांतरण, 69ए के तहत पट्टा जारी करने के साथ स्टेट ग्रांट के पट्टे के लिए जारी उजरदारी व आम सूचना के बदले हरेक आवेदक से 5-5 हजार एडवांस ले रहा है। कोई अपने स्तर से उजरदारी का प्रकाशन करवाना चाहता है तो उसे छूट दी जा रही हैं। 69ए व स्टेट ग्रांट के पट्टे के लिए आवेदन करने पर निजी स्तर पर उजरदारी के 6 से 7 हजार रुपए और निगम स्तर पर देने के 5 हजार रुपए खर्च हो रहे हैं।

## व्यापारियों की समस्याओ को लेकर राज्यपाल मिश्र को सौंपा ज्ञापन



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** देश में कोरोना के केसों में कमी आई है परन्तु इतना समय बीत जाने के पश्चात भी व्यापार पूर्ण रूप से पटरी पर नहीं आ पाया है इसलिए व्यापारियों की प्रमुख समस्याओ को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तरप्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत गर्ग एवं भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण अग्रवाल की अध्यक्षता में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल राजस्थान प्रदेश के प्रतिनिधित मंडल ने राज्यपाल कल्याण मिश्र से भेंट कर ज्ञापन सौंपा और व्यापार जगत में आ रही समस्याओ से अवगत करवाया। ज्ञापन में व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत गर्ग एवं प्रदेश अध्यक्ष किशोर टांक ने बताया कि ज्ञापन में सरकार द्वारा राजस्थान व्यापारिक कल्याण बोर्ड का गठन किया जाये। इसके अलावा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण अग्रवाल एवं प्रदेश महामंत्री विजय गोयल का कहना है की अन्य मांगो में उत्तरप्रदेश में जिस प्रकार जो व्यापारी जीएसटी में पंजीकृत होता है उसको 10 लाख रूपये का दुर्घटना बिमा सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है ठीक उसी प्रकार 10 लाख रूपये का बिमा राजस्थान सरकार द्वारा भी प्रदान किया जाये। साथ ही, जो व्यक्ति जीएसटी और आयकर सर्वाधिक प्रदान करते है उनको सरकार के द्वारा एक अलग से आयोजन करके भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया जाये। इसके अलावा इस मौके पर प्रतिनिधिमण्डल में विनोद ऐरन, डॉ. सौरभ गोगर, विक्की टिक्कीवाल, नेहा शर्मा एवं अन्य पदाधीकारी मौजूद रहे।

# राज्य गोसेवा आयोग ने पूछा-गायों की मौत कैसे?



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**बालोतरा।** नगरपरिषद के कांजी हाऊस में गायों की मौत के मामले को लेकर राज्य गोसेवा आयोग गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच करवाने और आरोपियों को नहीं बख्शे जाने की बात कही है तो इधर नगरपरिषद व प्रशासन ने हड़कंप मच गया है। नगरपरिषद ने कांजी हाउस के इंतजाम को तुरंत सुधरवाते हुए चारा-पानी-छाया के प्रबंध को पुख्ता किया है। उधर, नगर परिषद के ईओ को निलंबित किए जाने के भी समाचार है।

#### गोसेवा आयोग हड़कंप के बाद सुधार

गोवंश मरने की घटना के बाद नगर परिषद व प्रशासन में हड़कंप मच गया और हरकत में आए प्रशासन ने पूरे कांजी हाउस का रूप बीते दिनों बदल दिया। गायों के पानी की हौदी, विश्राम गृह, टीन शैड की व्यवस्था को सुधारा। पीने के लिए साफ पानी, सूखे व हरा चारा की व्यवस्था की गई। सभापति, विधायक ने कांजी हाउस का निरीक्षण कर अधिकारियों को बेहतर व्यवस्था करने के सख्त निर्देश दिए।

#### स्वीच ऑफ हुए ऑन, पहुंचे मौके पर

तहसीलदार प्रवीणसिंह रतनू, नगर परिषद के राजस्व अधिकारी पवन कुमार,नायब तहसीलदार भरत सोनी कर्मचारियों के दल-बल के साथ यहां पहुंचे। बीस सफाई कर्मचारियों ने सफाई कार्य शुरू किया।

#### सभापति मौके पर पहुंची

इसके बाद यहां पहुंची सभापति सुमित्रा जैन ने कांजी हाउस का निरीक्षण किया। पूवजू की व्यवस्थाओं व अब की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। व्यवस्थाएं ओर अ थिक बेहतर करने के निदेज़्श दिए। इस अवसर पर संपत धरी सहित कई पार्षद मौजूद थे। दोपहर दो बजे विधायक मदन प्रजापत, नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता मेहबूब सिंधी, कांग्रेस जिला कोषाध्यक्ष नरेश ढेलडिया व कांग्रेस नेता यहां पहुंचें। उन्होंने घूम फिर कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। सुधार के लिए आवश्यक निदेज़्श दिए। उन्होंने कहा कि इतनी अ थिक गायों की मौत हुई है। यह बालोतरा के लिए कलंक है। गाएं बीमारी से मरी या किसी की लापरवाही से मरी। इसकी जांच करवाई जा रही है। छोटा या बड़ा कोई भी दोषी है,उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। कांजी हाउस में वतज़्मान में 150 से अधिक गाएं हैं। इस पर इसके संचालन के देखरेख को लेकर जिम्मेदारी तय की जाए,इससे की भविष्य में इस प्रकार की मौतें नहीं होवें।

वहीं इस दिन पशुपालन विभाग ने मृत गायों का पोस्टमाटज़्म किया। बाड़मेर से पशुपालन विभाग के उप निदेशक रतनलाल जीनगर, लैब प्रभारी ओमप्रकाश सोनी मय टीम मौका स्थल प हुंची। मृत आठ गायों के रक्त व सीरम के नमूने लिए। पशु चिकित्सक अविनाश पटेल, डॉ. रोहित चारण , पन्नाराम टीम ने सात गायों का पोस्टमाटज़्म किया। इन्होंने जांच के लिए नमूने जोधपुर भेजे।

कांजी हाउस में आज नगर परिषद की टीम लगाकर सफाई व अन्य व्यवस्थाओं को सही किया। गायों के लिए साफ पानी व चारा की व्यवस्था की। मृत गायों का पोस्टमाटज़्म करवाया। जांच रिपोटज़् पर ही मरने के कारणों का पता लग पाएगा।

**प्रवीणसिंह रतनू,** तहसीलदार पचपदरा

#### पहले किया होता तो गायें नहीं मरती

**रामसीन** सरपंच मालाराम बावरी, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोविंदसिंह राजपुरोहित डण्डाली, भाजपा नेता खीमाराम सारण, धर्मेन्द्र दवे आदि ने विरोध जताया। इन्होंने कहा कि पहले निरीक्षण कर व्यवस्थाएं की होती तो गायें नहीं मरती। प्रशासन, नगर परिषद के अधिकारी, कर्मचारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। कांजी हाउस में चारा-पानी की व्यवस्था नहीं है। सुबह-शाम गेट खोल गायों को बाहर छोड़ा जाता है। घटिया चारा खाने के बाद प्रदू षित रासायनिक पानी पीने से इनकी मौत हुई है। अब दिखावे के लिए किया जा रहा है,चार दिन बाद फिर से कांजी हाउस में यही अव्यस्थाएं होगी। उन्होंने सभापति पर भी व्यवस्थाओं पर ध्यान नहीं देने व सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया।

### 30 तक बदलेगी विभाग की सूरत

# शिक्षा विभाग: वर्षों से एक सीट पर जमे कार्मिकों की अब हिलेगी कुर्सी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में शिक्षा विभाग में एक ही कुर्सी पर कई सालों से जमे कर्मचारियों को अब सीट बदलनी होगी। इस संबंध में राज्य सरकार ने आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत शिक्षा निदेशालय सहित सभी अधीनस्थ कार्यालय, बोर्ड व परिषद आदि के दफ्तर के कर्मचारी शामिल रहेंगे। शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पवन कुमार गोयल ने इस संबंध में शिक्षा निदेशक को पत्र लिखा था। इस पत्र में बताया कि विभागीय कार्यालयों में सालों से एक ही कर्मचारी महत्वपूर्ण मानी जाने वाली सीटों पर जमे हुए हैं। इससे कामकाज भी पुराने ढर्रे पर ही होता चला आ रहा है। दूसरे, लंबे समय से एक ही सीट पर काम करने वाले कर्मचारी कम्फर्ट जोन से भी बाहर नहीं आना चाहते। विभाग के दफ्तरों में सालों से एक ही सीट पर काम कर रहे कार्मिकों के कारण कार्य प्रक्रिया में एक-सी ही त्रुटि सालों-साल से दोहराई जाती रहती है। जिससे कर्मचारियों के सेवा रिकॉर्ड संधारण, प्रशासनिक कार्य प्रक्रिया, संस्थापन, पदोन्नति, वरिष्ठता व योग्यता अभिवृद्धि आदि के कामकाज में किसी तरह का नवाचार नहीं हो पाता। उधर, नवनियुक्त युवा कर्मचारियों को समय रहते महत्वपूर्ण कामकाज नहीं सौंपे जाने से उन्हें भी प्रशासनिक कार्य प्रक्रिया में पारंगत होने में विलंब होता है। जबकि युवा कंप्यूटर दक्ष होने से कार्य में नवाचार कर प्रक्रिया को सुगम बना सकते हैं।

#### ऐसे होगी समय की गणना

**प्रमुख** सीटों पर पदस्थ कर्मचारियों को बदलने के लिये तीन साल की गणना उनके द्वारा संबंधित सीट पर की गई कुल कार्यावधि के आधार पर होगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सीट बदलने के मामले में अमूमन अधिकारी किसी सीट पर लगातार कार्य अवधि की गणना करते हैं। जबकि अब ऐसा नहीं किया जा सकेगा। कर्मचारियों द्वारा अलग-अलग समय खंड में भी ऐसी सीट पर कार्यरत रहने की अवधि को तीन साल की अवधि में शामिल किया जाएगा। बदल कर लगाए जाने वाले कर्मचारी द्वारा भी पिछले तीन साल तक संबंधित सीट पर कार्यरत नहीं होना देखा जाएगा।

#### 30 अप्रेल तक बदलने होंगे बाबू

**शिक्षा** विभाग में संबंधित सीटों पर तीन साल से अधिक समय से लगे कर्मचारियों को 30 अप्रेल तक अनिवार्य रूप से बदलना होगा। हालांकि इस प्रक्रिया में किसी भी कर्मचारी का कार्यालय नहीं बदला जाएगा। सरकार ने इस मामले में विभागीय कार्यालयों को अनुपालना रिपोर्ट भेजने को भी पाबंद किया है।

## आगरा-बांदीकुई के बीच चली मेमू ट्रेन

### मुंबई की तर्ज पर हुआ स्पेशल ट्रेन का संचालन, नए कोच में यात्रियों को मिलेगी राहत

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**बांदीकुई।** मुंबई जैसे बड़े शहरों में लोकल ट्रेनों के रूप में संचालित होने वाली मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टी यूनिट (मेमू ट्रेन) अब आगरा बांदीकुई के बीच में संचालित होगी। मंगलवार सुबह यह ट्रेन बांदीकुई से आगरा के लिए रवाना हुई। इस ट्रेन में नए कोच लगाए गए हैं। जिसमें काफी सुविधाएं रहेगी। गौरतलब है कि अभी तक बांदीकुई आगरा के बीच डेमू ट्रेन चलती थी। लेकिन अब रेलवे ने इसके स्थान पर मेमू ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया है। इस ट्रेन की खासियत यह है कि मेट्रो कोच की तर्ज पर इसके कोच के अंदर यात्रियों को बैठने के लिए सुविधाजनक सीटें, शौचालय, खड़े रहने वाले यात्रियों को पकड़ने के लिए हत्थेसहित अन्य सुविधाएं दी गई है। ट्रेन की खासियत यह भी है कि अन्य ट्रेनों की अपेक्षा यह 2 से 3 किलोमीटर चलने के बाद अच्छी स्पीड बना लेगी। जबकि अन्य ट्रेनें 5 से 10 किलोमीटर दौड़ने के बाद स्पीड बनाती थी। बांदीकुई जंक्शन से सुबह 6:00 बजे यह ट्रेन आगरा के लिए रवाना हुई। ट्रेन के 8 कोचों में करीब 200 से अधिक यात्री रवाना हुए। साथ ही अभी तक डीजल इंजन से चलने वाली ट्रेनों में इंजन बदलने के झंझट से भी राहत मिलेगी। क्योंकि बांदीकुई-आगरा के बीच मेमू ट्रेन बिजली से दौड़ेगी।

ANCHOR | नाबार्ड और जोबनेर कृषि विवि की पहल

# प्रदेश की पहली किसान पाठशाला फतेहपुर में

### फतेहपुर कृषि अनुसंधान केंद्र को 40 लाख रुपए मिले, इसी खरीफ सीजन से शुरुआत

#### सिखाएंगे कम जमीन में ज्यादा पैदावार के तरीके

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**सीकर।** खेतों के घटते आकार और गिरते भू-जलस्तर की वजह से फसलों की पैदावार कम हो रही है। इसका समाधान तलाशने, किसानों की आय बढ़ाने के मकसद से नाबार्ड और जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय ने पहल की है। इन दोनों संस्थानों के सहयोग से फतेहपुर के कृषि अनुसंधान केंद्र पर प्रदेश की पहली किसान पाठशाला शुरू होगी। यहां विभिन्न विषय विशेषज्ञ किसानों को कम जमीन में खेती से जुड़े कई प्रयोग समझाकर आय बढ़ाने के तरीके बताएंगे। फतेहपुर कृषि अनुसंधान केंद्र को 40 लाख के प्रोजेक्ट की स्वीकृति मिल चुकी है। कृषक पाठशाला दो हैक्टेयर जमीन में शुरू की जाएगी। नाबार्ड 23 लाख व कृषि विवि ने 17 लाख रुपए बजट दिया है। प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलते ही फतेहपुर कृषि अनुसंधान केंद्र परिसर में जगह तय की जा चुकी है।

#### मॉडल से समझाएंगे 1 हैक्टेयर में कितनी बुवाई, कितनी बागवानी व कितना पशुपालन करें



किसान पाठशाला में अलग-अलग इकाई स्थापित करवाई जाएगी। इसके जरिए किसानों को इनकम बढ़ाने के लिए प्रायोगिक रूप से कृषि से जुड़े विभिन्न तरीके सिखाए जाएंगे। पाठशाला में प्रशिक्षण लेने वाले किसान जमीन की उपलब्धता के अनुसार ही कृषि नवाचारों को अपनाकर खेती के नए तरीके जान सकेंगे। मॉडल इकाइयों का संचालन जमीन की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा ताकि किसान के पास जितनी जमीन है उसी में सभी तरह की इकाई स्थापित कर ज्यादा इनकम ले सके। उदाहरण के तौर पर एक हैक्टेयर जमीन में कितनी दूरी में उसे फसल उगानी है, कितनी दूरी में बागवानी खेती करनी है। कितनी दूरी में हरा चारा उगाना है। डेयरी में कितना पशुपालन, कितना बकरीपालन करना है। कितनी बड़ी एजोला इकाई स्थापित करनी है ताकि उसी जमीन में ही सभी तरह की व्यवस्थाएं आसानी की जा सके।

**क्लास :** पाठशाला में बनाए जाने वाले मॉडल दिखाने के लिए किसानों को अलग-अलग समूह में बुलाया जाएगा। सीकर जिले से किसानों को ब्लॉकवार व अन्य जिलों से आने वालों किसानों के दल का कृषि विभाग चयन करके भेजेगा। यह विजिट खरीफ सीजन में रेगुलर चलेगी।

**टेस्ट :** इस मॉडल में किसानों को मौका दिया जाएगा कि वे पाठशाला से सीखकर अपने खेत में प्रयोग करें। इसके बाद तय समय में प्रयोग सफल होने पर पैदावार, पशुपालन या अन्य विधि का रिजल्ट वे विजिट में कृषि विशेषज्ञों के सामने साझा करेंगे।

**सर्टिफिकेट :** इस ट्रेनिंग में शामिल होकर प्रयोग में सफल रहने वाले किसानों को कृषि अनुसंधान केंद्र की ओर से सर्टिफाइटड कर दिया जाएगा। इसके आधार पर वे अपने क्षेत्र के किसानों को भी ट्रेनिंग दे सकेंगे। अनुसंधान केंद्र लगातार ऐसे प्रमाणित किसानों के संपर्क में रहेगा।

#### इसी खरीफ सीजन से होगी शुरूआत

कृषि अनुसंधान केंद्र प्रभारी डॉ. शीशराम ढाका ने बताया कि किसान पाठशाला की शुरुआत इसी साल खरीफ सीजन से की जाएगी। तीन साल तक नाबार्ड व जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से संचालन होगा। इसके बाद कृषि अनुसंधान केंद्र अपने स्तर पर पाठशाला चलाएगा। नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक एमएल मीणा का कहना है कि छोटे किसानों की इनकम बढ़ाने के लिए नाबार्ड ने प्रदेश में समन्वित कृषि पाठशाला का यह पहला प्रोजेक्ट स्वीकृत किया है। कृषि अनुसंधान केंद्र को 23 लाख का अनुदान दिया है। शेष राशि कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से खर्च की जाएगी। किसान खेती में इनकम बढ़ाने के तरीके जान सकेंगे।

## जागरूक खबरें

### श्री कृष्ण गो शाला में प्रसादी आयोजन



**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** चँवरा क्षेत्र के हीरवाणा ग्राम की श्री कृष्ण गो शाला में हनुमान जयंती पर महावीर प्रसाद रावत ने स्वामी प्रसादी का आयोजन किया । बामलवास के महंत लक्ष्मणदास महाराज ने बालाजी को भोग लगा कर श्रद्धालुओं को प्रसादी बांटी। इस मौके पर मनमोहनदास त्यागी नेमीशरण धाम उत्तर प्रदेश, संत शंकरदास वनखंडी धाम, कोषाध्यक्ष बनवारीलाल जांगिड़, विश्वनाथ शर्मा, गुरुजी रामकरण हवलदार, गिरधारी रावत, सुल्तान रावत, अंकित शर्मा, संदीप शेखावत, ग्राम विकास अधिकारी विजय कुमार टोडी, कमल चंद कंडाला, नीरज शर्मा, निरंजन शर्मा, संजय शर्मा, मनोहर सिंह दोराता समेत खासी तादाद में महिला-पुरूष मौजूद थे ।

### चित्तौड़गढ़ के हाउसिंग बोर्ड में मेहंदीपुर बालाजी के मंदिर में मनाया जन्मोत्सव

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** सैगवा हाउसिंग बोर्ड में शनिवार को मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया पूजा अर्चना की गई। मंदिर के विशिष्ट सेवक भक्त देव जी टहलानी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार व राष्ट्रीय हिंदू स्वाभिमान संघ के, चितोड जिलाध्यक्ष राजू अग्रवाल शंभूपुरा जिला महामंत्री मुकेश दास वैष्णव जालमपुरा, देवजी टेहलानी, सुनील उपाध्याय, जगदीश सुथार रोलाहेडा, चित्तौड़ जिला मंत्री गोपाल शर्मा चंदेरिया, करण सिंह जाट जालमपुरा, राजेश सोनी, नमन सोनी मंडल के भक्तों ने सुंदरकांड हनुमान चालीसा के साथ हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया मंदिर के भक्त देव जी टहलानी ने कहा की,शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव,कई शुभ संयोग के साथ मनाया कोविड-19 के चलते 2 साल सामूहिक कार्यक्रम नहीं हो पाए थे हनुमान जी की पूजा के विशेष दिन मंगलवार और शनिवार होते हैं। संयोगवंश इस साल जन्म उत्सव पर शनिवार रवि योग भी रहा। पुराणों के अनुसार हनुमान जी जन्म में नक्षत्र चित्रा है जो शुभता में वृद्धिकारक होते हैं जन्म उत्सव बड़ा उल्लास के साथ मनाया गया बालाजी की आरती करके लड्डू का भोग लगाया गया कई महिलाओं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में आज होगा शोभायात्रा का आयोजन

**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** श्री बजरंग व्यायामशाला विश्रामघाट द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विश्रामघाट मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। बजरंग व्यायामशाला अखाड़ा के उस्ताद दौलत सिंह पंवार ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा विश्रामघाट मंदिर से दोपहर 12.15 बजे प्रारंभ होगी जो कि नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई विश्रामघाट मंदिर पर आकर समाप्त होगी। शोभायात्रा के पश्चात सायं 7.30 बजे मंदिर पर बालाजी का आकर्षक श्रृंगार, संगीतमय सुंदरकांड पाठ व छप्पनभोग एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

### अम्बेडकर थे समानता के प्रतीक

**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** ग्राम मणकसास में अड़वाणा यूथ एसोसिएशन की ओर से संविधान निर्माता बाबा भीमराव अम्बेडकर की 131 वीं जयंती अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि दे कर मनाई । वक्ताओं ने कहा डॉ. अम्बेडकर के जीवन को समानता व ज्ञान का प्रतीक बताया। इस दौरान डॉ. राकेश सैनी, एडवोकेट मोतीलाल सैनी, वार्डपंच भोपाल सिंह, मंगलचंद चौधरी, सुनिल कुमार, कमलेश अडवाना,सुमेर सिंह, रोहिताश्व कुमार खटाणा, सतपाल सिंह, गजेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे ।

### परिंदों के लिए बांधे परींडे



**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** अडवाणा ग्राम यूथ एशोसिएशन की ओर से महावीर जयंती को जियो और जीने दो के मूल सिद्धांत पर मनाया। वक्ताओं ने कहा भगवान महावीर स्वामी ने हिंसा को अपराध बताया। उनके सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य,अस्तेय व अपरिग्रह नामक पंच सिद्धांत से मानव जीवन समृद्ध बन सकता है। इस मौके पर कमलेश सैनी के नेतृत्व में युवाओं ने परिंदों के लिए बांधे परींडे ।

### बीएमडी फॉउण्डेशन ने किया नवजात बेटी के परिवार का सम्मान



**श्यामपुरा (कनीना) @ जागरूक जनता।** बीएमडी फाउंडेशन द्वारा "कैम्पेन कल्पना" मिशन के तहत गत देर शाम श्यामपुरा में अनामिका धर्मपत्नी सुमित यादव की नवजात बेटी हिमान्य के जन्मोत्सव पर कुआँ पूजन के अवसर पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान फॉउण्डेशन से चेयरमैन लक्की राव सीगड़ा, सचिव इंद्रजीत शर्मा,विनय राव श्यामपुरा, विक्की एवं कर्ण उपस्थित थे।

### पीपाड़ में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग, राज्यसभा सांसद को सौंपा ज्ञापन

**भोपालगढ़ @ जागरूक जनता।** जोधपुर रेल मंडल के पीपाड़ रोड़ जंक्शन पर सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर सरपंच आनंद कंवर और महात्मा ज्योतिबा फुले युवा मंडल के कार्यकारिणी सदस्य द्वारा राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पीपाड़ रोड़ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रणथंभौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, दिल्ली सराय रोहिल्ला और बाड़मेर जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई। राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने जोधपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक जितेंद्र मीणा से बात कर मामले को देखने के लिए निर्देश दिए। सालवा खुर्द पूर्व सरपंच गोविंद सिंह राठौड़ ने कहा कि क्षेत्रवासियों ने दर्जनों बार ज्ञापन देकर धरना प्रदर्शन किया। लेकिन पीपाड़ उपखंड क्षेत्रवासियों की इस महत्वपूर्ण मांग को लेकर रेलवे विभाग कभी गंभीर नहीं हुआ। जिसके चलते कहीं बाहर घोषणाओं के बावजूद इस रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव नहीं हो सका, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। पूर्व में उत्तर पश्चिम रेलवे महाप्रबंधक अपने वार्षिक निरीक्षण के दौरान पीपाड़ रोड जंक्शन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बातचीत की और कहा कि जैसे ही कोरोना महामारी की सामान्य स्थिति हो जाएगी, तभी से पीपाड़ रोड जंक्शन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव दे दिया जाएगा। लेकिन कोरोना महामारी की सामान्य स्थिति होने के बावजूद भी अभी तक ठहराव नहीं मिला। राज्यसभा सांसद को ज्ञापन देने के दौरान सालवा खुर्द सरपंच आनंद कंवर, पूर्व सरपंच गोविंद सिंह राठौड़, शंकर देवासी, बाबूलाल गहलोत, श्रीराम भाटी, विक्रम सैनी, अनिल सांखला सहित कई क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

---

**समराथल फाउंडेशन का समराथल लोक समागम 2022 का हुआ आयोजन**

# समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं-विश्नोई

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जोधपुर।** समराथल फाउंडेशन सोसाईटी का समराथल लोक समागम 2022 का हुआ आयोजन एम्स के सामने गुरु जंभेशवर सेवा सदन में हुआ। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान उच्च न्यायालय के जज विजय विश्नोई तथा डीआईजी एंटी करप्शन ब्यूरो कैलाश चंद विश्नोई ने शिरकत की। संस्था ने कम समय में रोजगार की दिशा में उच्च शिक्षा से पारिवारिक आर्थिक स्थिती की वजह वंचित प्रतिभाओं को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवा कर मेडिकल एवं इंजिनियरिंग की पढ़ाई के योग्य बनाया। संस्था ने एलन करियर आकाश जेसे नामचीन कोचिंग संस्था में दाखिला दिलवाया। जहां से कोचिंग करवाने से मेडिकल एवं अभियांत्रिक के भारत सरकार के उच्च संस्थान IIT तथा एनआईईईटी मेडिकल कॉलेज में चयन करवाया। इस बारे में संस्था के सचिव डॉ. धर्मपाल विश्नोई ने बताया कि समराथल फ़ाउंडेशन 2017 से विश्नोई समाज के जरुरतमंद युवाओं के लिये नये आडियाज को लेकर शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व मानक स्थापित कर रहा है। गौरतलब है कि संस्था पश्चिमी राजस्थान ज़रूरतमंद होनहार प्रतिभा पर फ़ोकस कर रही है, आने वाले समय में समस्त राजस्थान को कवर किया जायेगा। आरएएस अधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि समराथल फ़ाउंडेशन की सभी गतिविधियां वेबसाइट www.samrathal.org पर ऑनलाइन सदस्यता, ऑनलाइन अनुदान, ऑनलाइन आवेदन के साथ साथ संगणन उद्देश्य कार्य गतिविधियां सदस्य मानव संसाधन भामाशाह प्रारूप इत्यादि समस्त सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध है। लोक समागम 2022 समारोह में जस्टिस विजय विश्नोई ने समाज के भामाशाह व होनहार प्रतिभा को संबोधन करते हुए कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, इनको तलाशने का जो कार्य समराथल फ़ाउंडेशन कर रहा है यह एक समाज के लिये रोल मॉडल है, वहीं इस समारोह में सभी मेहमानो ने संस्था के अध्यक्ष एन आर विश्नोई सचिव डॉ. धर्मपाल विश्नोई, महासचिव आरएएस ओमप्रकाश विश्नोई सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्यो ने संस्था के कार्य की प्रशंसा की।

## सादगी से मनाई डॉ. अंबेडकर की जयंती

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**निंबाहेड़ा।** अंबेडकर क्रांति मंच एवं अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस बाल्मीकि समाज के संयुक्त तत्वावधान में भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब की जन्म जयंती जुलूस निकालकर बडे की सादगीपूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। क्रांति मंच के जिलाध्यक्ष कैलाश आर्य ने बताया कि जुलूस प्रातः 8 जे दशहरा मैदान स्थित अशोक वाटिका से प्रारंभ हुआ जो पीपल चैक जावद दरवाजा, स्टेशन रोड, सब्जी मंडी मोती बाजार, चित्तौड़ी दरवाजा, कैची चैराहा होकर बस स्टेंड पर पहुंचा। जहां पर बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आमसभा का आयोजन किया गया। जुलूस का नगर के विभिन्न चैराहो पर नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। आमसभा कर अध्यक्षता एईएन पीसी बैरवा ने की। विशिष्ठ अतिथि ओपी मेहरा, जोधराज मीणा, राजेश छत्रपति आदि ने बाबा साहब के जीवन पर आधारित संवैधानिक विषयों पर अपने विचार प्रकट किए। मंच पर देवीलाल मीणा, नरेंद लोट, संपत लोट, महेश धुत, राजमल रैगर, हजारीलाल मेघवाल, गणेश डागर, प्रदीप मेघवाल, संतोष सेन, साबिर मोहम्मद, मुकेश मेघवाल, राजू भील, राजेश मेघवाल, देवीलाल रेगर, शंभू आदि उपस्थित थे।

## बिना जन्म तिथि छापे जा रहे शादी कार्ड, जिम्मेदार ही नहीं दे रहे है ध्यान !

**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** हर साल सैंकड़ों की शादियां होती है। एसडीओ से प्रिंटिंग प्रेस वालों को शादी कार्ड पर लड़की और लड़के की जन्म तिथि छापने के निर्देश दिये जाते है किंतु शादी कार्ड छापते वक्त इस आदेश और निर्देश की जमकर अवेहलना की जाती है। हर साल यह सिलसिला चलता रहता है। इस स्थिति मे कुछ नाबालिग लड़कियों की भी शादी हो जाती है। केवल निर्देश तक ही ध्यान दिया जाता है । प्रिंटिंग प्रेस पर छप रहे शादी कार्डो पर विवाह किये जाने वाले लड़के-लड़की की आयु पर कोई अधिकारी हर साल जांच करने के कदम भी उठ लेगा और बिना जन्म तिथि छपे कार्डो को खारिज कर देगा उस साल से नाबालिग बालिकाओं की शादियां स्वतः रूकने का दिन शुरू हो जाएगा और लड़कियों के अच्छे दिन आ जायेगे।

## रात के 11 बजे बाद भी नहीं थम रहा है डीजे का शोर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुरवाटी।** इस माह में पंचांग के अनुसार 15 से 27 अप्रैल तक नौ सावों का मुहूर्त् है। बोर्ड की 10 वीं व 12 वीं की परीक्षाएं भी प्रारंभ हो चुकी हैं और कुछ दिनों बाद 5 वीं और 8 वीं बोर्ड का इम्तिहान भी शुरू होने जा रहा है तथा अगले माह मे पंचांग के अनुसार 2 से 31 मई तक के 14 विवाह मुहूर्त्त हैं। इस दौरान विश्वविद्यालय की घोषित परीक्षा समय सारणी के अनुसार युनिवर्सिटि 2022 की परीक्षाएं मई के द्वितीय सप्ताह से शुरू होने वाली हैं। सरकार ने बढते हुए तापक्रम को देखते हुए पांचवीं कक्षा की परीक्षा को प्रथम पारी मे कर दिया है । किंतु सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद रात 10 बजे बाद और राज्य सरकार की गाइड लाइन जारी होने के बाद भी रात को साढे 11 बजे बाद तक बजने वाले कानफाडू डीजे के शोर पर प्रतिबंध लगाने में जिम्मदार प्रशासन इतनी तेज ध्वनि को सुन कर भी सो कैसे लेता है, इसका उत्तर तो प्रशासन स्वयं ही जान सकता है। जबकि इस अशांत माहौल में परीक्षार्थी अपनी तैयारी किस परेशानी का सामना करते हुए कर रहा होगा वह तो पीड़ित विद्यार्थी ही जानता है। डीजे की खतरनाक संस्कृति और बढते प्रचलन के पहले कई दशक पहले जब लाउड स्पीकर्स बजते थे, बोर्ड और युनिवर्सिटि की परीक्षाओं के एक माह पहले ही परीक्षा समापन तक उनके बजने पर प्रतिबंध रहता था और इस दौरान मानसिक तनाव, हृदय रोगी और अन्य बीमारियों से पीड़ित रोगियों के स्वास्थ्य पर प्रभाव क्या पड़ता होगा, ऐसे हालात में भारतीय नागरिक कैसे चिरंजीवी रहेगा।

ANCHOR | परीक्षा

# पीटीईटी-22 में बैठेंगे 5,42,833 अभ्यर्थी

### जेएनवीयू को होगी 27.10 करोड़ रु. की आय, पॉलीथिन में साथ पैक होकर मिलेगी एक ही क्रमांक की ओएमआर शीट-बुकलेट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जोधपुर।** अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन तक नहीं जुटा पा रहे जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के लिए पीटीईटी-2022 उम्मीद बनकर आई है। वर्ष 2013 के बाद पीटीईटी करवा रहे जेएनवीयू को इससे 27.10 करोड़ रुपए की आय होगी। 3 जुलाई को प्रदेश के सभी 33 जिला मुख्यालयों के 2250 सेंटर्स पर होने वाली इस परीक्षा में 5,42,833 अभ्यर्थी बैठेंगे। 2 व 4 वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में शामिल होने के लिए लड़कों के मुकाबले 65,249 लड़कियों ने अधिक आवेदन किए हैं।

4 वर्षीय बीए-बीएससी बीएड के लिए 1 लाख 63 हजार 522 और 2 वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम के लिए 3 लाख 79 हजार 311 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। 2 वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में 2,17,197 महिलाओं व 1,62,109 पुरुषों ने आवेदन किए। 5 ट्रांसजेंडर ने भी आवेदन किए। 4 वर्षीय पाठ्यक्रम में 87,089 महिलाएं व 76,428 पुरुष बैठेंगे। नकल को रोकने के लिए करीब 325 उड़न दस्ते बनाए गए हैं। समन्वयक प्रो. शिशुपाल भादू ने बताया कि पीटीईटी के लिए हर जिले में शिक्षा समिति का गठन होगा, जिसमें कलेक्टर, एसपी व शिक्षाधिकारी शामिल होंगे। नकल को रोकने वाले उड़न दस्ते में एसडीएम शामिल व डिप्टी रैंक के अधिकारी शामिल होंगे।

**सर्वाधिक 72,746 आवेदन जयपुर में व जोधपुर में 29,521**

| जिला | 2 वर्षीय कोर्स | 4 वर्षीय कोर्स | जिला | 2 वर्षीय | 4 वर्षीय |
|---|---|---|---|---|---|
| अजमेर | 12,041 | 7,252 | अलवर | 21,852 | 6,151 |
| बांसवाड़ा | 10,274 | 7102 | बाड़मेर | 10,909 | 10,714 |
| भरतपुर | 16,876 | 5,094 | भीलवाड़ा | 6,465 | 5,589 |
| बीकानेर | 12,402 | 4,224 | बूंदी | 5,679 | 3,079 |
| चित्तौड़ | 3,887 | 2,728 | चूरू | 11,540 | 3,076 |
| डूंगरपुर | 8,648 | 6,50 | जयपुर | 58,262 | 14,484 |
| जैसलमेर | 1,635 | 1,317 | जालोर | 5,768 | 3,242 |
| झुंझुनू | 15,233 | 2,154 | झालावाड़ | 6,636 | 4,037 |
| जोधपुर | 19,473 | 10,048 | कोटा | 14,392 | 5,534 |
| नागौर | 9,286 | 5,761 | पाली | 4,884 | 2,432 |
| सवाई माधोपुर | 7,677 | 3,951 | सीकर | 25,797 | 5,076 |
| सिरोही | 4,219 | 1,421 | श्रीगंगानगर | 8,979 | 3,095 |
| टोंक | 11,378 | 6,237 | उदयपुर | 11,450 | 7,139 |
| धौलपुर | 5,321 | 1,658 | दौसा/बारां | 21,559 | 11,205 |
| राजसमंद | 2,653 | 1,827 | हनुमानगढ़ | 9838 | 3181 |
| करौली/प्रतापगढ़ | 14,278 | 8,204 | | | |

#### हर जिले में कलेक्टर, एसपी व शिक्षाधिकारी की कमेटी, 325 उड़न दस्ते बनाए

रीट आयोजन में रही गलतियों पीटीईटी की परीक्षा करवाने में कई स्तर पर सतर्कता बरती गई हैं। हर अभ्यर्थी को ओएमआर शीट व बुकलेट अलग-अलग नहीं मिलेगी। यह दोनों एक साथ पॉलिथीन में पैक होकर आएगी और दोनों के क्रमांक भी एक समान होंगे। परीक्षा केवल जिला मुख्यालय पर होगी। जहां पर सीटिंग कैपेसिटी कम है, वहां पर सब डिवीजन पर परीक्षा होगी। इसमें बाड़मेर, सीकर व दौसा सब डिवीजन में भी परीक्षा होगी। प्रश्न पत्र जिला कोषागार के अंदर सुरक्षा के साथ रहेंगे। अब तक सुविधानुसार जिला समन्वयक नियुक्त होते थे। इस बार हर जिले के सरकारी पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य ही जिला समन्वयक होंगे। परीक्षा आयोजन में सहायता के लिए 5 अतिरिक्त समन्वयक लगेंगे। औसतन 15,000 अभ्यर्थियों पर एक जिला समन्वयक नियुक्त होगा। 33 जिलों में ही जिला ऑब्जर्वर नियुक्त होंगे। पहली बार होगा कि जगह की उपलब्धता अनुसार परीक्षा यदि निजी स्कूल या कॉलेज में हो रही है तो परीक्षक सरकारी विद्यालय के शिक्षक ही होंगे। हर जिले में शिक्षा समिति का गठन।

---



**राज्य मंत्री और सांसद ने किया भूमि पूजन**

## सवा तीन करोड़ की लागत से भामाशाह बनाएगा ट्रॉमा सेंटर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सांचौर।** क्षेत्र से निकल रहे नेशनल हाइवे 68 पर बढ़ते हादसों में हो रही मौतों के आंकड़ों पर लगाम लगाने के लिए भामाशाह के सहयोग से एक ट्रॉमा सेन्टर मय आइसीयू भवन बनाया जाएगा, जिसका गुरुवार दोपहर को राज्य मंत्री सुखराम बिश्नोई और जालोर सिरोही के सांसद देवजी एम पटेल ने ट्रॉमा सेंटर का भूमि पूजन करके विधिवत निर्माण कार्य शुरू करवाया। जानकारी के मुताबिक नेशनल हाइवे 68 पर लगातार हादसे का ग्राफ बढ़ता जा रहा है,लेकिन कोई ट्रॉमा सेंटर नहीं होने के कारण घायलों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में राज्य मंत्री सुख राम बिश्नोई ने सरकार से एक ट्रॉमा सेंटर मंजूर करवाया था, लेकिन बजट की समस्या थी। अब भामाशाह हितेश भंवर लाल संघवी आगे आए है। सरकार के नियत माप दंड के अनुसार करीबन सवा तीन करोड़ खर्च करके भवन बनाया जायेगा। जिसको बनाकर चिकित्सा विभाग को सुपुर्द किया जाएगा। इस भूमि पूजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सेठ,नगर पालिका के पूर्व प्रतिपक्ष नेता बीरबल पुनिया,अमरा राम माली,हरीश परमार सहित अन्य मौजूद रहे।

#### साल भर पहले कलेक्टर ने आवंटित की थी

**जमीन** ट्रॉमा सेंटर के लिए धमाणा ग्राम पंचायत के कारोला में एक साल पहले तत्कालीन जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने दो हैक्टेयर जमीन आवंटित कर दी थी। अब उसी जमीन पर भामाशाह हितेश भंवरलाल संघवी अपने परिवार के नाम ट्रॉमा सेंटर बनाने की इच्छा जाहिर की थी,जिसके बाद राज्य सरकार ने पत्र जारी भामाशाह सायती बैन भंवरलाल संघवी के नामकरण की अनुमति जारी की है। इस ट्रॉमा सेंटर में अनुमानित 3 करोड़ 19 लाख रुपए होंगे। जिसमें 213 लाख रुपए ट्रॉमा सेंटर मय आईसीयू भवन के लिए होंगे,जबकि एक करोड़ 6 लाख रुपए फर्नीचर के लिए खर्च किए जाएंगे।

#### 6 चिकित्सकों के पद स्वीकृत

**नेशनल** हाइवे 68 पर बनने वाले ट्रॉमा सेंटर में राज्य सरकार द्वारा 6 चिकित्सकों के पद भी स्वीकृत किए गए है। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी ओम प्रकाश सुथार ने बताया की इस ट्रॉमा सेंटर में सरकार की ओर से 6 पद स्वीकृत किए है,जिसमें 3 पद आर्थो सर्जन और 3 पद जनरल सर्जन के होंगे।

**न्युवोको विस्टास कॉर्प. लि. प्लांट**

## स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण माह सम्पन्न



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** ज़िला पुलिस अधीक्षक प्रीति जैन ने न्युवोको विस्टास सीमेण्ट प्लाण्ट में आयोजित सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण माह के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कहा कि सेफ प्लाण्ट-हैप्पी होम, यदि आप सभी लोग इसी स्लोगन को सदैव अपने ध्यान में रखकर प्लाण्ट में कार्य करेंगे तो एक ओर तो आप दुर्घटना होने नहीं देंगे वहीं अपने परिवार के साथ भी सुरक्षित और खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकेंगे। चित्तौड़ सीमेण्ट प्लाण्ट में सुरक्षा माह का समापन इकाई प्रमुख संजय त्यागी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जहाँ प्लाण्ट के समस्त विभाग प्रमुखों, अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेका श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर की गई एवं 'सेफ्टी पर्सन ऑफ दी मंथ' चयनित कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा पताका फहराई गई। उपस्थित कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गाकर अपनी राष्ट्रभक्ति का परिचय भी दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक रहा जिसमें कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों ने सुरक्षा माह की थीम 'सुरक्षित कार्य तरीका अपनाएं - दुर्घटना को दूर भगाएं' को अपने अभिनय से चरितार्थ किया। सुरक्षा विभाग प्रमुख शैलेन्द्र कुमार यादव ने सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण माह के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों व प्रतियोगिताओं पर प्रकाश डाला। पुलिस अधीक्षक जैन द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं नुक्कड़ नाटक टीम को पुरस्कार प्रदान किये गये। उन्होंने विशेष रूप इन प्रतियोगिताओं में गृहिणियों एवं बच्चों की प्रतिभागिता की प्रशंसा की। ईकाई प्रमुख संजय त्यागी ने पुलिस अधीक्षक का सुरक्षा माह के इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने पर आभार जताते हुए कहा कि उनके आगमन से निश्चित ही सभी कर्मचारी अभिप्रेरित हैं। त्यागी ने प्लाण्ट कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा के प्रति अपनी गंभीरता की सराहना की एवं 'शून्य दुर्घटना' का आश्वासन भी लिया।

## कलक्टर ने किया विभिन्न बांधों का निरीक्षण



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** जिला कलक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल ने मंगलवार को दमदमा एनिकट, घोसुंडा डेम एवं गंभीरी डेम का निरीक्षण कर पानी की उपलब्धता को देखा। इस दौरान उन्होंने गंभीरी बाँध पर प्रगतिरत जीर्णोद्धार एवं सुधार सम्बन्धी कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने उन्हें कार्य के बीच में आ रही बाधाओं से भी अवगत कराया। इसके अलावा जिला कलक्टर ने बांधों से पेयजल आपूर्ति सम्बन्धी तकनिकी जानकारी भी अधिकारियों से ली। उन्होंने आमजन को नियमित पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता श्योजी राम एवं जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता राजकुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बयानबाजी का नफरती अंदाज

जागरूक जनता सरपट
ज्ञानेन्द्र मिश्रा

भारत वर्ष सहिष्णुता और धर्म निरपेक्ष व्यवस्था अपनाने वाला देश माना जाता रहा है। दुनिया में भी इसकी मिसाल दी जाती है। हाल ही के दिनों में नफरत भरी अभिव्यक्तियों की श्रृंखला सी देश के कई राज्यों में देखी जा रही है। दिल्ली से आंध्र प्रदेश तक और गुजरात से बंगाल तक करीब पंद्रह-बीस घटनाएं ऐसी हैं, जिनकी गंभीरता को समझना राष्ट्रहित में जरूरी है। चल रहे नफरती तीरों के तरकश देखें, तो कोई भी पक्ष निर्दोष नजर नहीं आता है। हर तरफ से हमले तेज हो गए हैं। कटु जवाब देने के साथ ही तत्काल हिसाब बराबर कर देने की जल्दी भी बहुत है। धर्म या मजहब के कथित जानकार और जिम्मेदार लोग भी नफरती बयानबाजी से बाज नहीं आ रहे हैं। क्या कुछ लोग इतने भटक गए हैं कि मुंह खोलते ही जहर उगलने लगते हैं? क्या कथित धर्मक्षेत्र के लोगों की भाषा में प्रेम व मानवीयता का अभाव नहीं हो गया है? क्या प्रेम के बिना भक्ति या वैश्विक सद्भाव और सबका कल्याण संभव है? खतरे को ऐसे बढ़ाकर लोगों को भड़काया जा रहा है, मानो खतरा बस दरवाजे के बाहर खड़ा हो? हर पक्ष खुद को निर्दोष व पीड़ित मान रहा है। सकारात्मकता की चर्चा बंद कर नकारात्मकता में बराबरी की खोज हो रही है। कानून के विरुद्ध ही नहीं, बल्कि धर्म के विरुद्ध आचरण करने वालों का भी सम्मान करने वाले लोग कौन हैं? हम कैसा समाज बना रहे हैं? ऐसे सवालों का हुजूम उमड़ पड़ा है और अनेक राज्यों में खतरे की घंटियां बज रही हैं।

कितनी घटनाओं और कितने भटके हुए लोगों का यहां जिक्र करें? सत्संग या अन्य किसी धार्मिक कार्य में बैठने वालों के मुंह से बदजुबानी की सूची लंबी है। जबकि सभी ने बचपन में यह पढ़ा है- रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय, टूटे से फिर ना जुड़े, जुड़े गांठ परि जाय। लेकिन अब शायद बहुत से लोग इस दोहे या उसके भाव को भूलने लगे हैं। याद रहे, कट्टरता को भूलकर ही यह देश आगे बढ़ा था और आज विकास की डगर में आगे निकल आया है और अनेक देशों के लिए मिसाल बन गया है। आज लोगों को अनगिनत नकारात्मक टिप्पणियां और उदाहरण याद हैं, पर सकारात्मक टिप्पणियों और सद्भाव के अनगिन उदाहरणों को नजरंदाज करने वाले लोग क्या चाहते हैं? सबसे बड़ा सवाल यह है कि कानून या संविधान क्या कहता है? इन दंगों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी अक्सर यह दावा करती रही है कि उसके राज में दंगे नहीं होते? क्या उसके शासन पर कोई साजिशन दंगे के दाग लगाना चाहता है? सुरक्षा एजेंसियों को अमन बनाए रखने के लिए सक्रिय हो जाना चाहिए। इसमें कोई शक नहीं कि नफरती बयार को काबू में करने के लिए हरेक कदम कानून-सम्मत उठाने पड़ेंगे। अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग किसी को नहीं करने देना चाहिए। ऐसे दंगे आर्थिक तरक्की को सीधे प्रभावित करते हैं। युवाओं को सकारात्मक कार्यों में व्यस्त करना जरूरी है। खाली पड़े सरकारी पदों को तत्काल प्रभाव से भरने की जरूरत है। सेना में भर्ती भी जरूरी है, ताकि युवा शक्ति का देश की मजबूती में वाजिब उपयोग हो सके। किसने कितनी नौकरी का वादा किया था, यह बात भूल जाइए, लेकिन गौर कीजिए, एक अनुमान के अनुसार, केंद्र और राज्य सरकारें अगर चाहें, तो करीब 60 लाख युवाओं को नौकरी मिल सकती है। जिस विकसित भारत का सपना हम देख रहे हैं, उसके लिए अमन-चैन बुनियादी जरूरत है। जो भी देश दुनिया में अपनी मेहनत से विकसित हुए हैं, उनके शासन-प्रशासन से हमें सीखना चाहिए। बेशक, आज विकास के जरूरी तत्वों-संसाधनों को जोड़े रखने के लिए सद्भाव भरे वचनों-वक्तव्यों की जरूरत है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

**7 दिन में तैयार होगी कुर्सी : राजभवन में रखी कुर्सी जैसा होगा रंगरूप, 41 इंच होगी कुर्सी की ऊंचाई**

# शेर जैसे आकार की होगी राज्यपाल की कुर्सी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**बांसवाड़ा।** प्रत्येक राज्य में राज्यपाल और मुख्यमंत्री के गार्ड ऑफ ऑनर से लेकर सुरक्षा तक खास कायदे होते हैं। ये बात हर आम आदमी जानता है, लेकिन राज्यपाल के बैठने वाली कुर्सी का भी प्रोटोकॉल होता है। इस बारे में बहुत ही कम लोग जानते होंगे। बांसवाड़ा में राज्यपाल कलराज मिश्र के लिए एक खास तरह की कुर्सी चर्चा में है, जो कि सात दिन में तैयार होगी। ये कुर्सी हूबहू राजभवन में रखी राज्यपाल की कुर्सी की जैसी होगी। जमीन से इसकी अधिकतम ऊंचाई 41 इंच होगी। बांसवाड़ा में राज्यपाल के लिए बन रही कुर्सी की जरूरत 24 अप्रैल को पड़ेगी। जब राज्यपाल मिश्र यहां राष्ट्रीय जनजाति स्काउट गाइड महोत्सव के मुख्य समारोह में हिस्सा लेंगे। इससे पहले 21 अप्रैल को इरू अशोक गहलोत कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में देश भर से 12 सौ से अधिक स्काउट गाइड हिस्सा लेंगे, जो जनजाति वर्ग के होंगे।



### सिंह (शेर) की विशेषता वाली कुर्सी

**कुर्सी** की जमीन से ऊंचाई 41 इंच होगी। कुर्सी का बेक यानी पीठ रखने वाला हिस्सा 23.5 इंच होगा। इसमें पॉइंट 5 इंच मुकुट की तरह घुमाव होगा, जबकि 23 इंच में फॉम होगा। कुर्सी के पाए 16 इंच लंबे होंगे, जबकि आगे वाले दोनों पाए मिलाकर चौड़ाई 25.5 इंच होगी। आगे से पीछे तक सीट की लंबाई 25 इंच, सीट आगे से 22 इंच चौड़ी, जबकि पीछे से 16.5 इंच की चौड़ाई होगी। यानी कुर्सी का शेप शेर मुखी होगी।

### राज्यपाल सहित मंच पर केवल 5

**इधर,** राज्यपाल के प्रोटोकॉल में मंच पर कुल 5 लोग होंगे। स्वयं राज्यपाल कलराज मिश्र, स्टेट कमीश्नर निरंजन आर्य, TAD आयुक्त राजेंद्र भट्ट, कलेक्टर और SP ही मंच पर रहेंगे। ये कार्यक्रम भी 90 मिनट का होगा। इसमें राज्यपाल के उद्बोधन का समय 10 मिनट होगा।

### सीएम के साथ मंच पर 15 जने

**महोत्सव** का शुभारंभ 21 अप्रैल की शाम 4 बजे LEO कॉलेज परिसर में होगा। इसमें सीएम गहलोत का आना प्रस्तावित है। गहलोत के साथ मंच पर स्टेट चीफ कमीश्नर निरंजन आर्य, कैबीनेट मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया, राज्यमंत्री अर्जुन बामनिया, प्रभारी मंत्री भंवरसिंह भाटी, बांसवाड़ा के सभी 5 MLA, जिला प्रमुख रेशम मालवीया, सभापति जैनेंद्र त्रिवेदी, कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष चांदमल जैन, पूर्व विधायक रमेश पंड्या, कांता भील, नानालाल निनामा व उप जिला प्रमुख विकास बामनिया मंच पर होंगे। अभी इस लिस्ट में बढ़ोत्तरी संभव है। कार्यक्रम में सीएम 90 मिनट मौजूद रहेंगे। इसमें 10 मिनट का उद्बोधन गहलोत का होगा, जबकि मालवीया और बामनिया कार्यक्रम में 7-7 मिनट ही बोल सकेंगे।

विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
22 K 916 | हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 | हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 | Silver Utensiles
Certified | राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

**लाउडस्पीकर अजान विवाद**

# धार्मिक परिसर से बाहर न आए आवाज-योगी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**लखनऊ।** दिल्ली के जहांगीरपुरी में घटना के बाद यूपी को अलर्ट किया गया है। योगी सरकार ने बिना अनुमति के धार्मिक जुलूस या शोभा यात्रा के साथ ही माइक की आवाज को परिसर तक ही रखने का आदेश दिया है। सीएम योगी ने कहा कि अपनी धार्मिक विचारधारा के अनुसार सभी को अपनी उपासना पद्धति को मानने की स्वतंत्रता है। माइक का प्रयोग किया जा सकता है, लेकिन यह सुनिश्चित हो कि माइक की आवाज धार्मिक परिसर से बाहर नहीं आनी चाहिए। जिससे अन्य लोगों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। यही नहीं योगी के आदेश में कहा गया है कि नए स्थलों पर माइक लगाने की अनुमति न दें।



### धर्मगुरुओं से करें संवाद

**सीएम** योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आने वाले दिनों में महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व-त्योहार हैं। रमजान का महीना चल रहा है। ईद का त्योहार और अक्षय तृतीया एक ही दिन होना संभावित है। ऐसे में वर्तमान परिवेश को देखते हुए पुलिस को अतिरिक्त संवेदनशील रहना होगा। थानाध्यक्ष से लेकर एडीजी तक अगले 24 घंटे के भीतर अपने-अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं, समाज के अन्य प्रतिष्ठित जनों के साथ सतत संवाद बनाएं।

### अपने क्षेत्र में रहें अधिकारी

सीएम योगी ने कहा कि तहसीलदार हो, एसडीएम हो थानाध्यक्ष हो अथवा सीओ आदि, सभी अपनी तैनाती के क्षेत्र में ही रात्रि विश्राम करें। शासकीय आवास है तो वहां रहें अथवा किराए का आवास लें, लेकिन रात्रि में अपने ही क्षेत्र में रहें। इस व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com

**जेपी नड्डा की क्लास का असर**

# वसुंधरा-कटारिया एक साथ पहुंचे एम्स, जाना सांसद मीणा का हालचाल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे और नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया आज दिल्ली के एम्स अस्पताल पहुंचे और सांसद अर्जुन लाल मीणा का हालचाल जाना। उदयपुर सांसद अर्जुन लाल नई दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में भर्ती है। दोनों दिग्गज नेताओं ने एक साथ वहां जाकर अर्जुन लाल मीणा की कुशलक्षेम जानी। साथ ही चिकित्सकों से स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। दोनों नेताओं के एक साथ आने से प्रदेश के सियासी गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है। क्या यह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की क्लास का असर है? उल्लेखनीय है कि आज राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने दिल्ली निवास पर राजस्थान भाजपा नेताओं के साथ मीटिंग की थी। जिसमें विधानसभा चुनाव 2023 की रणनीति पर मंथन किया गया था।



### गहलोत सरकार पर हमलावर है भाजपा

राजस्थान में विधानसभा चुनाव 2023 के अंत तक होने हैं। प्रदेश भाजपा ने चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा लगातार गहलोत सरकार को घेर रही है। करौली हिंसा हो या फिर रीट पेपर लीक मामला। गहलोत सरकार पर लगातार हमलावर है। माना जा रहा है कि जेपी नड्डा ने प्रदेश भाजपा के नेताओं को एकजुट रहने की नसीहत दी है। जेपी नड्डा ने हाल ही में सवाई माधोपुर का दौरा किया था। लेकिन वसुंधरा राजे ने दौरे से दूरी बना ली थीं। लेकिन जेपी नड्डा की मीटिंग में शामिल होकर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने सुलह के संकेत दिए है। प्रदेश में वसुंधरा समर्थक विधायक लगातार वसुंधरा राजे को विधानसभा चुनाव 2023 के लिए मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने की मांग कर रहे हैं।

### बेवजह बयानबाजी नहीं करने की नसीहत

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर हुई बैठक में संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन मेघवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। माना जा रहा है कि बैठक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश भाजपा के नेताओं को बेवजह की बयानबाजी नहीं करने और अनुशासन में रहने की नसीहत दी है।




**ANCHOR** | **डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन का उद्घाटन**

# केम छो..मजामा, जब पीएम मोदी के सामने WHO प्रमुख ने पूछा हालचाल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जामनगर।** गुजरात के जामनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में डब्ल्यूएचओ प्रमुख डॉ टेड्रोस अदानोम घेब्रेयसस भी मौजूद रहे। इस दौरान डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने संबोधन की शुरुआत गुजराती से की। सबसे पहले उन्होंने हाथ जोड़कर नमस्कार किया और फिर पूछा केम छो। इसके बाद जब लोगों ने इसका जवाब दिया तो उन्होंने भी मजामा बोला।

दरअसल, पीएम नरेंद्र मोदी और WHO के महानिदेशक डॉ टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने गुजरात के जामनगर में डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन की आधारशिला रखी है। इस दौरान डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने अपने गुजराती से सबका दिल जीत लिया। उनकी गुजराती सुनकर पीएम मोदी भी मुस्कुराने लगे और तालियां बजाने लगे।



शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर घेब्रेयसस ने कहा है कि भारत से मेरा विशेष जुड़ाव है। मैंने भारत से पारंपरिक दवाइयों के बारे में सीखा है। इसके लिए मैं अपने भारतीय शिक्षकों का बहुत आभारी हूं। घेब्रेयसस ने आगे कहा कि साक्ष्य-आधारित पारंपरिक चिकित्सा को मजबूत करने के लिए विज्ञान की शक्ति का इस्तेमाल करने से मदद करेगा। इस महत्वपूर्ण पहल का समर्थन करने लिए मैं पीएम मोदी और भारत सरकार का आभारी हूं।

घेब्रेयसस ने कहा है कि मैं भी बॉलीवुड फिल्में देखते हुए बड़ा हुआ हूं और मैं समझता हूं कि स्विस आल्प्स बॉलीवुड प्रशंसकों के लिए एक पसंदीदा जगह है। इससे पहले भारत पहुंचने के साथ ही घेब्रेयसस ने कहा था कि आयुष मंत्रालय के प्रतिनिधियों के गर्मजोशी से स्वागत के लिए आभारी हूं। हम ऐसी चीजों पर काम कर रहे हैं जो आधुनिक स्वास्थ्य के साथ पारंपरिक चिकित्सा को एकीकृत करने की नींव रखेगी और दुनिया भर के लोगों को लाभान्वित करेगी।

संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## जागरूक खबरें

### शर्मा का हुआ ऑपरेशन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा का हाल ही में सीकर रोड स्थित एक हॉस्पिटल में पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन किया गया। शर्मा ने बताया कि बीते दिनों अचानक शाम तबीयत बिगड़ने लगी तो उन्हें परिवारजनों ने तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। जाँच में पता चला की पित्त की थैली में पथरी है। अस्पताल के डॉक्टर मनीष बंसल ने सफलता पूर्वक ऑपरेशन कर पित्त की थैली में पथरी को निकाल दिया। सूचना पर अस्पताल में देवेन्द्र शर्मा से मिलने दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप वैष्णव और राष्ट्रीय सचिव राम प्रताप अग्रवाल, राष्ट्रीय महासचिव गोविंद ठाकुर सहित राजस्थान के प्रदेश के अन्य पधाधिकारी पहुंचे। इस दौरान जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

### आरएनटी विधि महाविद्यालय में द्वितीय मूट कोर्ट हुआ आयोजित




**चित्तौड़गढ़ @ जयपुर।** गांधीनगर सेक्टर नंबर- 5 स्थित, स्थानीय आर.एन. टी. विधि महाविद्यालय में द्वितीय मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। कॉलेज समन्वयक गौरव त्यागी एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ. सेम जे अब्राहम ने बताया कि विधि प्रथम वर्ष एवं विधि तृतीय वर्ष के पाठ्यक्रम के अनुसार मूट कोर्ट आयोजित किया गया। विषय प्रभारी विधि व्याख्याता ज़फ्फ़र हुसैन वैलिम ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर के पाठ्यक्रम अनुसार विधि तृतीय वर्ष एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर के पाठ्यक्रमानुसार विधि प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा विनायक बनाम रिचा नामक सिविल समस्या पर मूट कोर्ट आयोजित किया गया। मूट कोर्ट संचालन में मार्गदर्शन विधि व्याख्याता जफ़्फ़र हुसैन वैलिम एवं सह प्रभारी ज़मीर आलम एवं अन्य विधि व्याख्यतागण क्रमशः शोएब खान, श्रेयसी उपाध्याय, निधि राय द्वारा किया गया। इस मूट कोर्ट में विधि विद्यार्थियों ने अपनी भूमिका अदा की जिसमें क्रमशः न्यायाधीश -जहान्वी टेलर, वादी के अधिवक्तागण -शहनाज़ सैयद , मुस्कान मेवाती, निकिता सेठीया, प्रतिवादी के अधिवक्तागण - यहया, मोनिका परिहार, राहुल जीनग़र, अन्य गवाह भावना चौहान, गोपाल जाट, अंकित चौधरी, गवाह वादी- फोटोग्राफर -चंचल सुथार, हैंडराइटिंग एक्सपर्ट- फ़हीम ख़ान, डॉक्टर -प्रहलाद राय, गवाह प्रतिवादी- रिचा की सहेली- वंशिका बैरागी, अस्मा खानम, मकान मालिक- प्रह्लाद राय, पंजीयक अधिकारी- फ़हीम ख़ान, स्टेनोग्राफर-संजय गिरी, रीडर- मंजू भील, हलकारा- दीपक प्रजापत, शपथ कर्ता-सत्यनारायण कुमावत आदि ने उपस्थित होकर अपनी भूमिका निभाई। मूट कोर्ट के अंत में आर एन टी. कॉलेज के प्रबंध निदेशक- डॉ. वसीम ख़ान ने उपस्थित विद्यार्थियों को सफल मूट कोर्ट के आयोजन के लिए बधाई दी।

### सांसद जोशी भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ गये वियतनाम



**नई दिल्ली/चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी.जोशी पांच दिवसीय 18 से 22 अप्रैल के आधिकारिक प्रवास पर वियतनाम गये। सांसद प्रवक्ता रघु शर्मा ने बताया कि चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी.जोशी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में जाने वाले भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ पांच दिवसीय आधिकारिक प्रवास पर वियतनाम रवाना हुए। भारत वियतनाम के मध्य 2000 वर्ष से भी पुराने संबंध है। यह प्रतिनिधिमंडल 22 अप्रैल तक वियतनाम में हिन्द-प्रशांत क्षेत्र को शांतिपूर्ण और समृद्ध बनाने के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेगा।

### झुंझुनूं के उदयपुरवाटी-गुढा रोड पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी

# पिकअप पलटने से 10 की मौत, 8 घायल

#### अस्थि विसर्जन कर लौट रहे थे

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**गुढ़ागौड़जी/खेतड़ी नगर (झुंझुनूं)।** झुंझुनूं में हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के 10 लोगों की मौत हो गई। इनमें 2 किशोर और 2 महिलाएं शामिल हैं। 8 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल लाया गया। घटना जिले के गुढ़ागौड़जी की है। मंगलवार दोपहर लीलो की ढाणी के पास उदयपुरवाटी-गुढा रोड पर पिकअप अचानक पलट गई। अहीरों की ढाणी (कृष्ण नगर) के ये लोग लोहार्गल अस्थि विसर्जन करने गए थे। गाड़ी में 18 लोग सवार थे। लौटते समय दुर्घटना हो गई।

#### मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने सड़क दुर्घटना में हुई लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



#### इनकी हुई मौत

**हादसे** में कैलाश (35) पुत्र गिरधारी लाल यादव, भंवरलाल (35) पुत्र रिछपाल यादव, सुमेर (50) पुत्र गिरधारी लाल यादव, राजबाला (35) पत्नी सुमेर यादव, अर्पित (15) पुत्र शिवकरण यादव, मनोहर (50) पुत्र प्रभात राम, नरेश (16) पुत्र श्रवण यादव और कर्मवीर (20) पुत्र सुमेर की मौके पर मौत हुई है। इलाज के दौरान बलवीर (40) पुत्र रमेश और सावित्री (45) पत्नी श्रवण ने दम तोड़ दिया। राहुल पुत्र सुमेर, विमला तथा ऊषा पत्नी रामजीलाल को जयपुर रेफर किया गया। जबकि जीवनी पत्नी रामजी लाल, विमला पत्नी खेमचंद, हीरा देवी (68) पत्नी रामफल, लक्ष्मी (45) पत्नी सतवीर और कमलेश (30) पत्नी गिरधारी लाल को झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में इलाज चल रहा है।

#### सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकराई पिकअप

**स्थानीय** लोगों ने बताया कि परिवार में वृद्ध की मौत हो गई थी। 14 दिन पूरे होने पर परिवार के लोग व रिश्तेदार अस्थियां विसर्जन करने के लिए लोहार्गल गए थे। वापस लौटते समय लीलां की ढाणी व हुकुमपुरा के बीच सड़क किनारे ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी थी। स्पीड में पिकअप ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। इसके बाद पलट गई।

### आप ने केंद्र एवं राज्य सरकार पर निशाना साधा

## जनता के बीच विश्वास खो चुकी है गहलोत सरकार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रीट पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की राजस्थान ब्रांच की ओर से प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज करने को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पर निशाना साधा है। आम आदमी पार्टी के राजस्थान में चुनाव प्रभारी और दिल्ली की द्वारका से विधायक विनय मिश्रा ने बताया कि राजस्थान में रीट भर्ती पेपर लीक प्रकरण लाखों अभ्यर्थियों और उनके परिवारों के साथ धोखा हुआ है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार जनता के बीच विश्वास खो चुकी है और अगले साल राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनाव में पत्ता साफ होने की बात समझ में आ चुकी है इसलिए गहलोत सरकार के मंत्री और चहेते अफसर जमकर भ्रष्टाचार कर रहे है। रीट भर्ती परीक्षा में धांधली इसका उदाहरण है। अब इस मामले में ईडी की जांच शुरू होने से उस पर मोहर भी लग गई है।

उन्होंने उम्मीद की है कि ईडी अपना काम ईमानदारी से करेगी और जो लोग पेपर लीक के लिए जिम्मेदार है उन पर कड़ी कार्रवाई करवाएगी। मिश्रा का आरोप है कि इस मामले में अभी कई प्रमुख लोग अपनी पहुंच के कारण बचे हुए है। राज्य सरकार एसओजी के माध्यम से जांचकर करा मामले में लीपापोती कर रही है। मिश्रा ने इस मामले में केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस मामले में सीबीआई जांच के भी आदेश होने चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को बिना राजनीतिक दवाब के ये जांच करवानी चाहिए। ये दोनों ही एजेंसिया केंद्र सरकार के अधीन है और ऐसे में उन पर किसी तरह का प्रेशर नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार पर इन जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर कई बार आरोप लग चुके है। उन्होंने राजस्थान की तरह यूपी में हुए परीक्षा भर्ती घोटाले की जांच भी बिना भेदभाव किए ईडी और सीबीआई को सोंपने की कार्रवाई करनी चाहिए। मिश्रा ने आरोप लगाया कि यूपी में भाजपा की सरकार है इसलिए वहां भी केंद्र सरकार ने अपने कदम पीछे कर रखे है।

#### महंगे कोयले की खरीद का भार जनता पर डालना गलत

विधायक और चुनाव प्रभारी विनय मिश्रा ने कहा कि बिजली कंपनियां कोयला संकट दिखाकर विदेशों से महंगा कोयला खरीद रही है और इसका भार आने वाले दिनों पर जनता पर डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि कोयल संकट के लिए बिजली कंपनियां और सरकारें दोषी है। जानबूझकर ऐसी स्थितियां बनाई जाती है जिससे कोयला संकट बना रहे और फिर निजी कंपनियों से महंगा कोयला खरीदकर अपनी जेब भर सके।

## दर्जी समाज के आराध्य गुरु पीपाजी महाराज की जन्म जयंती बड़े धूमधाम से मनाई

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जालौर।** रानीवाड़ा में पीपा क्षत्रिय दरजी समाज के आराध्य गुरुदेव श्री पीपाजी महाराज की 699 वीं जन्म जयंती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के दिन बड़े धूमधाम से मनाई गयी। पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज नवपट्टी के अध्यक्ष भीखाराम डाभी ने बताया कि रानीवाड़ा में स्थित पीपा जी मंदिर में गुरुदेव की जन्म जयंती महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाई गयी। भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमे समाज के भजन कलाकार फुलाराम परिहार,नयावाडा, दिनेश भडवल, पूराराम भाटी, मफल लाल पटेल,बाबू लाल थली की बेरी सहित कई भजन कलाकारों ने गुरुदेव के भजनों की प्रस्तुति दी। पूर्णिमा को सवेरे शोभायात्रा का आयोजन नगर की मुख्य सड़कों पर किया गया । उक्त जयंती मे आगामी चढ़ावे की बोलियां लगाई गयी व सहयोग कर्ताओं का साफा व माल्यार्पण एवं गुलाल के द्वारा स्वागत किया गया। वहीं समाज की बैठक में विशेष विचार विमर्श, शिक्षा, संस्कार को बढ़ावा देने, एवं नशा मुक्ति एवं अन्य कुरीतियां को दुर करने हेतु विचार विमर्श किया गया। इस सुभ अवसर पर नवपट्टी दर्जी समाज शिक्षा समिति के अध्यक्ष कपूराराम परमार, मिडिया प्रभारी भंवरलाल सोलंकी, महासचिव लाखाराम दैया, कोषाध्यक्ष सांवला राम पड़ियार बाबूलाल परिहार, उत्तमचंद सोलंकी, नरेशकुमार जाखडी, मफतलाल पटेल, विनाराम ब्रिजेश परमार राजेश कुमार, लाखाराम सोलंकी, मोहनलाल परमार, मोतीलाल, हीरालाल, जबरा राम, जोधाराम बगदा राम पादरा सहित सैकड़ों की संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे।

## पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के भरतपुर दौरे में नहीं जुट पाई भीड़

**भरतपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का आज भरतपुर दौरा भीड़ जुटने के हिसाब से काफी फीका रहा। पायलट के दौरे के दौरना भीड़ नहीं जुट पाई। कांग्रेस की गुटबाजी खुलकर सामने आ गई। पायलट समर्थक मंत्री विश्वेंद्र सिंह भी नदारद रहे। सचिन पायलट आज बयाना से कांग्रेस विधायक अमर सिंह जाटव की पुत्री की शादी में शिरकत करने पहुंचे। जहां उनके समर्थक रारह बॉर्डर पर उनकी अगवानी करने पहुंचे थे। लेकिन बॉर्डर पर पायलट के स्वागत में कांग्रेसियों की गुटबाजी सामने आई। क्योंकि इस दौरान कुछ ही कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे बाकी उनके समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दूरी बनाए रखी दरअसल जिस तरह से सचिन पायलट के भरतपुर आगमन की सूचना मिली । उसके बाद लग रहा था कि पायलट के आगमन के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ एकजुट होगी । मगर ना तो वहां लोगों की भीड़ मौजूद रही यहां तक कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं व उनके समर्थकों ने भी दूरी बनाए रखी। इस दौरान सिर्फ वही नेता और कांग्रेसी कार्यकर्ता देखने को मिले जिनको आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट लेने के रेस में शामिल है। पायलट के समर्थक और कांग्रेस कार्यकर्ता वहां दिखाई नहीं दिए । जिले के समर्पित कार्यकर्ता अशोक गहलोत के समर्थक हैं माने जाते हैं। वे अब सचिन पायलट से दूरी बनाए रख रहे हैं। इसी का नतीजा है कि आज भीड़ नहीं देख कर सचिन पायलट को भी निराशा ही हाथ लगी। इस बारे में कांग्रेस नेताओं से पूछा तो उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है बल्कि शादी में आ रहे हैं इसलिए लोग नहीं आ पाए।




ANCHOR | अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद (रजि)

# परशुराम जन्मोत्सव व सदस्यता को लेकर प्रदेश स्तरीय सभा आयोजित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजधानी जयपुर के मानसरोवर मे स्थित श्री श्याम मंदिर में अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद (रजि) द्वारा एक विशेष प्रदेश स्तरीय सभा का आयोजन किया गया. जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के भी सदस्य उपस्थित रहे। ये सभा विशेष भी इसलिए है कि विगत 2 वर्षो में कोरोना माहमारी के कारण कोई सभा आयोजित नहीं की गई. कोरोना जैसी भयानक ओर प्रलयंकर महामारी के पश्चात पहली प्रदेश स्तरीय सभा आयोजित हुई।

सभा में अलग अलग जिलों से गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए. कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक श्रीराम इन्दौरिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव व वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय रमेश चन्द्र शर्मा, नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव चन्द्र शेखर शर्मा, राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य व संस्थापक सदस्य डॉ.मोतीलाल शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष (महिला शक्ति) अन्तिमा इन्दौरिया, राष्ट्रीय महासचिव (युवा प्रकोष्ठ) त्रिवेन्द्र कुमार पाठक व राष्ट्रीय सचिव (युवा प्रकोष्ठ) पंकज शर्मा ने भी इस प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम की रूपरेखा में प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा, महिला शक्ति प्रदेश अध्यक्ष अल्का शर्मा, जिलाध्यक्ष जयपुर लव शर्मा, जयपुर अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) आस्था वशिष्ठ एवं नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विजय जोशी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का सम्बोधन राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शर्मा ने अपने स्वागत भाषण के साथ प्रारम्भ किया तथा सभी गणमान्य उपस्थित सदस्यों को श्री श्याम भगवान के नाम का दुपट्टा पहनाकर सभी का विजय जोशी, त्रिवेन्द्र पाठक एवं अलका शर्मा ने स्वागत किया। उसके बाद उपस्थित अतिथि व वरिष्ठ सदस्यों को साफा पहनाकर सम्मानित किया। इसी दौरान श्री श्याम मन्दिर परिसर में ही विमल शर्मा जी को ग्रेटर जयपुर का अध्यक्ष घोषित किया। इसके पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों ने अपना अपना परिचय व उद्बोधन दिया। जिसमे राष्ट्रीय महासचिव रमेश चंद शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव चंद्रशेखर शर्मा, सवाईमाधोपुर जिलाध्यक्ष डॉ.मधु मुकुल चतुर्वेदी, संस्थापक सदस्य डॉ. मोतीलाल शर्मा, नवनियुक्त अध्यक्ष जयपुर ग्रेटर विमल शर्मा ने अपने विचार रखे. आगामी परशुराम जन्मोत्सव को लेकर भी चर्चा हुई, जिसमें सभी जिलों में परशुराम मन्दिर पर पूजा अर्चना कर परशुराम जन्मोत्सव मनाने का संकल्प लिया तथा साथ ही एक बडे स्तर का प्रदेश स्तरीय विप्र सम्मेलन करने का भी संकल्प लिया गया। सभी गणमान्य अतिथियों ने अपने अपने भाषण के दौरान समाज में एकता और एक दुसरे का साथ देने की बात पर जोर दिया तथा इसके साथ युवा व बच्चों को ब्राह्मणत्व की शिक्षा व संस्कार देने की बात कही। इसके बाद समाज में अच्छा कार्य करने वाली टीमों को चिन्हित कर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

जिसमें करौली जिलाध्यक्ष रामपंडा व टीम, पूर्व उदयपुर जिलाध्यक्ष व आज युवा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किए गए विजय जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) दौसा नेहा चतुर्वेदी, संभाग अध्यक्ष अजमेर लोकेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष अलवर भारत शर्मा व टीम एवं महिला प्रदेश अध्यक्ष अलका शर्मा व टीम की सदस्य आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम बहुत ही ऊर्जावान व जोश से परिपूर्ण व जय परशुराम जी के नारों से आगे बढता रहा तथा एक सहभोज के बाद कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

## जागरूक खबरें

हनुमान जन्मोत्सव पर गोलासन में मेला आयोजित, जागरण में उमड़े भक्त

# 551 किलो के रोट का लगाया भोग



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**साँचोर।** क्षेत्र के गोलासन गांव स्थित हनुमान मंदिर में पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से बनाया गया।मंदिर में सुबह छह बजे भगवान की जन्मोत्सव आरती हुई। मिठाई,फल, नमकीन आदि का भोग लगाया। हनुमान जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। जन्मोत्सव की आरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। नियमित दर्शनार्थियों के अलावा अन्य भक्त भी पहुंचे। सुबह से भक्तों के आगमन का सिलसिला चल रहा है। इससे पूर्व पूर्णिमा की संध्या को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें गायक कलाकार सरिता खारवाल,मोहित राठौड़,झांकी कलाकार लकी जटाधारी दिल्ली,भाटी म्यूजिक पाली,सुभाष पंडित पुर सांचौर ने अपने जादुई आवाज में भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं शनिवार को सुबह मेले का आयोजन हुआ। जिसमें 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर पंडितों द्वारा हनुमान जी का पूजन एवं सुंदरकांड का आयोजन किया गया। जिसके बाद 551 किलो का रोट बनाकर हनुमान जी को भोग लगाया। बता दें कि गोलासन हनुमान मंदिर प्राचीन काल का बना हुआ है। जिसके कारण हर पूर्णिमा को यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगती है,लेकिन इस बार हनुमान जन्मोत्सव होने के कारण हर बार से ज्यादा लोगों की भीड़ एकत्रित हुई है।

### 551 किलो की बनाया भोग के लिए रोट

हनुमान मंदिर गोलासन में जन्मोत्सव को लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां की गई। जिसमें भजन संध्या के अलावा 551 किलो का रोट बनाया गया। रोट बनाने में 7 डिब्बा घी,300 किलो गेहूं,15 किलो काजू15 किलो किशमिश, 500 इलायची व 150 किलो गुड़ का उपयोग किया गया।

### जमीन फाड़ प्रकट हुए, ग्वाले ने बताया ग्रामीणों को

सांचौर क्षेत्र के गोलासन ग्राम में स्थित प्राचीन विशाल हनुमानजी मंदिर उपखंड क्षेत्र ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों की जनता के आस्था का केन्द्र बना हुआ है। मंदिर में हर पूर्णिमा को मेला लगता है। मंदिर करीब 700 वर्ष पुराना बताया जा रहा है। पुजारी रतनपुरी महाराज के अनुसार गोलासन में स्थित गोचर भूमि पर अत्यधिक जालों के वृक्ष होने से सुनसान था। एक दिन ग्वाला गायों व भेड़ बकरियों का चरा रहा था,इस दौरान साधु वेश में एक महात्मा प्रकट होकर ग्वाले के सामने आए। इस दौरान महात्मा ने कहा कि गोचर भूमि में कहीं पर आवाज सुनाई दे तब शांत रहना एवं किसी भी प्रकार की आवाज नहीं करनी यह कहकर कुछ समय के बाद महात्मा लुप्त हो गए,लेकिन कुछ देर बाद गोचर भूमि में जोर से गर्जना हुई,जिसपर चर रहे पशु डरकर इधर - उधर भागने लगे। चर रहे पशुओं को भागते देख ग्वाले ने पशुओं को ठहरने के लिए आवाज लगा दी। ग्वाले की आवाज सुनते ही गोचर भूमि में जोर से हो रही गर्जन बंद हो गई एवं गर्जना वाले स्थान पर जाकर देखा तो हनुमान जी की प्रतिमा बाहर आई हुई थी। बताया जा रहा है,कि ग्वाले द्वारा आवाज लगने की वजह से प्रतिमा पूरी जमीन से बाहर नहीं आई एवं आधे पैर आज भी जमीन के अंदर दबे है।

### प्रतिमा के साथ कुई आई थी बाहर , जहां श्रद्धालु चढ़ाते है तेल सिंदूर

गोलासन गोचर भूमि में हनुमानजी की प्रतिमा के साथ - साथ उनके पैरों के आगे एक कुई भी जमीन से बाहर आई थी। कुई में अब श्रद्धालु दर्शन के दौरान तेल सिंदूर चढ़ाते है। पुजारी ने बताया कि कुई अत्यधिक गहरी है,जहां कई बार लोगों ने पता करने की कोशिश की गई थी,लेकिन उसके गहराई की सीमा अब तक पता नहीं चल पाया है। ग्रामीणों के सहयोग से 1984 में मंदिर निर्माण शुरू हुआ। 1999 प्राण प्रतिष्ठा हुई। बालाजी हनुमान मंदिर पर हनुमान अष्टमी,जयंती के अलावा अन्य दिनों में भक्तों का तांता लग रहता हैं। अति प्राचीन इस मंदिर में मंगलवार एवं पूर्णिमा को खासकर भक्तों को भीड़ रहती है। बताया जाता है मंदिर परिसर में मन्नत के धार्मिक आयोजन होते रहते हैं।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** अर्पण सेवा समिति द्वारा टाइनी आईलैंड किड्स स्कूल मुक्ता प्रसाद कॉलोनी में डॉक्टर लाजपतराय मेहरा न्यूरो थेरेपी संस्थान के तत्वाधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें घुटना दर्द, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, माइग्रेन, सर्वाइकल व अन्य लोगों का बिना दवाई उपचार किया गया। अध्यक्ष राजकुमार भाटिया ने बताया कि डॉ नकुल राठौड़, चंचल सेन, आनंद सिंह स्वप्निल तिवाडी ने अपनी सेवाएं दी। इस कार्यक्रम में पार्षद सुरेंद्र डोटासरा चेतना चौधरी वार्ड नंबर 17 (नेता प्रतिपक्ष नगर निगम बीकानेर) अमित वर्मा, दर्शना वर्मा, अनिल माथुर अतिथि थे। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी डॉ नरेश गोयल थे। महिला जिला अध्यक्ष चंचल सांखला, सचिव रानी परीक जिला संयोजक चंचल सेन ने जानकारी दी कि इस शिविर में 55 से ज्यादा लोग लाभान्वित हुए। चिकित्सा शिविर की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई वह सभी अतिथियों को माला श्रीफल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# शनिदेव मंदिर में बढ रहा हैं श्रद्धालुओं का ध्यान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुरवाटी।** मंगल ग्रह और गुरु ग्रह के प्रभाव से विश्व में युद्ध की स्थिति तथा अर्थ व्यवस्था चरमाने के हालात उत्पन्न होते हैं और लोगों में रोगों अन्य आशंकाएं उत्पन्न होती है। ऐसा ज्योतिषद् विदों का कहना है। इसका परिणाम भी विश्व में हो रही युद्ध की घटनाएं बढती महंगाई, बढती स्वास्थ्य चिंताएं, राजनीति प्रभाव और परिवर्तन को देख कर समझदार नागरिकों की समझ में आता है। ऐसे दुःख में भगवान ही पीड़ितों को ज्यादा याद आता है । इस मानसिकता में न्याय व धर्म का देवता उन्हें ज्यादा याद आता है और उसकी शरण में श्रद्धा से जाते हैं और कष्टों को दूर करने का प्रयास करते हैं । ऐसा ही देखने को मिल रहा है, कस्बे के जांगिड़ मोहल्ले के शनिदेव मंदिर में श्रद्धालुओं का हर शनिवार बढती हुई संख्या को देख कर। पुजारी मनीष भार्गव ने बताया कि पिछले सालों की तुलना में यहां मंदिर में आने वाले भगतों की तादाद में चौगुनी वृद्धि हुई है। शनिवार को सुबह से देर शाम तक महिला और पुरूष श्रद्धा से शनि मंदिर में तेल चढा कर, दीपक जला कर और अर्चना कर अपने कष्टों को दूर करने की मनो कामना करते हैं। नगरपालिका उदयपुरवाटी प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं की तादाद को देखते हुए मंदिर परिसर में सीमेंटेड बैंचों का निर्माण करवाया ताकि श्रद्धालु आराम से अपनी अर्चना कर सके। मंदिर के बाहर की दीवार बदरंग दीवार पेंटर बाबू भाई को रास नहीं आई तो उन्हें निस्वार्थ और निशुल्क भाव से कई दिनों के श्रम से शनिदेव और हनुमानजी आदि की विविध रूप में सुंदर चित्रकारी कर शनिदेव मंदिर को अपनी कला भेंट की और वो भी बांए हाथ में पकड़ी कूची की करामात से।

स्पंदन सम्मान एवं साहित्यिकार अलंकरण सम्मान समारोह

# साहित्यकार भरतचन्द्र ने बढ़ाया वागड़ के साहित्य का मान



**जयपुर।** जाने-माने साहित्यकार भरतचन्द्र शर्मा को जयपुर में आयोजित समारोह में उनके उपन्यास 'पीर परबत -सी' के लिए शिक्षाविद् पृथ्वीनाथ भान सम्मान प्रदान किया गया। पिंकसिटी प्रेस क्लब मुख्य सभागार जयपुर में स्पंदन संस्थान एवं साहित्यिक त्रैमासिक पत्रिका 'साहित्य समर्था' के सौजन्य से उपन्यास विधा में शिक्षाविद् पृथ्वीनाथ भान पुरस्कार एवं अखिल भारतीय डॉ. कुमुद टिक्कू अंलकरण का भव्य एवं गरिमामय समारोह संस्थान की अध्यक्षा एवं साहित्यकार डॉ. नीलिमा टिक्कू के निर्देशन में आयोजित किया गया।

### साहित्य जगत की हस्तियों ने दिए पुरस्कार

समारोह की मुख्य अतिथि देश की प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ.सूर्यबाला (मुम्बई) थी जबकि अध्यक्षता राजस्थान राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष प्रो. पवन सुराणा ने की। विशिष्ट अतिथिगण के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं दूरदर्शन केन्द्र जयपुर के पूर्व निदेशक नन्द भारद्वाज, वरिष्ठ साहित्यकार एवं कॉलेज शिक्षा के पूर्व निदेशक डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल, वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. सुदेश बत्रा, मुख्यमंत्री-राजस्थान के विशेषाधिकारी एवं मशहूर साहित्यकार फ़ारुक आफ़रीदी तथा हिन्दी प्रचार-प्रसार संस्थान जयपुर के अध्यक्ष डॉ. अखिल शुक्ला आदि ने शर्मा को यह सम्मान प्रदान किया। इसके अन्तर्गत भरतचन्द्र शर्मा को उनके उपन्यास पीर परबत-सी के लिए अतिथियों ने शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र एवं 11 हजार रुपए पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया।

भीनमाल विधायक पुराराम चौधरी, प्रधान किरण भारतीय, भरत सिंह भोजाणी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

# संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर की धूमधाम से मनाई 131वीं जन्मजयंती



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भीनमाल @ रविन्द्र रोहिण।** संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मजयंती पर्व पर अंबेडकर जयंती आयोजन समिति, भीनमाल के तत्वधान में विशाल वाहन रैली निकाल कर सामाजिक समरसता एवं समानता का संदेश दिया गया। आप को बता दें कि बाबा रामदेव मंदिर, भील बस्ती, जुंजाणी बस स्टेण्ड से विशाल वाहन रैली को विधायक पूरा राम चौधरी, प्रधान किरण भारतीय, एवं स्र4ह्यश्च सीमा चोपड़ा द्वारा हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया गया बाबा रामदेव मंदिर, भील बस्ती, जुंजाणी बस स्टेण्ड से शुरू हुई रैली होली चौक, सुंगी नाका, दासपा रोड, हायर सेकेंडरी स्कुल, महावीर चौराहे से होते हुए अंबेडकर सर्किल पहुंची जिसमे बहुजन समाज के हजारो युवाओं एवं बहनों ने भाग लिया। प्रधान किरण भारतीय एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण सिंह राठौड़ द्वारा रामसीन रोड़ पर सिथत मेघवाल समाज छात्रावास में दोहपर बादडॉ भीमराव अंबेडकर की तसवीर पर माल्यार्पण कर जय भीम का उद्धघोष किया गया। इस दौरान एडवोकेट अजमत अली शैयद, जगदीश परमार, कालाराम दादलियान, भानाराम काबावत, ओटाराम काबावत ठेकेदार,दलाराम काबावत, पार्षद सुनील मौर्या, रणजीत नट, आरिफ खां, दिनेश मौर्या, पारस पारंगी, पुखराज बिश्नोई, शेखर व्यास, भरत सिंह भोजानी, अर्जुन सिंह दुदिया, प्रवीण रू दवे, ओमप्रकाश खोरवाल, सवाराम वाणीका, दीपक तंवर, राजेंद्र फुलवारिया, राजेश बालोटिया, प्रकाश नवल, इंद्रा नवल, पिंकी फुलवारिया सहित बहुजन समाज के हजारों लोगों ने भाग लिया।

### सामाजिक एकता का दिया संदेश

वही भादरड़ा चुंगी नाका पर मुस्लिम युवा फ़ोर्स द्वारा शरबत एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था कर देश प्रदेश में बिगड़ रही सामाजिक समरसता को बनाये रखने का संदेश दिया गया। रैली के दौरान मुस्लिम युवा फ़ोर्स के अतिरिक्त व्यवसायी बसंत फुलवारिया, रांगी ग्रुप खारी रोड़ भीनमाल, आर्य समाज, श्रीमाल विचार मंच द्वारा भी शरबत एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था रही। कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए भीनमाल dy.sp सीमा चोपड़ा थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह चंपावत के नेतृत्व में भारी तादात में रैली में पुलिस बल तैनात रहा।

# अंबेडकर जयंती पर संविधान निर्माता को अर्पित की पुष्पांजलि



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सरनाऊ।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 131 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ बनाई गई राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उपशाखा सरनाऊ व अंबेडकरवादी साथियों की ओर से आयोजित बाबा साहेब की 131 वी जयंती राउमा वि सरनाऊ के विद्यालय प्रांगण में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश ढाका तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि बुद्धा राम गोदारा विशिष्ट अतिथि के नाते जिला परिषद सदस्य प्रवीण साहू, बलवन्त राणा पंचायत समिति सदस्य, देवीलाल सारण सरपंच प्रतिनिधि सांकड, राजू राम जाणी, शिक्षक संघ प्रगतिशील के जिलाध्यक्ष रामनिवास साउ, दार्शनिक एवं विचारक मंगलाराम कड़वासरा,कूड़ा सरपंच महादेवा राम मेघवाल, बलवंता राम राणा, भंवरलाल कड़वासरा PEEO सरनाऊ, प्रेमाराम जी प्रधानाध्यापक, के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उपशाखा सरनाऊ के अध्यक्ष जवाराराम मेघवाल ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान पर प्रकाश डाला एवं उन्होंने कहा कि संविधान के निर्माता बाबा साहेब के पद चिन्हों पर चलते हुए को राष्ट्रहित में नए समाज का निर्माण करना है । बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पूरे देश के सर्व मान्य नेता थे जिन्होंने विदेशों से अच्छी शिक्षा हासिल की और भारत के संविधान निर्माण में की महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। भारत के गरीब शोषित, पीड़ित, वंचित तथा महिला उत्थान करने पर विशेष काम किया। भारत को लोकतंत्र समाजवाद धर्मनिरपेक्षता और समानता का पाठ पढ़ाया तथा अहिंसा का रास्ता दिखाया है। अपन सब को उस रास्ते पर चलते हुए नए समाज का नवनिर्माण करना है। उन्होंने एकता-अखण्डता, भाईचारा एवं प्रेम से रहने की बात बताई। उन सबको वर्तमान समय के अंदर सर्व समाज को धारण करना है। इस अवसर पर बाबूलाल कुराड़ा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सांचौर, धर्माराम परमार अध्यक्ष राजस्थान मेघवाल परिषद सरनाऊ, राजेंद्र कुमार साहू मंत्री सांचौर, पीसी सारण, केसाराम कुराड़ा, किशन लाल पुनिया, माला राम गोदारा, जितेंद्र जाणी, पूनमाराम मांजू, उत्तम राठौड़, बाबूलाल खिलेरी, राजूराम गोदारा, पुनमचंद, दशरथ गुलसर नर्सिंग ऑफिसर, कुम्भाराम देवासी, हेमाराम मेघवाल साकड, हसा राम मेघवाल पालडी, आसुराम मेघवाल पूर्व सरपंच कोटडा, शंकर देवासी पूर्व जिला परिषद सदस्य, चतरा राम देवासी समाजसेवी सरनाऊ, मलाराम कुराड़ा, मोहनलाल सारण, शंकर डारा, मोहन मांजू, वचना राम राणा प्रधानाध्यापक डीगांव, हंजाराम राणा जय किशन राणा, बेचराराम देवासी, पूराराम देवासी, देवाराम मेघवाल, घम्माराम सारण, बाबूलाल मेघवाल सेडिया,रतनाराम मेघवाल कोटडा, जोगाराम मेघवाल भाटीप, कालूराम मेघवाल सांकड,जोधा राम मेघवाल, रूगनाथ सारण, रामनिवास परिहार, दिनेश सारण सहित सैकड़ों लोगो मौजूद रहे।

ANCHOR अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन

# त्रिवेणी महोत्सव में शामिल हुए देश दुनिया के प्रतिनिधि

अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल की अगुवाई में सम्पन्न हुआ महोत्सव



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोलकाता।** अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा 17 अप्रैल की शाम अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के मार्गदर्शन में ऑनलाइन जूम एप पर त्रिवेणी महोत्सव का आयोजन किया गया ,इस कार्यक्रम में जहां भारत देश के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेशों से भी अंतर राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के परिवार के सदस्यों ने जुड़कर इस कार्यक्रम में सहभागिता की तो वही कार्यक्रम मे बच्चों ने बहुत सुंदर ढंग से अपनी प्रस्तुति दी, कार्यक्रम का मंच संचालन मैसूर कर्नाटक से सांस्कृतिक कार्यक्रम की राष्ट्रीय संयोजक उषा केडिया ने करते हुए सभी आगंतुकों का अभिवादन किया तथा कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

इस अवसर पर अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने कहा कि आज पूरे देश सहित विदेशों में भी अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की संस्था सक्रियता के साथ काम कर रही है, एवं सभी सदस्य पूरी सेवा भावना के साथ समस्त कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कर रहे हैं, इसके अलावा सम्मेलन के केंद्रीय पदाधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता की तथा त्रिवेणी महोत्सव का शुभारंभ भगवान श्री गणेश जी की वन्दना शैली रुंगटा द्वारा, श्रीजी अग्रवाल (कोलकाता) स्वागत नृत्य पूजा अग्रवाल (हावरा कोलकाता) ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय, प्रांतीय प्रभारी संयोजक कृष्णा भिवानीवाला कोलकाता, आरती रामगढ़िया चेन्नई, उमा बंसल (छत्तीसगढ़), बबिता अग्रवाल (दुर्ग छत्तीसगढ़), डॉ. उमा अग्रवाल (महाराष्ट्र, पूनम अग्रवाल (नागपुर महाराष्ट्र), शशि पोद्दार (वृहत्तरकोलकाता), प्रियंका गोयल (राजस्थान), सपना अग्रवाल(जयपुर राजस्थान) पूजा गर्ग ( दिल्ली NCR ) एवम मनीषा क़ज़ारिया ( सुरत गुजरात ) प्रमुख थे, जूनियर ग्रूप में राघव रुंगटा और उनके साथी, (नागपुर महाराष्ट्र) प्रथम पुरस्कार कूशिव अग्रवाल एवं उद्धव अग्रवाल (कोरबा, छत्तीसगढ़)द्वितीय पुरस्कार यशिता लोया (कुवैत) तृतीय पुरस्कार अन्नता सुल्तानिया छत्तीसगढ़, प्राची रामगढ़िया (चेन्नई)सांत्वना पुरस्कार, सिनीयर ग्रूप में अर्निमा गुप्ता) जयपुर राजस्थान) प्रथम पुरस्कार नीता गर्ग (सुरत, गुजरात) द्वितीय पुरस्कार, सारिका अग्रवाल (जयपुर, राजस्थान) तृतीय पुरस्कार माया लक्ष्मीकान्त पटवारी (पचोरा, महाराष्ट्र) सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया, वेदीका अग्रवाल, सिद्धि सिंघानिया, अनारिया जैन, नंदिनी गुप्ता, देवेश गोयल, अरना अग्रवाल,अरवी अग्रवाल, अनंया अग्रवाल, रौनक़ रुंगटा, दिविजा अग्रवाल, सिद्धार्थ रामगढ़िया, सुदर्शन मित्तल, रंजना गर्ग, अवनी जालान, आचमन बंसल, भुवि बंसल अवनी अग्रवाल, शीतल लाठ, डिम्पल अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, निमिशा गोयल, पूजा अग्रवाल, मोनिका, सिमरन अग्रवाल, अनिता अग्रवाल ने भाग लिया। आयोजन के निर्णायक के रूप में सुमन गोयल (मधुरई, तमिलनाडु) एवम उमा चौधरी ( विराटनगर, नेपाल) ने अपनी सेवाएं दी तथा कार्यक्रम का सुंदर शब्दों में धन्यवाद ज्ञापन उमा बंसल छत्तीसगढ़ में करते हुए समस्त आगंतुक शामिल सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का बेहतर ढंग से संचालन अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की सांस्कृतिक कार्यक्रम की राष्ट्रीय संयोजक एवं अग्रज्योति मासिक पत्रिका की संपादक उषा केडिया मैसूर कर्नाटक ने करते हुए कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा पूरे वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, तथा विगत दिनों रामनवमी एवं हिंदू नव वर्ष के पुनीत मौके पर यह कार्यक्रम किया जाना था,जो कि तकनीकी कारणों से विलंब हो गया एवं आज हम सभी 17 अप्रैल को इस कार्यक्रम को संपन्न करा रहे हैं तथा उषा केडिया ने सभी पदाधिकारी/ सदस्यों की सक्रियता के लिए भी उनका आभार व्यक्त किया।

# सरिस्का में एसटी-6 की मौत

16 साल की उम्र में अंतिम सांस ली, नवंबर 2020 से एनक्लॉजर में था, घाव हो गए थे, बुढ़ा भी



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अलवर।** सरिस्का से एक और बुरी खबर है। सबसे खुंखार टाइगर एसटी-6 की मौत हो गई। टाइगर बूढ़ा हो गया था। जिसे 23 फरवरी 2011 को केवलादेव भरतपुर से अलवर लाया गया था। जिसकी करीब 16 साल की उम्र में मौत हुई है। पहले एसटी -4 और एसटी- 6 के झगड़े के बाद टाइगर एसटी-4 की मौत हो गई थी। लेकिन बाद में एसटी-6 के पीठ पर घाव हो गए थे। जब टाइगर की हालत नाजुक होती गई तो उसे नवम्बर 2020 से एनक्लॉजर में रखा गया था। अब उसकी मौत हो गई है। जानकारी में यह भी आ रहा है कि टाइगर को एनक्लॉजर में पूरा खाना नहीं मिला। रात को ही टाइगर की मौत हो गई। लेकिन अधिकारियों ने ऐसा मानने से इंकार किया है।

### 3 महीने पहले एसटी - 13 गायब

सरिस्का में टाइगर एसटी - 13 तीन महीने पहले से गायब है। जिसका कोई सबूत नहीं मिला है। अब उसे मृत मान लिया गया है। जानकारो का कहना है कि टाइगर एसटी - 13 का शिकार हो गया है। लेकिन वन प्रशासन का कहना है कि टाइगर की मौत या शिकार के कोई सबूत नहीं मिले हैं। इसलिए अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है।

### पहले एसटी - 1 की मौत, 4 व 6 भी गए

अलवर सरिस्का में एसटी 1 का शिकार हो गया। इसके बाद एसटी 4 झगड़े में मारा गया। अब एसटी- 6 की मौत हो गई। एसटी 2 और एसटी 3 अभी जंगल में हैं। ये दोनों फिमेल हैं।

### एक नंबर और कम

अलवर सरिस्का में शावक 7 हैं, मेल 7 हैं और फिमेल 11 फिमले हैं। एक मेल और कम हो गया। पिछले तीन महीने में दो मेल टाइगर कम हो गए। खास चिंता की बात यह है कि टाइगर एसटी-13 सबसे ताकतवर टाइगर था। जिसके सरिस्का में करीब 11 से 12 शावक हैं। अब सरिस्का में कुल 25 टाइगर बचे हैं।

### 2008 से विस्थापन

सरिस्का 2004-5 में टाइगर विहीन हो गया था। उसके बाद 2008 में वापस टाइगर विस्थान करना शुरू हुआ। उसके बाद से लगातार टाइगर की संख्या बढ़ी है। लेकिन अब वापस सरिस्का में टाइगर की मौत व गायब होने शुरू हुआ। पहले टाइगर एसटी - 5 गायब हो गई। अब टाइगर एसटी - 13 गायब हुआ। बीच में दो-तीन टाइगर काशिकार हो गया।

# 131 वीं जयंती मनाई: अष्ट धातु से बनी मूर्ति का लोकार्पण




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सांचौर।** शहर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सबसे पहले रैली का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए। रैली पंचायत समिति से रवाना होकर अंबेडकर सर्कल पहुंची। जहा पर गणेश मठ के गणेशनाथ महाराज और राज्य मंत्री सुखराम बिश्नोई ने अष्ट धातु से बनी भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का लोकार्पण किया। अष्ट धातु की मूर्ति का लोकार्पण गौरतलब है कि यहां पूर्व में मूर्ति लगी हुई थी लेकिन कुछ आसामाजिक तत्वों ने इसे खंडित कर दिया। जिसके बाद अष्ट धातु की मूर्ति की स्थापना की गई। मूर्ति का अनावरण करने के बाद रैली बाबा उद्यान पहुंची। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। उद्यान में सभा का आयोजन किया गया। जिसको संबोधित करते हुए मंत्री सुखराम बिश्नोई ने कहा की बाबा साहब ने देश के संविधान का निर्माण किया था। उनके बताए रास्ते पर चलने से उत्थान होगा। उन्होंने कहा कि अंबेडकर की जयंती को लेकर आज जो लोगों में उत्साह देखने को मिला है वो काबिले ए तारीफ है। इस दौरान भाजपा नेता दानाराम चौधरी, कांग्रेस के युवा गौरव सारण,पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी, बीरबल पुनिया,माली समाज अध्यक्ष के भगवाना राम माली,गवारिया समाज अध्यक्ष श्रवण गेलाना,गर्ग समाज अध्यक्ष मसरा राम गर्ग, मेघवाल समाज अध्यक्ष जवारा राम व वागरी समाज अध्यक्ष कांति लाल सहित हजारों की तादाद में लोग मौजूद रहे।

## जागरूक खबरें

### मोहर मगरी पर बनेगी लव कुश वाटिका



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** लव कुश वाटिका बनाने को लेकर मोहर मगरी का चयन किया गया है। लव कुश वाटिका बनाने को लेकर जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन समिति कक्ष में सोमवार को हुआ। बैठक में जिला परिषद् सीईओ अपर्णा गुप्ता भी मौजूद रहीं। बैठक में उप वन संरक्षक सुगना राम जाट ने लव कुश वाटिका को लेकर पूरा प्लान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि मोहर मगरी में बनने वाले लव कुश वाटिका में लेंटाना जूलीफ्लोरा उन्मूलन कार्य, इको ट्रेक, जीप लाइन, सीमेंटेड बेंच वूडन पैटर्न, चिल्ड्रन प्ले एरिया, निरीक्षण पथ, नाडी निर्माण, वूडन झोंपे, वोच टावर आदि कार्य कराए जाएँगे। ये कार्य होने से दुर्ग पर हेरिटेज टूरिज्म के लिए आने वाले पर्यटक यहाँ लव कुश वाटिका में इको टूरिज्म के साथ-साथ एडवेंचरस गतिविधियों का भी लुत्फ़ उठा सकेंगे। बैठक में उप वन संरक्षक ने बताया कि 55 हेक्टेयर वन क्षेत्र है जो लव कुश वाटिका के नाम से एक इको टूरिज्म साइट के रूप में मोहर मगरी में विकसित किया जाना प्रस्तावित है। यह स्थल जिला मुख्यालय से चार किलोमीटर दूर घटियावली रोड पर स्थित है जो किला वन खंड पश्चिमी ढाल पर मोहर मगरी के नाम से जाना जाता है। ऐतिहासिक महत्त्व का होने के चलते मोहर मगरी का चयन लव कुश वाटिका निर्माण हेतु किया गया है।

### विवेकानंद युवा संस्थान ने बांधे परिंडे



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** लगातार बढ रही गर्मी में जीवदया को सार्थक करने करते हुए पक्षियों को राहत पहुचाने एवं बढती गर्मी में पक्षियों की जीवन रक्षा हेतु संस्थान द्वारा पंचायत स्तर पर परिन्डे बांधने का कार्य किया जा रहा है। संस्थान के जिला संयोजक किशन गुर्जर ने बताया कि गांव तुम्बडिया में मांदलदा खान चौराहे, गांव नारेला में नौ मिल चौराहे एवं शनिमहाराज के मंदिर, केलझर, अमरपुरा, बिजयपुर एवं भाटियों का खेडा में स्वामी विवेकानन्द युवा संस्थान के तत्वाधान में एक प्रयास सेवा का परिन्डा अभियान पुरे जिले भर में चलाया जा रहा है। संस्थान के मंत्री पुरण सिंह राणा ने बताया कि लगातार बढ रही गर्मी में बेजुबान पक्षियों को पानी की तलाश में दर-दर भटकना पड़ता है। संस्थान द्वारा परिन्डा बांधने के अभियान में जिले भर में 1100 परिन्डे बांधने के लक्ष्य को पुरा करने हेतु तुम्बडिया, नारेला, केलझर, अमरपुरा, बिजयपुर, भाटियों का खेड़ा गांव में परिन्डे बांधकर अभियान को आगे बढाया गया। कार्यक्रम के दौरान रामप्रसाद पुरोहित, देवी लाल अहीर, ओमप्रकाश जटिया, नरेन्द्र सिंह जवासिया, युवराज सिंह विजयपुर, भंवर लाल सालवी, उदय लाल गुर्जर, भैरू गिरी पालछा, रोबिन सिंह केलझर, उदय लाल, लविराज सिंह मांगीलाल अहीर, गोपाल धाकड़, मुरली धाकड़, रामकिशन धाकड़, गोपाल धाकड़, कन्हैया लाल धाकड़, कमलेश धाकड़, प्रहलाद सेन, रतन लाल धाकड़, भेरू गोस्वामी सुरेश कुमावत, कालु सिंह, बद्री गुर्जर, नरेन्द्र लौहार, मांगी लाल अहीर, शम्भु लाल अहीर, कालु सेन, रतन लाल अहीर, दुर्गा सिंह, राधेश्याम अहीर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हनुमान जयंती पर भगवा ध्वजों व मनमोहक झांकियों के साथ उल्लास से निकली शोभायात्रा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुरवाटी।** कलियुग के देव बालाजी यानि शनिवार को हनुमान जयंती। कहा जाता है बालाजी तो ऐसे देव है जो शनिदेव को भी सबक सिखाये हुए हैं। ऐसे देव की जयंती पर घर-घर, देवरा-देवरा और मंदिर-मंदिर में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई । इसके लिए श्रद्धालु शुक्रवार से ही जागरण और जयंती पर सुंदरकांड पाठ, भजन कीर्तन कर और सवामणी की प्रसादी कर बालाजी को पूरजोर श्रद्धा से पूरे क्षेत्र में रिझाने का प्रयास करते नजर आये। इसी क्रम में हनुमान जयंती के मौके पर शनिवार को 4 बजे बाद आदर्श बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय से हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना और तिलकार्चन के बाद, सैंकड़ों भगवा ध्वजों की पूजा कर उन्हें बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने हाथों में थाम सीधा कर हवा में लहराया और कतार बद्ध हो गए, उनके साथ रामदरबार, दुर्गामाता, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई, भारतमाता, श्री कृष्ण भगवान और गो माता की मनमोहक और सुज्जित झांकियां



ऊँटों पर नगाड़े की आवाज,जय बजरंग बली, जय श्रीराम, भारत माता, गो माता के एक साथ सैंकडों जयकारों के उद्घोष व संगीत की धुन व आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा व जुलूस अपने गंतव्य की ओर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में रवाना हुआ। इस शोभायात्रा में दो ऊँट और पांच घोड़ियों को शामिल किया गया। यह जयंती की यात्रा श्री गोपीनाथ मंदिर के पास होते हुंए, पोस्ट ऑफिस बस स्टेण्ड, पंचायत समिति के पास होते हुए, जयपुर रोड पर आ कर फिर शाकम्भरी गेट के पास होते हुए घूमचक्कर से नई सब्जी पहुंचते हुए, चुंगी नाका 3 से मोड लेते हुए जांगिड़ मोहल्ला हो कर टिटेड़ा से मुख्य बाजरों से होती जयकारों, नगाड़ों की आवाज और डीजे संगीत की धुन के साथ जगह-जगह आतिशबाजी के साथ पुलिस की कड़ी देख रेख में देर शाम संघ कार्यालय के पास पहुंच सभा में परिवर्तित हो कर विसर्जित हो गई । शोभायात्रा शुरू होने के एक-दो घंटे पहले ही बाजार पूरी तरह से बंद हो चुके थे। कस्बे के गट्टे वाले बालाजी, तिरूपति बालाजी, बसंत बिहार बालाजी, टोड़ीमुंडा बालाजी और मेहंदीपुर बालाजी आदि मंदिरों में भी हनुमान जयंती उत्सव निर्धारित आयोजन के साथ उल्लासपूर्वक मनाया गया ।

**स्व. सुन्दर सिंह भण्डारी जन्म शताब्दी समारोह सम्पन्न**

# ‘समर्थ एवं समृद्ध भारत के मायने’ स्मृति में व्यख्यान माला आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की केन्द्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं प्रखर चिंतक गुणवन्त सिंह कोठारी ने कहा कि समर्थ एवं समृद्ध भारत के लिए देश की मिट्टी के साथ माता पुत्र का निष्ठापूर्वक सम्बन्ध जरूरी है एवं कट्टरता एवं निष्ठा में अन्तर को समझ कर हमें नये संवेदनशील भारत का निर्माण करना होगा। ये विचार उन्होने जनचेतना मंच राजस्थान की चितौड़गढ़ जिला ईकाई द्वारा मेवाड़ गौरव स्व. सुन्दर सिंह भंडारी जन्म शताब्दी आयोजन के तहत ''समर्थ एवं समृद्ध भारत के मायने'' विषय पर इन्दिरा प्रियदर्शिनी ऑडिटोरियम, में आयोजित स्मृति व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होने कहा कि आज भारतीय संस्कृति के मूल सांस्कृतिक चिन्हो को बचाये रखने व हमें अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए त्याग एवं समपर्ण भी करना होगा। उन्होने नारी सम्मान, प्रयार्वरण सरंक्षण, भारतीय चिकित्सा प्रणाली सहित विभिन्न क्षेत्रो में भारतीय दृष्टिकोण की व्यापक चर्चा करते हुए कहा कि भारत ने विश्व को मानवता का पाठ पढाया है। कट्टरता एवं निष्ठाओ में स्पष्ट अन्तर को समझ कर ही हम परिवारिक जीवन मूल्यों एवं भारतीय सनातन संस्कृति की रक्षा कर सकते है। इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि परमाणु युद्ध से विश्व को बचाना है तो भारत को आगे आना होगा। स्वच्छ लोकतंत्र में जागरूक मतदाताओं को मतदान के महत्व को समझना होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व गृहमंत्री राजस्थान गुलाबचन्द कटारिया ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र से ही सशक्त




हिन्दुस्तान की कल्पना को साकार किया जा सकता हैं एवं स्वस्थ लोकतंत्र मतदाताओं की जागरूकता से ही संभव है। उन्होने कहा कि राजनैतिक दल तो जीतने के लिए, हर संभव येन केन प्रकारेण प्रयास करेंगे लेकिन मतदाताओं के जागरूक होने पर सभी पार्टियों को भी अपना दृष्टिकोण बदलना पड़ेगा। आज भ्रष्टाचार, अलग-अलग खचीर्ले चुनाव, मतदाताओं को प्रलोभन व जन कल्याण कार्यो में समयबद्धता से पूर्ण करने का अभाव परिवारवाद की समस्या से सभी राजनैतिक पार्टियों ग्रसित हैं इसे समय रहते ठीक करने की जरूरत है।

कटारिया ने स्व. सुन्दर सिंह भण्डारी के बेदाग जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि राजनैतिक कार्यकर्ताओं को नैतिकता व ईमानदारी का पाठ सिखाने की जरूरत है। मात्र एक वोट से हार कर प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी द्वारा इस्तीफा देना, राजनीति के हिसाब से नैतिक मूल्यों का उत्कृष्ट उदाहरण है। मंच के प्रान्तीय संरक्षक एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. आई.एम. सेठिया ने अध्यक्षीय उद्बबोधन में कहा कि विचार प्रबोधन एवं सकारात्मक जनजागरण आज के समय की मांग है व मंच विगत 25 वर्षो से इस दिशा में सतत् प्रयत्नशील है। उन्होंने कायर्क्रम की प्रस्तावना भी प्रस्तुत की। मंच के प्रान्तीय अध्यक्ष हेमन्त शर्मा ने स्वागत उद्बोधन के साथ ही मंच का विस्तृत परिचय व गतिविधीयों की जानकारी दी। भण्डारी परिवार से श्वेता सेठिया ने भी विचार व्यक्त किये। अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ ही प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या व ललित ओस्तवाल, जिला प्रमुख सुरेश धाकड़, उपजिला प्रमुख भूपेन्द्र सिंह बड़ोंली, भाजपा जिलाध्यक्ष गोतम दक, एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चण्डालिया, मंच के जिलाध्यक्ष एस.के. शर्मा नगर अध्यक्ष राधेश्याम लड्ढा भी मंचासीन थे। मंच तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण सिकलीकर, जिला महामंत्री बालकिशन सोमाणी, गोविन्द सिंह पंवार, प्रान्तीय संगठन मंत्री जेपी भटनागर, नगर युवा अध्यक्ष हितेश पंवार, कोषाध्यक्ष जे.पी. सिंघल, जिला मंत्री मुकेश सुथार, प्रान्तीय महिला महामंत्री कल्याणी दीक्षित, कपासन तहसील अध्यक्ष गजेन्द्र गौड़ महेन्द्र कुमावत, कैलाश कौषल, पी.के विश्वास, पारस जैन एवं गोपाल सोनी (बेंगु) ने सभी अतिथियो का माल्यार्पण, उपरणा, शॉल से स्वागत अभिनन्दन किया। कार्यक्रम का संचालन सदस्य वन्दना वजीरानी ने किया, आभार जिला अध्यक्ष एस. के. शमा ने व्यक्त किया। कायर्क्रम में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, बद्रीलाल जाट, मेवाड़ यूनिवर्सिटी के कुलपति अशोक गदिया, उद्योगपति एस.के. नुवाल का भी माला एवं उपरणाा से अभिनन्दन किया गया।

# मुंबई की 72 फीसदी मस्जिदों ने कम की लाउड स्पीकर की आवाज

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**मुंबई।** महाराष्ट्र में लाउड स्पीकर को लेकर जारी विवाद के बीच मुंबई में मौजूद 72 फीसदी मस्जिदों ने अजान के दौरान लाउड स्पीकर की आवाज कम कर ली है। इसके अलावा कई मस्जिदों ने सुबह की अजान के लिए लाउड स्पीकर का इस्तेमाल बंद कर दिया है। मुंबई पुलिस द्वारा हाल में जारी किए गए सर्वे में ये बात सामने आई है। महाराष्ट्र पुलिस का ये सर्वे ऐसे समय पर आया है जब ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उलेमा संगठन की मुंबई शाखा ने मुंबई पुलिस से लाउड स्पीकर के इस्तेमाल को लेकर परमिशन मांगी है। संगठन ने कहा कि कुछ लोग नमाज के दौरान लाउड स्पीकर का इस्तेमाल बंद कराना चाहते हैं इसलिए उन्होंने मुंबई पुलिस से इजाजत चाहिए। संगठन ने अपने बयान में कहा है कि उन्होंने मुंबई पुलिस कमिश्नर संजय पांडे को चिट्ठी लिखकर इस मामले में जरूरी दिशानिर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उलेमा के स्टेट यूनिट प्रेसिडेंट मोईनुद्दीन अशरफ ने कहा कि मुंबई की मस्जिदें लाउड स्पीकर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पहले से ही पालन कर रही हैं। अशरफ ने मुंबई पुलिस कमिश्नर से अनुरोध किया है कि वो सभी पुलिस स्टेशनों को मस्जिद में लाउड स्पीकर के इस्तेमाल की इजाजत देने का निर्देश जारी करें।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने 2 अप्रैल को धमकी दी थी कि अगर महाराष्ट्र सरकार 3 मई तक मस्जिदों से लाउड स्पीकर हटवाने में नाकाम होती है तो



उनकी पार्टी के कार्यकर्ता नमाज के वक्त मस्जिद के सामने बड़े बड़े स्पीकरों पर हनुमान चालीसा और भजन चलाएंगे। लाउड स्पीकर विवाद के बीच नासिक पुलिस कमिश्नर दीपक पांडे ने कहा था कि कोई पार्टी या नेता अजान के 15 मिनट पहले या बाद में लाउड स्पीकर पर भजन चलाने का विचार कर रहा है तो उसे पुलिस से परमिशन लेनी होगी। उन्होंने कहा था कि इस आदेश का पालन ना करने वाले को 6 महीने की जेल होगी। महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलीप वासले पाटिल ने लाउड स्पीकर के इस्तेमाल को लेकर कहा था कि डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस और मुंबई पुलिस कमिश्नर मिलकर पब्लिक प्लेस में लाउड स्पीकर के इस्तेमाल को लेकर गाइडलाइंस बना रहे हैं जो जल्दी ही जारी की जाएगी।

# जयपुर में गली-गली केन्द्र की टीम, दावों का कर रही आंकलन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को लेकर शहर की असली परीक्षा शुरू हो गई है। सफाई की सच्चाई जांचने के लिए केंद्रीय टीम शहर में पहुंच गई। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 टीम ने मंगलवार को हैरिटेज नगर निगम के सिविल लाइन जोन के कई वार्डो में घूमकर सर्वे कार्य शुरू किया। इस दौरान जगह–जगह से फोटो लिए और लोगों से बातचीत भी की। हालांकि सर्वे पूरी तरह गुप्त रखा जा रहा है। इस बार नगर निगम अधिकारियों को भी टीम के सर्वे की जानकारी नहीं दी जा रही है। इसके अलावा जयपुर ग्रेटर निगम क्षेत्र के भी कई वार्डों में घूमकर टीम ने दौरा किया।

सर्वे के प्रथम चरण में टीम ने सफाई को लेकर लोगों से पूछताछ करने के साथ क्षेत्र में जगह–जगह घूमकर सफाई व्यवस्था के फोटो लिए। गली–मोहल्लों में सफाई, कचरा डिपो, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, डस्टबिन रखने को लेकर भी लोगों से पूछताछ की। टीम सदस्यों ने पिछले दो दिन से शहर में कई वार्डों में घूमकर सफाई व्यवस्था जांच रही है, वहीं डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को लेकर भी जानकारी जुटा रही है। इसके लिए टीम सदस्य धरातल पर पहुंच रहे है और लोगों से भी फीडबैक ले रहे है।

**दिल्ली से मिल रही लोकेशन**

**केन्द्रीय** टीम को दिल्ली से गुगल मैप के अनुसार क्षेत्र में जाने के निर्देश मिलने के बाद वार्ड में पहुंच रही है। टीम सदस्यों ने मंगलवार को हैरिटेज निगम के वार्ड 47, 48 और 52, 54 का दौरा कर सर्वे किया।

**8 से 10 सदस्यीय टीम कर रही दौरा**

**शहर** में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर आई टीम में 8 से 10 सदस्य शामिल है, ये टीम सदस्य अलग–अलग जगहों पर जाकर सफाई की सच्चाई देख रहे है।

# 323 एमबीबीएस सीटें रिक्त

**आवंटन के लिए एमसीसी नई दिल्ली का स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड का आयोजन**

**चॉइस फिलिंग एवं लॉकिंग की कल अंतिम तिथि- विद्यार्थियों को देनी होगी एक अंडरटेकिंग**

**सीट आवंटित होने पर ज्वॉइन करना अनिवार्य, अन्यथा जब्त होगी 50 हजार की सिक्योरिटी राशि**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटा।** मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) नई दिल्ली की ओर से देश की सेंट्रल यूनिवर्सिटीज, एम्स, जिप्मेर मेडिकल संस्थानों की 323 एमबीबीएस रिक्त सीटों के स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में एक नोटिफिकेशन एमसीसी नई दिल्ली की ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी किया गया है। वैकेंट सीट मैट्रिक्स के अनुसार सेंट्रल यूनिवर्सिटीज, एम्स, जिप्मेर संस्थानों में कुल 323 एमबीबीएस सीटें रिक्त हैं। एम्स दिल्ली व जोधपुर के अतिरिक्त लगभग सभी एम्स संस्थानों में रिक्त एमबीबीएस सीटों की उपलब्धता है। नोटिफिकेशन के अनुसार, पूर्व रजिस्टर्ड एवं पात्र विद्यार्थियों के लिए स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड के तहत 20 व 21 अप्रेल को चॉइस-फिलिंग एवं लॉकिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सीट आवंटन का परिणाम 23 अप्रेल को जारी किया जाएगा। सफल विद्यार्थियों को आवंटित संस्थान को रिपोर्ट करने के लिए 24 से 28 अप्रेल का समय दिया गया है।

रिपोर्टिंग की प्रक्रिया आवंटित मेडिकल संस्थान पर ही पूर्ण की जाएगी। सीट आवंटन एवं रिपोर्टिंग की प्रक्रिया तय समय में पूर्ण करने के लिए सभी संबंधित संस्थानों को शनिवार एवं रविवार को भी कार्य दिवस घोषित करने के लिए कहा गया है। स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड में सम्मिलित हो रहे विद्यार्थियों को एक अंडरटेकिंग भी देनी होगी।

इस अंडरटेकिंग के अनुसार यदि विद्यार्थी को स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड के तहत कोई एमबीबीएस सीट आवंटित की जाती है तो उसे ज्वॉइन करना अनिवार्य होगा। ज्वॉइन नहीं करने की स्थिति में विद्यार्थी की 50 हजार सिक्योरिटी राशि जब्त कर ली जाएगी। सिक्योरिटी राशि जब्त करने के अतिरिक्त विद्यार्थी पर नियमानुसार विधि सम्मत कार्रवाई का प्रावधान है।

**स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड की वेकेंट सीट मैट्रिक्स जारी**

- एम्स संस्थानों में 39 एमबीबीएस सीटें रिक्त।
- जिप्मेर कराईकाल 18 एमबीबीएस सीटें रिक्त।

**एम्स संस्थानों में उपलब्ध एमबीबीएस सीटों की स्थिति**

- जनरल कैटेगरी-12
- ओबीसी कैटेगरी-9
- ईडब्ल्यूएस- 1
- एससी कैटेगरी-8
- एसटी कैटेगरी-2
- पीडब्ल्यूडी कैटेगरी-7

# करौली, धौलपुर, चूरू में तापमान 44 डिग्री के पार, 7 जिलों में आंधी का अलर्ट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में दिन के साथ ही रात भी अब गर्म होने लगी है। मंगलवार को तीन शहरों का पारा 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। जयपुर में सोमवार रात न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जो इस सीजन में अब तक किसी शहर में नहीं रहा। पश्चिमी राजस्थान के शहरों में तेज तपन के साथ हल्की उमस से लोगों की बेचैनी बढ़ गई। दिनभर झुलसा देने वाली धूप और गर्मी से लोग परेशान रहे। सभी शहरों में आज दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ। जयपुर में सोमवार रात न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। अब तक इस सीजन में किसी भी शहर में रात इतनी गर्म नहीं रही। रात में तेज गर्मी के कारण कूलर भी फेल हो गए। वहीं दिन में भी जयपुर में अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। दिनभर गर्म हवा के थपेड़े पड़े।

# पंचायत व जिला परिषद में उपचुनाव 8 मई को

**2 जिला परिषद और 21 पंचायत समिति सदस्यों के लिए 25 अप्रैल से नामांकन**

**32 सरपंच, 40 उपसरपंच, 505 वार्ड पंच का भी होगा चुनाव**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सभी जिलों में इस साल 31 जनवरी तक खाली हुई जिला परिषद, पंचायत समिति, सरपंच और वार्ड पंचों की सीटों पर चुनाव के लिए राजस्थान निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम जारी किया है। आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 2 जिला परिषद और 21 पंचायत समिति सदस्यों के साथ ही 505 वार्ड पंच पदों पर उपचुनाव होंगे। इसके साथ ही 32 सरपंच, 40 उपसरपंच और 1 उप प्रधान के खाली पदों पर भी उपचुनाव होंगे। आयोग के जारी शेड्यूल के मुताबिक जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्य और सरपंच, वार्ड पंच के लिए नामांकन की प्रक्रिया 25 अप्रैल से शुरू होगी, जबकि वोटिंग 8 मई को होगी। जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्य के वोटों की काउंटिंग अगले दिन यानी 9 मई को जिला मुख्यालय व पंचायत समिति मुख्यालय पर होगी।

ANCHOR | **इंडिया-स्वीडन हेल्थकेयर इनोवेशन सेंटर**

# डायबिटीज मैनेजमेंट में नर्सेज के अपस्किलिंग कार्यक्रम शुरु

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** स्वीडिश ट्रेड कमिश्नर ऑफिस, एम्स नई दिल्ली और एम्स जोधपुर के बीच साझेदारी के साथ गठित इंडिया-स्वीडन हेल्थकेयर इनोवेशन सेंटर ने ‘स्किल फॉर स्केल’ प्रोग्राम की शुरुआत की है। यह एक ऐसी ई-लर्निंग पहल है, जिसके माध्यम से नर्सेज को व्यावहारिक ज्ञान से लैस करने की तैयारी की गई है, ताकि वे गैर-संचारी रोगों के प्रबंधन के लिए रोगियों की देखभाल से संबंधित नवीनतम तरीकों को अपना सकें। इससे देश भर के नर्सेज को निःशुल्क पंजीकरण करने और अपनी सुविधा के अनुसार सीखने का अवसर मिलेगा।

पहले चरण में डायबिटीज मैनेजमेंट, इस रोग की रोकथाम और इससे संबंधित जागरूकता पर ध्यान केंद्रित रहेगा। इस कार्यक्रम की सामग्री और मॉड्यूल का निर्माण एम्स जोधपुर के विशेषज्ञों की टीम और एम्स दिल्ली, आईसीएमआर, स्वास्थ्य विज्ञान महानिदेशालय (डीजीएचएस), भारतीय नर्सिंग परिषद (आईएनसी) और एस्ट्राजेनेका के प्रतिनिधियों के साथ एक सलाहकार बोर्ड ने किया।




**गैर-संचारी रोग आज भी सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी एक महत्वपूर्ण समस्या- डॉ. मिश्रा**

**पहले** वर्ष में 5000 नर्सों को लक्षित करने वाले अपस्किलिंग कार्यक्रम की आवश्यकता के बारे में जानकारी देते हुए एम्स जोधपुर के डायरेक्टर डॉ संजीव मिश्रा ने कहा कि हमारे देश में गैर-संचारी रोग आज भी सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी एक महत्वपूर्ण समस्या बने हुए हैं और मृत्यु दर और रुग्णता के अनुपात के लिए जिम्मेदार माने जाते हैं। वर्तमान दौर की जरूरत को समझते हुए इंडिया-स्वीडन हेल्थकेयर इनोवेशन सेंटर ने एक ऑन्कोलॉजी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी बनाया है। एम्स जोधपुर परिसर में आने वाले सभी कैंसर रोगियों को समर्पित पोषण विशेषज्ञ, मनोवैज्ञानिक, फिजियोथेरेपिस्ट और पेलिएटिव काउंसलर्स से परामर्श प्राप्त होगा।

**कई कैंसर रोगी बीच में उपचार छोड़ रहे**

**एस्ट्राजेनेका** इंडिया के वीपी मेडिकल अफेयर्स एंड रेगुलेटरी डॉ अनिल कुकरेजा ने कहा कि देश में कैंसर रोगियों की संख्या बहुत अधिक है, वहां औसतन लगभग 40 प्रतिशत रोगी ऐसे भी हैं जो बीच में उपचार छोड़ देते हैं। उपचार जारी रखने के लिए मरीजों को कॉम्प्रीहेसिव पेलिएटिव, पोषण, पुनर्वास और मनोवैज्ञानिक सहायता की आवश्यकता होती है। लाइव सीओई के माध्यम से देखभाल का यह मॉडल देश का पहला और एक अच्छा मॉडल है, जिसे जोधपुर में लांच होने के पिछले छह महीनों में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। जहां 50 प्रतिशत की विजिट रेट के साथ लगभग 6000 परामर्श सत्र आयोजित किए गए हैं। कॉलेज ऑफ नर्सिंग एम्स जोधपुर के प्रिंसिपल प्रो सुरेश के शर्मा के नेतृत्व में गठित एक सलाहकार समिति के निर्देशन में यह पहल जारी रहेगी। सलाहकार समिति में एम्स दिल्ली, एम्स जोधपुर, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस), इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर), यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज (यूसीएमएस), इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी), एस्ट्राजेनेका इंडिया और बिजनेस स्वीडन के प्रमुख लोग शामिल हैं।

# गहलोत बोले- एमपी-यूपी में निर्दोषों पर बुलडोजर चले

## कहा- चुनाव में फायदा उठाने के लिए करौली दंगे के मुद्दे को लंबा खींच रही बीजेपी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यूपी-एमपी में दंगा आरोपियों पर बुलडोजर चलाने पर निशाना साधा हैं। गहलोत ने बीजेपी सरकारों पर निर्दोष लोगों पर बुलडोजर चलाने का आरोप लगाया है। इंटक (इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस) की प्रदेश कार्यसमिति बैठक में गहलोत ने कहा- करौली में बिना मतलब दंगे हो गए। ये लोग जान-बूझकर उसे लंबा खींच रहे हैं। इनको समझ में नहीं आ रहा कि इनके शासित राज्यों में बुलडोजर चल रहे हैं। यूपी-एमपी में निर्दोष लोगों पर बुलडोजर चल रहे हैं। उनकी परवाह नहीं है। यहां राजनीति कर रहे हैं। गहलोत ने कहा- यह 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले की तैयारी शुरू हो गई है, इसलिए ये लोग जानबूझकर इस तरह का माहौल बना रहे हैं। यह खतरनाक माहौल है। आज धर्म के नाम पर राजनीति की जा रही है। हिंदू-मुस्लिम करके चुनाव जीतना चाहो, वह आसान काम है। बीजेपी के लोग नोन इश्यू को इश्यू बना रहे हैं और इश्यू को नोन इश्यू में बदल रहे हैं।

### सत्ता में बैठे लोगों का लोकतंत्र में यकीन नहीं

सीएम ने कहा- अभी देश में खतरनाक माहौल है। हिंसा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। आज देश में क्या हो रहा है? सत्ता में बैठे लोग लोकतंत्र के नाम पर जीतकर तो आ गए, लेकिन उनका लोकतंत्र में कोई यकीन नहीं है। हिंसा करने वाले असामाजिक तत्व हैं। प्रधानमंत्री को आगे बढ़कर यह कहना चाहिए। सोनिया गांधी ने भी लेख लिखकर यही सुझाव दिया है। ये लोग जान-बूझकर खतरनाक माहौल बना रहे हैं। जब सब शांति से रहेंगे तभी देश में विकास होगा और देश एक व अखंड रहेगा।

### चुनाव जीतना ही सब कुछ है क्या?

गहलोत ने कहा- हमारे नेताओं ने देश को एक और अखंड रखने के लिए कुर्बानियां दी हैं। हिंदू-मुस्लिम के नाम पर झगड़े करवाकर चुनाव जीतना आसान है, लेकिन चुनाव जीतना ही सब कुछ होता है क्या? इसके अलावा भी बहुत कुछ होता है। विचारधारा के आधार पर कॉम्पिटिशन करें कि कौन देशहित में जल्दी अच्छी पॉलिसी बनाता है? इस पर बहस होनी चाहिए। इसकी जगह धर्म के नाम पर नोन इश्यू को इश्यू बनाकर राजनीति हो रही है।

### नेताओं के बीच सुरक्षाकर्मी आया तो सीएम ने हटाया

गहलोत आज सिविल लाइंस में इंटक की प्रदेश कार्यसमिति में पहुंचे थे। कार्यऋ म में पहुंचते ही इंटक पदाधिकारी स्वागत करने पहुंचे, पदाधिकारी माला पहना रहे थे, उसी समय सीएम सिक्योरिटी का सुरक्षाकर्मी सामने आ गया, गहलोत ने सुरक्षाकर्मी को तुरंत सामने से हटाया।

**जैन समाज ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत**

# गहलोत ने जैन मुनि हीराचंद महाराज से लिया आर्शीवाद



**पीपाड़ शहर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने निर्धारित कार्यक्रम के बाद अचानक बने कार्यक्रम के अनुसार आज सुबह जैन समाज के स्वाध्याय भवन पीपाड़ पहुंचे। जहां उन्होंने जैन मुनि हीराचंद महाराज और भावी आचार्य महेंद्र मुनि से आशीर्वाद लिया। गहलोत ने जैन मुनि की कुशलक्षेम पूछी और कहां की धन्य है पीपाड़ शहर की धरा जो इतने महान संतों का यहां सानिध्य बना हुआ है गत दिनों पीपाड़ शहर के इतिहास में पहली बार 13 दीक्षार्थियों ने एक साथ ली दीक्षा। इस पर भी गहलोत ने आयोजन समिती को बधाई दी। प्रचार-प्रसार मंत्री सचिन मुथा ने बताया की उसके पश्चात जैन रत्न हितेशी श्रावक संघ ओर जैन रत्न हितेशी युवक परिषद के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुष्प गुच्छ भेंटकर साफा और माला पहनाकर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान श्रेनिकराज कटारिया, धनेंद्र चोधरी, सचिन मुथा, मनोज मुथा, सम्पतराज मुथा, महेंद्र बोहरा, बुधमल बोहरा, मदनराज कटारिया, परेश मुथा,अक्षय जैन,अखिल लुनावत,प्रीत कटारिया,राजेंद्र मुथा,कार्तिक बोहरा सहित कई जैन समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# बीवीजी कंपनी से छिनेगा सफाई का काम

## जयपुर ग्रेटर नगर निगम में जोनवार अलग-अलग फर्म को सफाई का ठेका देने की तैयारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** डोर टू डोर कचरा कलेक्शन अब जयपुर नगर निगम ग्रेटर अपने स्तर पर शुरू करवाएगा। इसके लिए निगम अलग-अलग जोन एरिया में अलग-अलग टेंडर करके सफाई व्यवस्था का ठेके पर देगा, ताकि एक कंपनी के काम बंद करने या हड़ताल पर जाने से पूरे जयपुर शहर को परेशानी न उठानी पड़े। अभी एक ही कंपनी (बीवीजी) के पास पूरा ठेका है। कई बार कंपनी के कर्मचारी जब हड़ताल कर देते हैं। इससे पूरा जयपुर शहर परेशान होता है। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया है, जिसे आज साधारण सभा में रखा जाएगा। अगर ये प्रस्ताव पास होता है तो यह तय है कि अगले महीने से बीवीजी कंपनी हट जाएगी। बीवीजी फर्म ही जयपुर में अभी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और शहर की मुख्य सड़कों से कचरा उठाने का काम है, लेकिन पिछले एक-दो साल में कपंनी के कर्मचारियों ने हर 2-3 महीने के अंतराल में हड़ताल कर देते थे, जिसका असर पूरे जयपुर शहर पर पड़ता था। पूरे जयपुर शहर में हड़ताल के कारण 3-4 दिन तक सफाई व्यवस्था ठप हो जाती थी। इससे न केवल शहर गंद दिखने लगता, बल्कि जनता को भी परेशान होती थी। इतना ही नहीं वर्तमान में कंपनी की गाड़ियां भी टाइम पर कचरा कलेक्शन के लिए गलियों-मोहल्लों में नहीं पहुंच पाती। इसकी सैंकड़ों शिकायत भी हो चुकी है, लेकिन कोई असर नहीं हुआ।




### छोटे-छोटे लेवल पर दे रखा है ठेका

वर्तमान में बीवीजी कंपनी ने अपने काम को छोटे-छोटे स्तर पर सबलेट कर रखा है। कंपनी ने 1100 रुपए से 1200 रुपए मीट्रिक टन के हिसाब से कचरा उठाने का काम यहां के छोटे-छोटे वैंडर्स को दे रखा है, जबकि कंपनी खुद नगर निगम से 1800 मीट्रिक टन की दर से पैसा लेती है। कंपनी ने वर्तमान में जयपुर में डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए करीब 320 गाड़ियां (हूपर) लगा रखे है, जो 150 वार्डो में कचरा कलेक्शन करती है। यानी हर वार्ड में 2 गाड़ियां भी पूरी तरह कचरा उठाने के लिए नहीं लगा रखी।

### हर रोज 1200 मीट्रिक टन निकलता है कचरा


जयपुर ग्रेटर एरिया में हर रोज औसतन 1200 मीट्रिक टन कचरा निकलता है, जो घर-घर से संग्रहण करने के अलावा बाजारों से निकलता है। इस कचरे को घरों से लेकर कचरा ट्रांसफर स्टेशन और वहां से डंपिंग यार्ड तक पहुंचाया जाता है। इसके अलावा ओपन डिपो और मुख्य सड़कों से कचरा उठाने का काम भी बीवीजी के जिम्मे है।

### हैरिटेज के बाद अब ग्रेटर से भी आउट होगी कंपनी

**नगर** निगम की आज साधारण सभा में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो बीवीजी कंपनी ग्रेटर से भी बाहर हो जाएगी। इससे पिछले साल दिसंबर में नगर निगम हैरिटेज ने बीवीजी कंपनी से कॉन्ट्रेक्ट खत्म करके सफाई व्यवस्था को अपने हाथ में ली थी। हैरिटेज क्षेत्र के 5 जोन एरिया में अलग-अलग टेण्डर करके डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करवाया जा रहा है।

**रीट पेपर लीक मामला**

# मुझे भरोसा ईडी सांप की मां को पकड़ेगी- किरोड़ीलाल



# गर्दन काटने को जल्लाद भी ले आए- खाचरियावास



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रीट परीक्षा पेपर लीक मामले का केस एनफोर्समेंट डायरेक्ट्रेट (ED) में दर्ज होने के बाद बीजे्पी सांसद डॉ किरोड़ीलाल मीणा ने कहा है कि पहले यह घोटाला 400-500 करोड़ का लगता था। अब लगता है कि 1000 से 1200 करोड़ रुपए की राशि इकट्ठा की गई है। पेपर लीक माफिया इसमें इनवॉल्व है। राजस्थान के नौजवानों को खुले में लूटा गया है। जिसके सबूत मैं मीडिया और ईडी दोनों को दे चुका हूँ। डॉ किरोड़ीलाल ने कहा कहावत है सांप को क्या मारो, सांप की मां को मारो। सरकार सांपों को मार रही है उससे काम नहीं चलने वाला है। सांप की मां को सरकार ने नहीं पकड़ा है। मुझे भरोसा है कि ईडी उसे पकड़ेगी और मजबूत कार्यवाही करेगी।

डॉ किरोड़ीलाल ने कहा इसमें कोई राजनीतिक फायदा उठाने वाली बात नहीं है। ईडी में ज्यादा दखल भी नहीं डाल सकते हैं। उसकी ओर से हमसे कोई सबूत मांगे जाएंगे। तो बेरोजगार बच्चों के पास सबूत हैं। हम उन अभ्यर्थियों से कहेंगे कि ईडी को ज्यादा से ज्यादा सबूत दें, ताकि अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही हो। मुझे तो लगता है जैसे महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक बैठे हैं, वैसे ही ज्यादातर आरोपी लोग जेल की हवा खाएंगे।

### विधानसभा सत्र के दौरान फेल हो चुके आरोप

मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने पलटवार करते हुए कहा राजस्थान विधानसभा सदन में पिछले दिनों बजट सत्र की कार्यवाही के वक्त भी बीजेपी ने रीट पेपर लीक के आरोप लगाए थे। लेकिन विधानसभा के बाहर जो आरोप बीजेपी विधायक लगा रहे थे,वो विधानसभा के अंदर नहीं लगा पा रहे थे। आज रीट के मामले में हमारे जिन दो नेताओं (गोविंद सिंह डोटासरा और डॉ सुभाष गर्ग) के नाम लिए जा रहे हैं, वो अपना जवाब दे चुके हैं। वो कहीं भाग नहीं रहे हैं। मैं खुद राजस्थान सरकार की ओर से जवाब दे रहा हूँ। ऐसा कोई डर नहीं है। हम इससे घबराने या डरने वाले नहीं हैं। जहां तक हमारे नेताओं पर चार्ज लगाने की बात है,वो चार्ज विधानसभा सत्र के दौरान ही फेल हो चुके हैं। 1200 करोड़ रुपए के लेनदेन के आरोपों पर खाचरियावास ने कहा विधानसभा के दौरान मैंने कहा था कि सारे सुबूत बीजेपी को टेबल करने चाहिए। अभी भी कोई सबूत है तो बीजेपी लेकर आ जाए। लेकिन अब माहौल बनाने, खबर बनाने, सस्पेंस पैदा करने और राजनीतिक वार क्रिएट करने के लिए ईडी,इनकम टैक्स, सीबीआई ले आएं और गर्दन काटने के लिए कोई जल्लाद बाकी है तो उसे भी ले आएं। खाचरियावास ने कहा ईडी अगर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को बुलाएगी, तो हम इस बारे में बात करेंगे। अभी तक यह जानकारी आई है कि ईडी ने राजनीतिक प्रेशर में आकर मुकदमा दर्ज किया है। उससे एक बात साबित हो गई कि राजस्थान का बीजेपी नेतृत्व फेल हो गया। तब केन्द्र के बीजेपी नेतृत्व ने बीच में आकर ईडी को मैदान में उतारा है। हमारे प्रदेशाध्यक्ष को जब बुलाएंगे तो हम जवाब देंगे। इस मामले में हमारा प्रदेशाध्यक्ष कहीं भी इनवॉल्व नहीं है।

**ईमानदारी की मिसाल**

# नौ साल के बच्चे ने सड़क पर मिली सोने की चैन लौटाई ग्रामीणों ने किया सम्मानित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**सरनाऊ।** अगर आपको लगता है कि आज के दौर में ईमानदारी खत्म ?हो गई है तो यह कहानी पढ़ कर जरूर आप खुद की ये सोच बदल लेंगे। जी हां, आज के दौर में भी कुछ एसे लोग है जो ईमानदारी और इंसानियत को बचाए हुए हैं। ?हम बात कर रहे हैं मात्र 9 साल के सरकारी विद्यालय के छात्र की, जिन्होंने सड़क पर मिली सोने की चैन करीबन 60,000 राशि की, जिसको अपने मालिक को सुपुर्द कर नई मिसाल कायम की है। आज के समय में जहां हर जगह लालची लोग देखने को मिलते है,वहीं सरनाऊ पंचायत समिति भाटी गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय भाटीप गांव तलिया स्कूल के एक नौ साल के बच्चे ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है।

दरअसल करड़ा क्षेत्र के कोड़का गांव में 9 साल के बच्चे ने 12 ग्राम की सोने की चैन को लौटाकर ईमानदारी का नमूना पेश किया है। बालक राजकीय प्राथमिक विद्यालय भाटीप गांव तलिया में चौथी कक्षा का छात्र है। जिसके बाद प्रधानाध्यापक सहित चैन के मालिक ने आभार जताकर बच्चे को सम्मानित किया है। बता दें कि हितेश कुमार पुत्र रतनाराम देवासी कोड़का को अपने घर के गेट के सामने सड़क पर 12 ग्राम सोने की चैन मिली ।चैन को उसने अपने पिताजी को सौंप दी। बाद में अपने चाचा के साथ स्कूल में जाकर प्रधानाध्यापक जोगाराम पंचाल को पूरी बात में बताई। बालक सहित पूरे परिवार की ईमानदारी पर स्कूल का पूरा स्टॉफ भी अचम्भित हुआ। बच्चे और परिवार की ईमानदारी को देखकर प्रधानाध्यापक ने इस संदेश को सोशल मीडिया ग्रुप में शेयर किया। जिसके बाद चैन के मूल मालिक किशनाराम पुत्र रामाजी जाट सियोल भाटीप को जानकारी मिलने पर उन्होंने संस्था प्रधान जोगाराम से सम्पर्क किया। उसने बताया कि कोड़का जाते समय सड़क पर उसकी सोने की चैन गिर गई थी। उसने बताया कि इस घटना को लेकर उसने ग्रुप में संदेश भी जारी किया था। प्रधानाध्यापक ने क्रॉस वेरिफिकेशन व पूछताछ कर पाया कि चैन का मूल मालिक किशनाराम ही है। तब ग्रामीणों को सूचित कर उनकी मौजूदगी में आज मंगलवार को चैन किशनाराम जाट को सुपूर्द की। बालक व उसके परिवार की ईमानदारी को देखते हुए बतौर इनाम के रूप में 11 सौ रूपए बालक को एवं अभिभावक के साफा व माला से सम्मानित किया गया। इस मौके पर सरपंच हरदान डारा,राजेन्द्र कड़वासरा, संस्था प्रधान जोगाराम पंचाल,रायचंद राम, वार्ड पंच सकाराम भील,भामाशाह बाबू लाल दर्जी,सहित कई ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# जयपुर की प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग: अंदर खड़ी 2 गाड़ियां भी जलकर कबाड़ में बदली, 55 लाख का नुकसान

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मंगलवार सुबह एक प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। सूचना पर विश्वकर्मा फायर स्टेशन से दमकल की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंची। 1 घंटे में आग पर काबू पाया गया। तब तक 55 लाख रुपए के माल का नुकसान हो चुका था। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगना सामने आया है। घटना मुरलीपुरा इलाके में स्थित फैक्ट्री की है। विश्वकर्मा फायर स्टेशन प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि दादी का फाटक निवासी आशा देवी की नीलगिरी कॉलोनी कुकरखेड़ा में प्लास्टिक फैक्ट्री है। फैक्ट्री में प्लास्टिक कट्टे बनाने का काम किया जाता है। सुबह करीब 4:45 बजे अचानक बंद फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। फैक्ट्री से आग की भीषण लपटें उठने लगी। आग को देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकलकर्मियों को सूचना दी। सूचना पर दमकल की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंची। 6 दमकलों ने 2-2 फेरे लगाकर एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**27000 ग्राम पंचायत सहायकों को नियमित करने की मांग**

# पंचायत सहायक संघ पीपाड़ शहर ब्लॉक की कार्यकारिणी ने गहलोत को सौंपा ज्ञापन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़ शहर।** पीपाड़ शहर दौरे पर आए प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पंचायत सहायकों ने ज्ञापन देकर अवगत कराया कि पंचायत सहायकों का कहना है कि उन्होंने 14 साल तक सरकार को अपनी सेवाएं दी हैं और पिछले चार साल से नियमित किए जाने की मांग कर रहे हैं। विधानसभा घेराव के दौरान भी दो बात पर सहमति बनी जिसको लेकर काफी माह बीतने पर भी कोई ठोस जवाब नहीं आया। ज्ञापन में कहा कि जो नवसृजित नगरपालिका बनी है वहां से बाहर हुए सभी सहायकों को पंचायतों में नई जगह पुनः जॉइनिंग दी जाए।

### वादा भूली सरकार

महिला प्रकोष्ठ की पीपाड़ शहर प्रमुख सुमन देवड़ा ने बताया कि गौरतलब है कि कांग्रेस सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में ग्राम पंचायत सहायकों को नियमित करने का वादा किया था। सरकार ने अब तक अपना वादा पूरा नहीं किया। 22 पंचायक सहायकों की मौत हुई है प्रवक्ता मेहरा ने कहा कि वर्तमान में ग्राम पंचायत सहायक बीते 14 वर्षों से वर्ष 2007 से 6600 ( वर्तमान में 7920 ) के मासिक मानदेय पर पंचायत और स्कूलों में कोरोना वॉरियर्स के रूप में कार्य कर रहे हैं, वह भी नाम मात्र वेतन में। उन्हें ना कोई अतिरिक्त यात्रा भत्ता मिलता है ना ही कोई सुविधा। प्रदेश के पंचायत सहायक कोविड महामारी में चेक पोस्ट सर्वे आइसोलेशन कक्ष के बाहर निगरानी दल के रूप में कंट्रोल रूम में सर्वे दल के रूप में और वैक्सीनेशन की कार्य में अपनी पूर्ण भूमिका निभा रहा था। अब तक 22 ग्राम पंचायत सहायक ड्यूटी देते वक्त इस महामारी की चपेट में आकर अपनी जिंदगी को चुके हैं। राज्य सरकार जल्द ग्राम पंचायत सहायकों के नियमितीकरण को लेकर फैसला नहीं करती है अभी तो प्रदेश के 27000 ग्राम पंचायत सहायक जयपुर में एक महाआंदोलन के साथ राज्य सरकार से आमना सामना करेंगे है, जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। इस दौरान सीमा शर्मा, बेबी, पिंकी धर्मपाल महेश खोजा, सीताराम, राधेश्याम, दिनेश सैन, नरपत राम रामदेव सारण, कैलाश राम सहित कई पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

# देशभर में कुपोषण से निपटने के लिए जीवनदायनी बनी राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना: अल्का गुर्जर

**जयपुर @ जागरूक जनता।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि, केन्द्र सरकार द्वारा कुपोषण से निपटने के लिए 8 मार्च 2018 को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। अल्का गुर्जर ने कहा कि, पोषण अभियान गरीब क्षेत्रों में बच्चों, महिलाओं और गर्भवती माताओं के पोषण को सुनिश्चित करने पर केन्द्रित है, कुपोषण, अल्पपोषण, एनीमिया और जन्म के समय कम वजन को प्रतिवर्ष कम करना है और एनीमिया मुक्त भारत हो इसकी शुरूआत हमने की है। 2021-22 के अंतर्गत इस राष्ट्रीय पोषन मिशन के तहत लगभग 2 करोड़ रूपये खर्च हो चुके है। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत एनीमिया की जांच और उपचार प्रत्येक माह की 9 तारीख को, गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित डिलिवरी, स्तनपान एवं अच्छा पोषण देने के लिए 5000 हजार रूपये दिए जाते है। साथ ही अल्का गुर्जर ने बताया कि, कोरोना के दौरान भी बच्चों के पोषण की चिंता करते हुए नरेन्द मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के साथ ही मिड डे मील कार्यक्रम को समावेशित किया।

**ANCHOR** | **मीडिया को रखा दूर**

# अजीज मित्र को श्रद्धांजलि देने दूसरे गृह नगर पीपाड़ शहर पहुंचे मुख्यमंत्री गहलोत

## सहपाठी और मित्र काशीराम विश्नोई, श्रीवल्लभ, सत्यनारायण शर्मा को याद कर हुए भावुक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को लम्बे समय बाद अपने दूसरे गृह नगर पीपाड़ शहर व तिलवासनी गांव पहुंचे। हेलीपैड पर वरिष्ठ नेताओ व कार्यकर्ताओं ने गहलोत का स्वागत किया। मुख्यमंत्री पहले गांव तिलवासनी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता काशीराम विश्नोई की शोक सभा मे पहुंचे। विश्नोई के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय काशीराम के पुत्र राजीव विश्नोई के साथ परिजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाया। काशीराम विश्नोई मुख्यमंत्री के अजीज मित्रों में से एक थे। संघर्ष के साथी यूं अचानक चले जाने से मुख्यमंत्री गमगीन दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि मेरे लिए काशीराम का निधन खुद के लिए ओर पार्टी के लिए एक क्षति है। राजनीतिक जीवन में सबसे बड़े शुभ चिंतक व मित्र थे। अपने जीवनयापन की शुरुआत के दिनों में 50 वर्ष पूर्व पीपाड़ शहर में खाद बीज की दुकान लगाई थी। इसमें काशीराम उनके साथ थे।



सहपाठी सत्यनारायण शर्मा और श्रीवल्लभ को दी श्रद्धांजलि।

तिलवासनी के बाद हेलीकॉप्टर से पीपाड़ शहर पहुंचे गहलोत हेलीपैड से सड़क मार्ग से काफिले के साथ वहीं उन्होंने स्कूली दिनों के सहपाठी रहे स्वर्गीय सत्यनारायण शर्मा और कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ के पिता स्वर्गीय श्री वल्लभ को भी याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कुछ महीनों पूर्व सत्यनारायण शर्मा का भी निधन हो गया था। सत्यनारायण शर्मा और श्रीवल्लभ भी मुख्यमंत्री के अजीज मित्रों में से थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीपाड़ मेरा दूसरा घर है जहां मैंने अपने कैरियर की शुरुआत की थी आज दोबारा अपनों के बीच आकर दुख सुख का भागी बना हूं। पुरानी यादें तरोताजा हो गई। मुख्यमंत्री ने भावभीनी शब्दों में शर्मा की पत्नी सविता दायमा को और उनके पुत्र शैलेश दाधीच पुत्र वधू सोनिया, पुत्री एडवोकेट शालिनी,शैलजा शर्मा, अभिनेत्री श्वेता दाधीच सहित परिवार के सदस्यों को ढाढ़स बंधाया और भावुक होकर गहलोत ने कहा की संघर्ष के दिनों के साथी बिछड़ गए।

### मीडिया पर रोक, कुछ नेताओं ने अभिनेता बनकर ली एंट्री।

सीएम के कार्यक्रम की कवरेज करने पहुंचे मीडियाकर्मियों को सुरक्षा घेरे ने बाहर ही रोक दिया। मीडियाकर्मियों ने नजदीक जाने की बात कही तो सुरक्षा कर्मी सहित बड़े अधिकारी उनसे उलझ गए। कहा कि यहां मीडियाकर्मियों को कोई न्यौता नहीं दिया गया है। एसपी के निर्देश पर मीडियाकर्मियों को श्रद्धांजलि सभा से दूर कर दिया गया। लेकिन सभास्थल और हेलीपैड पर मौजूद कांग्रेस के नेता और प्रतिनिधियों सहित कई आसपास के ग्रामीण सरपंचों को अपने पद का हवाला देने पर भी ज्ञापन देने से रोक दिया गया। पीपाड़ शहर हेलीपैड स्थल से बाहर कई कांग्रेस नेताओं ने जमकर पुलिस प्रशासन और उपखंड अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी कर नाराजगी जाहिर की, कुछ नेताओं ने अभिनेता बनकर हेलीपैड पर एंट्री ली और अपने मोबाइल से जम कर सीएम के साथ सेल्फी भी ली। लेकिन कांग्रेस नेताओं को मौके पर रोकने की हिम्मत पुलिस प्रशासन के सिपाही और आला अधिकारी नहीं झूठा सके।

### पुलिस छावनी बना पीपाड़ शहर

सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन की पुख्ता व्यवस्था रही। दोनों के निवास पर शोक व्यक्त करने वालों की भीड़ रही। डीआईजी हरेंद्र महावर, कलेक्टर हिमांशु गुप्ता व पुलिस अधीक्षक अनिल कयाल लगातार मॉनिटरिंग कर रहे थे। सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं में एडिशनल एसपी ग्रामीण सुनील के पवार, बिलाड़ा सीओ भूपेंद्र सिंह शेखावत, एसडीएम दुदाराम, तहसीलदार वीरेंद्र सिंह शेखावत, अधिशासी अधिकारी सुरेश चंद शर्मा, पीपाड़ शहर थाना अधिकारी लक्ष्मण राम जाखड़ सहित आसपास थानों के थानाधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

### शोक व्यक्त करने पहुंचे कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता।

इस अवसर पर राज्य मंत्री राजेंद्र सोलंकी, पूर्व पाली सांसद बद्रीराम जाखड़, बिलाड़ा विधायक हीरालाल मेघवाल, लोहावट विधायक किशनाराम विश्नोई, महापौर कुंती देवड़ा, जोधपुर सरपंच संघ अध्यक्ष प्रमिला चौधरी, पीपाड़ प्रधान सोनिया चौधरी, पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच पीपाड़ नगर पालिका अध्यक्ष समुदेवी सांखला, पार्षद, सरपंच सहित कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा उनके समाज के लोगों के आने का सिलसिला जारी रहा।